



विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 72 अंक 220 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 09 मई, 2025
वैशाख शुक्ल पक्ष 12, विक्रम संवत् 2082
नगर ■■ मूल्य 5 रुपए


# ना-पाक मंसूबे नाकाम

## गुरुवार रात पाकिस्तान की ओर से जम्मू, पंजाब और राजस्थान में ड्रोन और मिसाइलों से किए गए हमले विफल, भारत ने लाहौर, इस्लामाबाद समेत कई शहरों पर दागीं मिसाइलें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत ने अपने एयर डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह अलर्ट पर रख दिया है। गुरुवार को देर रात पाकिस्तान की ओर से जम्मू, पंजाब, राजस्थान के कई शहरों पर ड्रोन और मिसाइलों से अटैक किया गया। इसे भारतीय डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया है। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान के लाहौर, इस्लामाबाद और कई अन्य शहरों पर मिसाइलों से हमला किया है। अटैक के चलते जम्मू और पंजाब के पठानकोट में ब्लैकआउट घोषित कर दिया गया है। संभावित खतरे को देखते हुए समूचे सीमावर्ती इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई है। भारतीय वायुसेना, थल सेना और खुफिया एजेंसियों को चौकन्ना रहने के निर्देश दिए गए हैं। भारत की जवाबी के बाद पाकिस्तान में अफरातफरी मच गई है। पाकिस्तान ने लाहौर और कराची एयरपोर्ट को बंद कर दिया है। कराची पोर्ट पर भी अलर्ट जारी किया गया है और मछुआरों को समुद्र से दूर रहने की सलाह दी गई है। पाकिस्तान की एयर डिफेंस व्यवस्था को भारतीय ड्रोन हमले ने बुरी तरह प्रभावित किया है।



### गोलाबारी के बाद सीमावर्ती भारतीय गांवों में लोग लौटे घर

राजौरी और पुंछ जैसे सीमावर्ती जिलों में पाकिस्तान की गोलाबारी के बाद लोगों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था। अब हालात कुछ सामान्य होने के बाद लोग धीरे-धीरे अपने घरों को लौट रहे हैं। हालांकि प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क बनी हुई हैं।

### पंजाब और चंडीगढ़ में की गई आपात स्थिति की तैयारी

पंजाब पुलिस ने सभी पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। चंडीगढ़ में भी चिकित्सा आपातकाल जैसी तैयारी की गई है। सभी मेडिकल स्टाफ को 24 घंटे ड्यूटी के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश की अवहेलना करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### गुरुद्वारे पर हमले को वैश्विक मंच पर ले जाएंगे

पाकिस्तान में एक सिख गुरुद्वारे पर हमले की खबर ने भारत को झकझोर दिया है। सात मई के हमलों के बाद इसकी तस्वीरें आई थीं। इस हमले में तीन लोगों की मौत हुई है। विदेश सचिव ने इसे सिख समुदाय पर सीधा हमला बताते हुए पाकिस्तान की कड़ी निंदा की है। साथ ही इस घटना को भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाने की बात कही है।

### पाकिस्तान में डर, भारतीय कार्रवाई से मची खलबली

भारत की सैन्य कार्रवाई के बाद पाकिस्तान में भय और भ्रम की स्थिति है। लाहौर में लगातार धमाकों की खबरें सामने आई हैं। पाकिस्तान के कई शहरों में रात भर ड्रोन हमले और धमाके हुए। कराची और लाहौर पर हमलों ने पाक की सैन्य तैयारी की पोल खोल दी है।



## आतंक के खिलाफ सरकार-विपक्ष एकमत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पाकिस्तान और पीओके में भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' पर गुरुवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सभी राजनीतिक दलों को ऑपरेशन से जुड़ी स्थिति की जानकारी दी। राजनाथ सिंह ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, यह अभियान अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि बॉर्डर पर हालात तेजी से बदल रहे हैं। इसलिए फिलहाल सभी जानकारियां साझा नहीं की जा सकतीं। रक्षामंत्री ने यह भी संकेत दिया कि सुरक्षा कारणों से कई जानकारियां गोपनीय रखी जा रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, संकट के समय में हम सरकार के साथ हैं। इस बैठक की अध्यक्षता राजनाथ सिंह ने की थी और बैठक में उन्होंने सभी को ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। वहीं विपक्ष ने एक सुर में आतंकवाद के खिलाफ की गई सरकार की कार्रवाई का समर्थन किया।

'आज सर्वदलीय बैठक बहुत अच्छी से हुई है। गंभीर विषय था इसलिए सभी नेताओं ने गंभीरता से अपने बात को रखा है। ऑपरेशन सिंदूर जारी रहेगा। सभी नेताओं ने सेनाओं को बधाई भी दी। सभी ने कहा कि हम एकजूटता से सरकार का साथ देंगे और सेना के हर कार्रवाई में साथ देंगे।'

**किरेन रिजिजू,** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री

हमने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है। जैसा कि मल्लिकार्जुन खरगे जी ने कहा, कि उन्होंने (सरकार ने) कहा कि कुछ चीजें ऐसी हैं जिन पर हम चर्चा नहीं करना चाहते...सबने सपोर्ट किया है।

**राहुल गांधी,** नेता प्रतिपक्ष

## तनाव के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने की मध्यस्थता की पेशकश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव ने वैश्विक समुदाय को चिंतित कर दिया है। दोनों परमाणु संपन्न देशों के बीच बढ़ती शत्रुता के बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मध्यस्थता की पेशकश की है। उन्होंने कहा, 'मैं चाहता हूं कि वे अब रुक जाएं,' और दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने में मदद करने की इच्छा व्यक्त की।

इस बीच, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी कि भारत के हमलों का 'स्पष्ट और वर्तमान' खतरा



है, और पाकिस्तान आवश्यकतानुसार जवाब देगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने दोनों देशों से संयम बरतने और तत्काल तनाव कम करने का आह्वान किया।

यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने भी भारत और पाकिस्तान से संयम बनाए रखने और सार्थक कूटनीतिक भागीदारी करने का आग्रह किया।ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की और पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में लोगों की मौत पर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ समर्थन और एकजुटता व्यक्त की। यूरोपीय यूनियन ने पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की स्पष्ट रूप से निंदा की और कहा कि आतंकवाद को कभी भी उचित नहीं ठहराया जा सकता।

### अमेरिकी दूतावास कर्मियों को निर्देश

लाहौर और उसके आस-पास ड्रोन विस्फोटों और संभावित हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की खबरों के कारण, लाहौर में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास ने सभी वाणिज्य दूतावास कर्मियों को सुरक्षित स्थानों पर रहने का निर्देश दिया है। वाणिज्य दूतावास को शुरुआती रिपोर्ट भी मिली है कि अधिकारी लाहौर के मुख्य हवाई अड्डे से सटे कुछ इलाकों को खाली करा सकते हैं।

## डोभाल ने सुरक्षा तैयारियों पर की पीएम से चर्चा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के बीच एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक करीब 50 मिनट तक चली, जिसमें डोभाल ने प्रधानमंत्री को मौजूदा सुरक्षा हालात और सैन्य तैयारियों की जानकारी दी। सरकार ने सुरक्षा एजेंसियों को हर संभावित खतरे से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने रक्षा सचिव से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने ताजा हमलों के बाद सेना के विभिन्न अफसरों से भी मुलाकात की। माना जा रहा है कि आगामी कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री, गृह



मंत्री, रक्षा मंत्री के साथ तीनों सेनाओं के प्रमुख की शुक्रवार को बैठक हो सकती है, जिसमें जवाबी कार्रवाई की अगली रूपरेखा बन सकती है।







# बीरपुर में चला बुल्डोजर हटाया अतिक्रमण

जागरण, उचेहरा। पंचायत के विकास में बाधक बने अतिक्रमण कारियो पर तहसील न्यायालय के आदेश उपरांत चले पीले पंजे के प्रहार ने देखते ही देखते वर्षो से किये अतिक्रमण को राजस्व और पुलिस बल की मौजूदगी में जमींदोज कर दिया गया। दरअसल पूरा मामला जनपद के ग्राम पंचायत बीरपुर का है पंचायत द्वारा किये गये अतिक्रमण कारियो को अपना पक्ष रखने का भरपूर समय दिया अतिक्रमण कारियो ने तहसील न्यायालय में भी अपना पक्ष रखा लेकिन जब न्यायालय ने उनका तर्क खारिज करते पंचायत के पक्ष में अपना फैसला सुनाया उसी आदेश के परिपालन में नागौद थाना के पोंडी चौकी और राजस्व अमले सहित पंचायत के जिम्मेदारों की मौजूदगी में जैसे ही जेसीबी के जबे ने अपना मुंह खोला देखते ही देखते अतिक्रमण कारियो के घर जमींदोज कर दिये गये। अतिक्रमण की कार्यवाही की भनक लगते ही गांव वालो का हुजूम इकट्ठा हो गया किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने पुलिस बल पूरी तरह से चौकन्ना और सतर्क दिखा दरअसल पंचायत की रोड में लंबे समय से अतिक्रमण किया गया था। ये थे अतिक्रमण कर्ता बाल गोविंद रजक सनकी पाल राम सजीवन चौधरी रामदयाल साहू उमेश चौधरी राजभान पटेल इनके कब्जे से अतिक्रमण की जमीन को प्रशासन की मौजूदगी में खाली कराया गया।



## श्रीधामा आश्रम के स्थापना दिवस पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

सतना। श्री धामा आश्रम के प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर महंत स्वामी ईश्वरदास उदासीन जी के सानिध्य एवं महंत स्वामी खिम्यादस दास राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय सिंधु संत समाज की गरिमामय उपस्थिति में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के साथ-साथ विशेष धार्मिक अनुष्ठान व अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

आश्रम के सेवादारी विनोद गेलानी ने जानकारी देते हुए बताया प्रातः ब्राह्मण देवताओं द्वारा महामृत्युंजय जाप गायत्री मंत्र द्वादशी अक्षर का जाप एवं सामूहिक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन पंडित अशोक वाजपेई जी ने अजामिल की चर्चा पर कहा जीवन के संग का बहुत महत्व है सुसंग का सानिध्य व्यक्ति को श्रेष्ठ बनाता है कुसंग पतन करता है सं? से गुण दोष की उत्पत्ति होती है आजमिल संग दोष के कारण ही पतित हो गया पर प्रभु नाम उच्चारण से उसका कल्याण पूरा हुआ अर्थात भव सागर से तरने के लिए हरी नाम ही नोका है तत्पश्चात भक्त प्रह्लाद हिरणाकश्यप का सुंदर प्रसंग सुनाया जिसका भरोसा ईश्वर पर दृ? है उसे ईश्वर का साक्षात्कार अवश्य होता है।

## आतंकवाद पर प्रधानमंत्री का करारा प्रहार : प्रियांशा उरमलिया



जागरण, सतना। भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की सह मीडिया प्रभारी सुश्री प्रियांशा उरमलिया ने ऑपरेशन सिंदूर पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने निर्दोष सैलानियों का धर्म पूछकर बर्बरता पूर्वक जो हत्या की थी और महिलाओं से कहा था कि मोदी को बता देना। आतंकियों के इस संदेश का जवाब प्रधानमंत्री मोदी ने दे दिया। हमारी सेना ने सेना नें आतंकी संगठनों के ठिकानो के ऊपर हमला कर उन्हे ध्वस्त कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर नाम से ही परिलक्षित होता है जो महिलाओं के सामने ही उनके सिंदूर को उजाड़ने का दुस्साहस किया गया था तो इस ऑपरेशन के द्वारा भारतीय सेना ने उन महिलाओं के सिंदूर का बदला लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व कुशलता भारत की क्षमता का प्रतीक है। यह पीएम मोदी की ताकत है की आज पूरा विश्व भारत के साथ है। हमें हमारी सेना पर गर्व है। हम समूची भारतीय सेना का अभिनंदन करते हैं।

## जन शिक्षण संस्थान ने केंद्र बिरसिंहपुर में प्रमाण पत्रों का किया वितरण

जागरण, सतना। कौशल विकास एवम उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित जन शिक्षण संस्थान सतना के केंद्र बिरसिंहपुर अबेर एवं बाबूपुर में गत सत्र 2024- 25 में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षणार्थियों को संस्थान के निदेशक राजकुमार सनाढ्य के निर्देशन में असिस्टेंट ड्रेस मेकर ब्यूटी केयर असिस्टेंट असिस्टेंट हैंड एंब्रॉयडर प्रशिक्षणों के प्रमाण पत्रों का वितरण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी व ब्लॉक प्रभारी अधिकारी प्रदीप कुमार जैन द्वारा वितरित किये गए। इस अवसर पर ट्रेनर अन्नपूर्णा चौरसिया सोनम कुशवाहा शशी कुशवाहा व पूर्व प्रशिक्षणार्थी गण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जन शिक्षण संस्थान द्वारा संपूर्ण जिले में संचालित किए जा रहे विभिन्न स्वरोजगारणमुखी प्रशिक्षणों का लाभ जरूरत मंद महिलाओं पुरुषों जो कि कम पढ़े लिखे हैं,स्कूल ड्रॉप आउट हैं रूडिमेंट्री स्तर के हैं के द्वारा प्राप्त करके स्वयं का केंद्र रोजगार स्थानीय स्तर पर स्थापित कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। और आसानी के अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करने में सक्षम हो रहे है।



## ब्रह्माकुमारी के समर कैंप में बच्चों ने किया पार्टिसिपेट

सतना। गर्मी की छुट्टियों में बच्चे विद्यालय की छुट्टी होने के कारण अनावश्यक कार्यों में जुड़ जाते हैं और आलसी होने लगते हैं जिस पर बच्चों को उच्च संस्कार और अपने जीवन में संस्कारों के महत्व को जागृत करने ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विद्यालय कृष्णा नगर सतना की मुख्य संचालिका राजयोगिनी डॉक्टर रानी दीदी ने एक सप्ताह के समर कैंप का आयोजन किया। आयोजित कैंप में दूर-दूर के बच्चों ने आकर समर कैंप में पार्टिसिपेट किया समर कैंप संचालन के दौरान रानी दीदी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं ताकि इनके सत्कर्म और उच्च विचार से ही स्वर्णिम भारत का निर्माण होता है इसलिए उन्हें मेडिटेशन अवश्य करना चाहिए साथ ही अपने घर परिवार में माता-पिता के साथ सभी लोगों का आदर सत्कार करना चाहिए और उनके कार्यों में उनकी मदद करनी चाहिए साथ ही उन्हें संगठन के माध्यम से दूसरों पर आरोप लगाने के संबंध में एक प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें बच्चों को एहसास हुआ कि वह दूसरों की गलती देकर अपनी कमियों को छुपाते हैं अगर वह अपनी कमी को स्पष्ट तौर पर देखें तो वह आगे बढ़ सकते हैं साथ ही समर कैंप में पेंटिंग मंच उद्घोषन के साथ योगाभ्यास प्राणायाम और मेडिटेशन कराते हुए अन्य विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# भैरा पंचायत में सफाई व्यवस्था बदहाल, गलियों में फैला कीच



लवकुशनगर। सरकार गांवों में विकास कार्यों के साथ ही सफाई पर प्रतिवर्ष लाखों रुपए का बजट ग्राम पंचायतों में खर्च कर रही है। लेकिन सफाई के नाम पर सारा बजट कागजों में खर्च हो रहा है। शहरों की तर्ज पर गांवों की सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी पंचायतों को दी है लेकिन पंचायतों में सफाई व्यवस्था बदहाल है। नालियों का निर्माण न होने से घरों से निकला गन्दा पानी गलियों में भरा रहता है उसी कीचड़ के बीच गुजरना ग्रामीणों की मजबूरी बना हुआ है। कुछ ऐसी ही स्थिति जनपद पंचायत लवकुशनगर की ग्राम पंचायत भैरा की है कच्ची गालियां जो गंदे पानी से पटी प ?ी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांवों में घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी के लिए नालियां नहीं हैं और जहां नालियां बनी है वहां सफाई नहीं होने से सारा पानी घरों के सामने रास्तों पर भरा रहता है। जिससे कीचड़ के बीच निकलना लोगों की मजबूरी है। दुर्गध के साथ गंदे पानी के भराव से मच्छरों की भी भरमार रहती है। जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार पंचायत को अवगत कराने के बाद भी गांव में सफाई व्यवस्था बदहाल है और ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को मजबूर है।

## संत शरीर आश्रम में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्री रामकथा शुरू

छतरपुर। मोटे के महावीर मंदिर स्थित संत शरीर महाराज आश्रम में महंत कमलेश बब्बा जू महाराज के मार्गदर्शन में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ श्रीमद भागवत कथा एवं श्री राम कथा का कार्यक्रम धार्मिक विधि विधान से विद्वान आचार्यों द्वारा शुरू कर दिया गया है। इस धार्मिक अनुष्ठान में जगत गुरू श्री बल्लभाचार्य जी महाराज विशेष रूप से मौजूद हैं जिनके निर्देशन में यह यज्ञ संचालित हो रहा है तथा शाम को प्रतिदिन श्री रामकथा हो रही है। कार्यक्रम के आयोजक महंत कमलेश बब्बा जू महाराज ने बताया कि यह आयोजन 4 मई से प्रारंभ होकर 11 मई तक चलेगा तथा 12 मई को विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिदिन सुबह 5 बजे से विद्वान आचार्यों द्वारा वेद पाठ किया जाता है तत्पश्चात आवास देवताओं का पूजन किया जाता है। शाम को प्रतिदिन श्रद्धालुओं को रामकथा का रसपान कराया जाता है। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को अच्छे संस्कार मिलते हैं तथा लोगों का जीवन कृतार्थ होता है। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक अनुष्ठान में लोगों का भारी सहयोग मिल रहा है।

# नेशनल लोक अदालत 10 मई को

जागरण, छतरपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशन एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर की अध्यक्षता में आगामी नियत 10 मई, 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राजीनामा योग्य सिविल, किमिनल प्रकरण, विद्युत विभाग, नगरपालिका, बैंक, वित्तीय बैंक, ऋष्टा संबंधी एवं दूरसंचार विभाग के प्रीलिटिगेशन एवं न्यायालय में लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्दर सिंह के अनुमोदन उपरांत जिला न्यायालय छतरपुर एवं तहसील न्यायालय नौगांव, बिजावर, लवकुशनगर, राजनगर, बड़ामलहरा सहित कुल 28 खंडपीठों का गठन किया गया है, जिसमें जिला न्यायालय मुख्यालय छतरपुर में 10 खण्डपीठ एवं तहसील स्तर पर 18 खण्डपीठों का गठन किया गया है। जिनके द्वारा आपसी सुलह समझौतों के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्दर सिंह एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि 10 मई 2025 को नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में आकर लंबित विचाराधीन समस्त राजीनामा योग्य प्रकरण का निराकरण कराकर लाभ उठाये।

## जल चौपाल का हुआ आयोजन

सतना। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सतना के तत्वाधान में ब्लॉक समन्वयक अरुण प्रताप सिंह की उपस्थिति में नागौद की नवांकुर संस्था अर्पणा एजुकेशन सोसाइटी द्वारा आदर्श ग्राम रेउसा के मंदिर प्रांगण में जल चौपाल का आयोजन किया गया। जल चौपाल में ग्राम पंचायत के प्रमुख जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण के संबंध में ग्रामीणजनों को जानकारी दी गई। जल चौपाल के उपरांत ग्राम के तालाब की साफ-सफाई में श्रमदान किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य ब्रजेश सिंह पूर्व सरपंच सीताराम सिंह परिहार पंचायत सचिव अनुरुद्ध सिंह परिहार रोजगार सहायक बालकदास कुशवाहा मुनि सिंह रोहित सिंह राहुल सिंह ज्ञान सिंह ध्रुवराज सिंह अमन वर्मा शैलेन्द्र सिंह मोतीमन सिंह और ब ?ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## आतंकवाद के खिलाफ भारत का सख्त रुख

सतना। समाजसेवी रामचरण गुप्ता ने भारतीय सेना की हालिया कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि सेना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवादी चाहे पाकिस्तान में हों या पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में वे भारत की पहुंच से बाहर नहीं हैं। उन्होंने कहा जब भी हमारे निर्दोष नागरिकों का खून बहाया जाएगा, उन्हें इसी तरह जवाब मिलेगा। रामचरण गुप्ता ने इसे आतंकवाद के खिलाफ भारत की मजबूत नीति का उदाहरण बताया और कहा कि देश की सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा के लिए ऐसे कड़े कदम आवश्यक हैं।

## एसपी ऑफिस में धरने पर बैठी बलात्कार पीड़िता

छतरपुर। गुरुवार को एक बलात्कार पीड़ित महिला ने आरोपी की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित होकर एसपी ऑफिस के बाहर धरना शुरू कर दिया। पीड़िता के मुताबिक उसने करीब डेढ़ माह पहले कोतवाली थाने में बलात्कार की एफआईआर दर्ज कराई थी, लेकिन आरोपी अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है। पीड़िता ने बताया कि पठापुर रोड निवासी मनू अरजरिया ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी से मुकर गया। इस मामले में पीड़िता छह बार एसपी ऑफिस में आवेदन दे चुकी है। गुरुवार को सातवीं बार एसपी ऑफिस पहुंची पीड़िता ने दोपहर साढ़े 12 बजे धरने पर बैठने का फैसला किया। धरने के दौरान एक महिला पुलिसकर्मी ने पीड़िता से बात करने की कोशिश की, लेकिन पीड़िता ने कहा, जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होगा, मैं यहां से नहीं हटूंगी। कुछ समय बाद एएसपी विदिता डाकर, पीड़िता से बिना बात किए बिना उसके सामने से गुजर गईं। कुछ समय बाद जब मीडियाकर्मियों द्वारा सोशल मीडिया पर मुद्दा उठाया गया तो पुलिस विभाग सक्रिय हुआ। एएसपी विदिता डागर वापिस एसपी ऑफिस पहुंची जहां उन्होंने पीड़िता के साथ जमीन पर बैठकर उससे बात की और 12 घंटे में आरोपी को पकडने् का आश्वासन दिया, जब जाकर पीड़िता धरने से उठी। पुलिस ने आरोपी मनु अरजरिया पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

# जेके सीमेंट फैक्ट्री में मजदूरों की हड़ताल लंबित मांगों को लेकर काम बंद

जागरण, कटनी। कटनी जिले के बड़वारा तहसील क्षेत्र में स्थित जे.के.सीमेंट प्लांट एक बार फिर सुर्खियों में है लेकिन इस बार किसी उत्पादन या विकास के लिए नहीं बल्कि मजदूरों के अधिकारों के हनन को लेकर। प्लांट में कार्यरत सैकड़ों मजदूरों ने दोपहर लगभग 2 बजे अपनी लंबित मांगों को लेकर काम बंद कर हड़ताल शुरू कर दी है। इस हड़ताल से प्लांट में कामकाज पूरी तरह से ठप हो गया है।

श्रमिक नेता सील चंद पटेल ने प्लांट प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा एरियर सहित मजदूरों के लिए कई लाभकारी निर्देश जारी किए गए हैं लेकिन जे.के.वाइस सीमेंट प्रबंधन इन निर्देशों का लगातार उल्लंघन कर रहा है। जब आज श्रमिकों ने अपने लंबित एरियर की मांग की और मजदूरों के साथ एरियर देने में भेदभाव करने बात कही तो प्लांट के अधिकारियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली गलौज की, जिसके बाद मजदूरों ने एकजुट होकर काम बंद करने का फैसला लिया। सीलचंद पटेल ने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं की जाती हैं तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी। मजदूरों का कहना है कि उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है और प्रबंधन द्वारा लगातार उनका शोषण किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही बड़वारा पुलिस हड़ताल स्थल पर पहुंची और मजदूरों से शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने की अपील की। पुलिस स्थिति को नियंत्रण में रखने का प्रयास कर रही है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके। यह घटना जेके सीमेंट प्लांट में मजदूरों के शोषण के आरोपों को एक बार फ्रि से उजागर करती है। गौरतलब है कि यह प्लांट पहले भी इस तरह के मामलों को लेकर चर्चा में रहा है। इस ताजा हड़ताल ने प्लांट प्रबंधन और मजदूरों के बीच तनातनी को और बढ़ा दिया है। अब देखना यह होगा कि प्लांट प्रबंधन मजदूरों की मांगों पर क्या रुख अपनाता है और कब तक इस हड़ताल का समाधान निकलता है। इस हड़ताल से न केवल प्लांट के उत्पादन पर असर पड़ेगा, बल्कि मजदूरों और उनके परिवारों के लिए भी आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

## शासकीय माध्यमिक शाला बरगवां में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर की चोरी

कटनी। रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के शासकीय माध्यमिक शाला भार्गव में अज्ञात चोरों के द्वारा स्कूल के दरवाजे का ताला तोड़कर सामान चुरा ले गए हैं जिसकी शिकायत स्कूल प्रबंधन के द्वारा थाने में की गई है। रंगनाथ थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने गुरुवार शाम जानकारी में बताया कि शासकीय माध्यमिक शाला भार्गव के शिक्षकों द्वारा थाने में लिखित शिकायत मैं बताया कि अज्ञात चोरों के द्वारा स्कूल के दरवाजा का ताला तोड़कर स्कूल में मे लगी खिड़कियां चौखट दरवाजे चोरी कर लिए गए हैं और कई बार चोरी घटनाएं हो चुकी है। स्कूल शिक्षकों द्वारा अपने उच्च अधिकारियों को भी घटना की सूचना दी गई है पुलिस मामले की जांच कार्यवाही की बात कर रही है ।

## ना भूले हैं ना भूलने दिया घर में घुसकर बदला लिया-दिलराज अमर सिंह

कटनी। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलराज अमर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है। भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। इस कार्रवाई के लिए भारतीय सेना पर गर्व जताया है उन्होंने कहा है जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर में आतंकवादियों के 9 ठिकानों को निशाना बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर हम सभी को अटूट विश्वास एवं गर्व है।

# जल गंगा सवर्धन अभियान मे सैकड़ों वर्ष पूरानी बावड़ी की गई सफाई

## मध्य प्रदेश जनाभियान परिषद द्वारा चंदेलकालीन बावड़ी की सफाई की



जागरण, टीकमगढ़। गड़ारी इटायली के मंदिर एवं घाट की सफाई की गई जिसमें मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉक्टर सुनील कटियार एवं विकासखंड ने ग्राम पंचायत गढ़ारी मैं बैठक आयोजित की बैठक के उपरांत बावड़ी की सफाई एवं ग्राम पंचायत इटली में मंदिर परिसर पर बैठक आयोजित की गई वहां के मंदिर परिसर की सफाई की गई सफाई करने के बाद सभी लोगों ने शपथ ली की हमारे यहां जो भी भोजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा उसके पत्तल धोने एवं कचरा घर बना करके से नष्ट किया जाएगा टीकमगढ़ रूविकासखण्ड पलेरा के सेक्टर कपासी मे जल संरक्षण सबर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गयाए जिसमे पूरानी चंदेलकालीन बावडी की साफसफाई की गई।

गाँव मे स्थित नरसिंह मन्दिर गौशाला के पास एवं पर बैठक का आयोजन किया गयाए बैठक मे सफाई मरम्मत की बात कही गई सेंकडो बर्ष पुरानी धरोहर के रखरखाब पर जोर दिया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकुमार जेन ब्लाक समन्वयक ने जल गंगा अभियान के अन्तर्गत कि? जा रहे कार्यो के बारे मे बताया डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री द्वारा किए जा रहे जल सरक्षण के आवाहन की जानकारी दी उन्होंने बताया की जिला समन्यवयक सुनील कटियार द्वारा मध्य प्रदेश जनाभियान परिषद के बेनर तले जिले मे जगह जगह जल संरक्षण के कार्य कि? जा रहे हैं। वही कार्यक्रम मे आयोजन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नवाकुर संस्था प्रमुख रघुवीर सिंह ने कहा की सभी को मिलकर अपने पुराने जल स्रोतों चंदेली तालाब कुआ बावड़ी की सफाई व गाँव मे ग्राम पंचायत द्वारा ?से संरचनाओं को चिन्हित करना जहा अधिक से अधिक जल संग्रह किया जा सके उसके लिए कार्य करने की बात कही वही कार्यक्रम के सहयोगी ह्रदेश कुमार सेन नवाकुर संस्था प्रमुख व भाजपा जिला सहसंयोजक ने कुआ जल को साफ रखने पानी व्यर्थ न वर्वाद करने की बात कही कार्यक्रम मे भारतीय जनता पार्टी के चन्देरा आध्यक्ष एरघुवीर राजपूत मंडल आध्यक्ष बराना ने सरकार के योजनाओं के वारे मे सभी को जानकारी प्रदान की एव मुख्य रूप रतिराम रजक मेटर के रुप मे कार्यरत गजेश सेन एमुकेश आहिरवार एसीमा आहिरवारएभूपेन्द्र सिह एअरविन्द सिहएहरपाल सिह ए सरपंच प्रेमनारायण राय सरपंचणअरविंद्र यादव खटीक पूर्व सरपंच ए दयावती राजपूतए लखन अहिरवारए के अलावा ग्रामीण उपस्थित रहे

# नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिए हुई बैठक

जागरण, पन्ना । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवारए 10 मई को नेशनल लोक अदालत के सफ्ल क्रियान्वयन और राजीनामा के जरिए अधिकतम प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से आज प्रिसिटिंग बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन एवं विशेष न्यायाधीश व नोडल अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड व प्राधिकरण के सचिव राज कुमार गौड़ की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक में क्लेम प्रकरणों के आवेदक एवं अनावेदक तथा बीमा कम्पनी के अभिभाषकगण उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी द्वारा बैठक में सालसा द्वारा क्लेम प्रकरणों में प्रतिकर राशि के संबंध में जारी गाइडलाइन अनुसार उभयपक्ष के मध्य विस्तार से चर्चा कर प्रतिकर राशि पर सहमति बनाई गई और प्रपोजल भी तैयार करवाए गए। बीमा कंपनी से सहमति प्राप्त होते ही उक्त सभी प्रकरणों का नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। प्रिसिटिंग बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेनए बीमा कंपनी के अभिभाषक एमण्एलण् अवस्थीए आवेदक अधिवक्ता पवन शुक्लाए रोशन तिवारीए विजय शंकर पाण्डेयए केण्केण् तिवारीए अशोक शर्माए नरेन्द्र श्रीवास्तवए डीण्केण् सेनए महेन्द्र द्विवेदीए दीपक उपाध्यायए रोशन तिवारीए विजय सिंह राजपूतए आनंद त्रिपाठी एवं करण सिंह भी उपस्थित रहे।

# बुंदेलखंड की बेटी संध्या ने आज प्रेसवार्ता कर मै बनूँगी मिस बुंदेलखंड द वुमेन पवार का किया प्रोमो लॉन्च




जागरण, टीकमगढ़। बुंदेलखंड टीकमगढ़ में कलाकार की कमी नहीं है हाल ही में एस के इवेंट कंपनी एण्ड फिल्म प्रोडक्शन हाउस मुंबई के बैनर तले एक्टर ध्निर्माता ध् निर्देशक समीर खान की हिन्दी फिक्चर फिल्म ष्में बनूंगी मिस बुंदेलखंड द वुमेन पावरष् फ़िल्म का प्रोमो आज 8 मई को टीकमगढ़ के एक होटल में लॉन्च किया गया। शुभ अवसर पर मुंबई से स्पेशल गेस्ट के रूप में एक्टर डायरेक्टर प्रोडयूसर मिस्टर समीर खानएआमिर खान प्रोडक्शन की फिल्म लापता लेडीज के कलाकार मिस्टर सुंदर लिखारए कॉमेडियन कलाकार अजय कुमार निगम और फिल्म कलाका एक्टर हैदर अली आदि। मौजूद रहे। ये प्रोमो दर्शक यूट्यूब चैनल 'ीजनकपवेंउमसतींद' पर सर्च करके भी देख सकते है। ज्यादा जानकारी के हुए मुम्बई से आये इस फिल्म के निर्माता निर्देशक मिस्टर समीर खान ने मीडिया को बताया कि इस फिल्म की शूटिंग पिछले 1 साल से बुंदेलखंड के पिछड़े इलाकों में चल रही थी इस फिल्म में बॉलीवुड के काफी कलाकारों को भी लिया गया है। जैसे आशिकी फिल्म फेम राहुल रॉयए खुदा गवाह फिल्म फेम अली खानए और आमिर खान की फिल्म पिपली लाइव फेम ऑकार मानिकपुरी जैसे दिग्गज कलाकारों ने इस फिल्म में काम किया हैए इनके साथ स्थानीय क्षेत्र के कलाकारों को भी प्रोडक्शन में काम करने का मौका दिया गया है। उन्ही में से एक टीकमगढ़ जिले की रहने वाली टीकमगढ़ की बेटी मिसेज संध्या तिवारी भी है। संध्या तिवारी फिल्म में एक अहम भूमिका निभाती हुई नजर आएंगी। संध्या टीकमगढ़ जिले की रहने वाली है हाल ही में उन्होंने मिसेज बुंदेलखंड 2024 का खिताब जीतकर टीकमगढ़ का नाम रोशन किया था। उसके बाद हाल ही में हिंदी फीचर फिल्म ष्में बनूंगी मिस बुंदेलखंड द वूमेन पावरष् में अहम भूमिका निभाकर दोबारा से अपने टीकमग जिले व माता.पिता अपने परिवार का नाम रोशन किया है। संध्या मॉडल के साथ.साथ एक अच्छी कॉमेडियन कलाकार भी है हमारी टीम को शूटिंग में संध्या ने काफी कॉर्पोरेट किया

इस फिल्म के डायलॉग वह स्क्रीन प्ले लेखक फिल्म ष्मुझे कुछ कहना हैष् फिल्म फेम भोलू खान जी हैं। इस फिल्म में म्यूजिक दिया है सावन कुमार जी ने सिंगर है सौम्या शर्माए गीतकार भूपेंद्र तोमरए कोरियोग्राफर राजू झाए अबरार मंसूरीए डिजाइनर नेहा केवटए एडिटर एण्ड डिजाइ रोहित चौहानए बैकग्राउंड म्यूजिक शोमेस वर्ल्ड फिल्मसए क्रुच् शशिकांत शर्माए डचिंग की है जयशंकर रैकवार और पवन शर्मा नेए इस फिल्म मुख्य भूमिका मनीषा खानए रिमझिम माझीए जय भानियाए राकेश मल्होत्राए नवीन शुक्लाए नेहा बहलए आनंद कुमार सक्सेनाए काशवी जायसवाल कहकशा कुशवाहाए कृतिका गुप्ताए कबीर स्वानए साइना खानए सुधीर नामदेवए नेहा तिवारीए यामिनीए हैदर अलीए रफी मंसूरीए अनिल साहूए अजम शाहिद खानए प्रियंका सोनीए संध्या तिवारीए अजय कुमार निगमए प्रभात अग्रवालए साइना प्रियाए पराक्रम प्रताप सिंहए सुंदर लिखारए सरिता सोनी नेकअप आर्टिस्टए सोनू राजपूतए यस सिंघानियाए शिवानी साहूए बसंती कुशवाहाए कार्यक्रम में स्थानीय

## पुलिस लाइन ग्राउंड पर खेल रहे बच्चों से किया संवाद

टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिला स्तर पर युवाओंध्बच्चों को नशे से दूर रहने एखेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने एप्रतियोगी परीक्षाओं में सफ्ल होने के लिए समस्त थानाध्चौकी क्षेत्र में युवाओं को जोड़ने एवं प्रोत्साहित करने हेतु श्युवा जोड़ो अभियानश् चलाया जा रहा है ।

**नाम सुधार सूचना**

मैं शिव शंकर सिंह पिता समय लाल सिंह उम्र 50 वर्ष ग्राम हर्दी पोस्ट त्योंधरी तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना का निवासी होकर सपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उक्त पते का निवासी हूँ । मेरे आधार कार्ड क्रमांक 302263114157 में अंकित मेरे पिता का सही नाम समय लाल सिंह अंकित है जबकि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस क्रमांक एम पी 19 आर 2020 . 0145012 जो दिनांक 11 ण्8 ण्2020 को आरटीओ कार्यालय से जारी किया गया है उसमें मेरे पिता का नाम एस एल सिंह लिखा गया है । जिसे सुधार कर समय लाल सिंह किया जाय । अतः उक्त सुधार करते हुए मेरा नाम शिवशंकर सिंह पिता समय लाल सिंह दर्ज किया जाए जो सही एवं सत्य है ।

वर्ष 72 अंक 220 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 09 मई, 2025
वैशाख शुक्ल पक्ष 12, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अख़बार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

युद्ध से किसी समस्या का समाधान नहीं होता, क्योंकि युद्ध अपने आप में स्वयं एक समस्या है।
- अब्राहम लिंकन

### गुरुवार सुबह भारत के 15 सैन्य ठिकानों पर पाक का हमला, एस-400 सिस्टम ने किया नाकाम

# जवाबी कार्रवाई से दहला पाकिस्तान लाहौर में एयर डिफेंस सिस्टम तबाह

**साजिश:** सात मई की रात पाकिस्तान ने पंजाब के संगठित सैन्य अभियान के तहत चार राज्यों में सैन्य ठिकानों पर 15 हमले किए


**सुरक्षा:** भारतीय सेना ने इंटीग्रेटेड काउंटर यूएएस ग्रिड और एयर डिफेंस सिस्टम की मदद से इन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया

**कार्रवाई:** भारत ने जवाबी कार्रवाई में लाहौर, कराची, रावलपिंडी समेत छह शहरों पर 12 ड्रोन हमले किए

## गुरुवार रात फिर पाक ने किया हमला घुसने का प्रयास कर विमानों को गिराया, दो पाक पायलट गिरफ्त में

### बार्डर एरिया में ब्लैक आउट

**नई दिल्ली/इस्लामाबाद।** 8 गुरुवार की रात पाक ने फिर हमला किया। भारत में घुसने का प्रयास कर रहे विमानों को भारतीय सेना ने मार गिराया और दो पाक पायलट भी गिरफ्त में हैं। इसके साथ ही बार्डर ऐरिया में ब्लैक आउट कर दिया गया है। इसके पूर्व 8 मई की सुबह भारत ने पाकिस्तान की सैन्य हिमाकत का मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तान की ओर से भारत के 15 प्रमुख सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने की कोशिश की गई। यह हमले नाकाम करने के बाद भारतीय सेना ने जबरदस्त प्रतिक्रिया दी। जवाबी कार्रवाई में ■ शेष पृष्ठ 7 पर




### आईपीएल मैच रद्द

पंजाब और दिल्ली कैपिटल्स का आईपीएल मैच रद्द कर दिया गया है। पाकिस्तान ने भारत के 3 राज्यों पर हमला किया है जिसके बाद मैच को बीच में ही बंद कर दिया गया। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल जल्द टूर्नामेंट के आने वाले मुकाबलों पर बड़ा फैसला ले सकती है। पंजाब की टीम 10.1 ओवर में 122 रन बनाकर खेल रही थी तभी स्टेडियम की एक लाइट बंद हुई। इसके बाद दूसरी लाइट्स भी बंद कर दी गई और खिलाड़ियों को तुरंत मैदान से बाहर भेजा गया। मैच रद्द होने की पुष्टि आईपीएल चेयरमैन ने की है।

### अफरातफरी: कराची में सबसे बड़ा हमला, लाहौर में तीन धमाके

पाकिस्तान के छह बड़े शहरों में ड्रोन हमलों के बाद अफरा-तफरी का माहौल है। कराची के आर्मी बेस, लाहौर के नेवी स्टेशन, गुंजरावाला की मिलिट्री छावनी, और चकवाल, घोटकी व उमरकोट के सामरिक प्रतिष्ठानों पर एक के बाद एक हमले हुए। पाकिस्तानी मीडिया और सोशल मीडिया पर आए वीडियो में धमाकों के बाद धुएं के गुबार और सेना की तैनाती देखी जा सकती है। कराची का हमला सबसे बड़ा माना जा रहा है। यहां सैन्य बेस पर ड्रोन धमाके के बाद सेना ने पूरे क्षेत्र को सील कर दिया है। लाहौर में तीन धमाके हुए हैं, जिनमें से एक नेवी बेस के पास हुआ।




**स्टेडियम बंद:** स्टेडियम पर पहरा दे रहे पुलिसकर्मी। इस स्टेडियम के पार्किंग क्षेत्र में भारतीय ड्रोन ने तबाही मचाई है। यहां पीसीएल के मैच होने थे।



## जन्म से ही झूठ बोल रहा है पाकिस्तान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के दूसरे दिन विदेश मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पाकिस्तान पर किए गए ताजा हमलों की जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि पाकिस्तानी मंत्रियों के आतंकियों से संबंध हैं। उन्होंने हमले में मारे गए लश्कर कमांडर अब्दुल रऊफ की पाकिस्तानी सेना अधिकारियों के साथ तस्वीर जारी कर पाकिस्तान के आतंकवाद से रिश्तों को उजागर किया। उन्होंने आतंकियों को राजकीय सम्मान देने और पुंछ में सिख समुदाय पर हमले का भी जिक्र किया।

"पाकिस्तान के हमलों के दावों में हैरानी की बात नहीं है। आखिरकार, यह एक ऐसा देश है, जिसमें जन्म के साथ ही झूठ बोलना शुरू हो गया था। 1947 में, जब पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर पर दावा किया, तो उन्होंने किसी अनजान व्यक्ति से नहीं, बल्कि संयुक्त राष्ट्र से झूठ बोला कि हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं है। इसलिए यह यात्रा 75 साल पहले शुरू हुई। पाकिस्तान दुनियाभर में आतंक का चेहरा बन चुका है। मुझे यह याद दिलाने की जरूरत नहीं है कि ओसामा बिन लादेन कहां पाया गया था और किसने उसे शहीद कहा था। पाकिस्तान बड़ी संख्या में संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों और कई देशों द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादियों का भी घर है। पिछले कुछ दिनों में उनके रक्षा मंत्री और पूर्व विदेश मंत्री ने ऐसे आतंकवादी समूहों के साथ अपने देश की संलिप्तता को स्वीकार किया है।

■ **विक्रम मिसरी**, विदेश सचिव



भारत की प्रतिक्रिया सटीक और नपी-तुली है। हमारा इरादा मामले को बढ़ाने का नहीं है और हम केवल बढ़ोतरी का जवाब दे रहे हैं। किसी भी सैन्य लक्ष्य को निशाना नहीं बनाया गया है, केवल पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया गया है।

**- कर्नल सोफिया कुरैशी**

पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामुल्ला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टरों में मोर्टार और भारी कैलिबर आर्टिलरी से नियंत्रण रेखा पर अकारण गोलीबारी की तीव्रता बढ़ा दी है। भारत को गोलीबारी रोकने के लिए जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ा।

**- विंग कमांडर व्योमिका सिंह**



### दुनिया के सबसे सटीक एयर डिफेंस सिस्टम में से एक है एस-400

## एक रेजीमेंट दाग सकता है 32 मिसाइलें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने एस-400 मिसाइल सिस्टम से पाकिस्तानी हमले की कोशिश नाकाम की। भारतीय वायुसेना ने बुधवार रात भारत की तरफ आ रहे टारगेट्स को वायु रक्षा प्रणाली 'एस-400 सुदर्शन चक्र मिसाइल सिस्टम' से निशाना बनाया। एस-400 से सफलतापूर्वक सभी टारगेट्स को तबाह कर दिया गया।

एस 400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम के एक रेजीमेंट में आठ लॉन्चर होते हैं। यानी आठ लॉन्चिंग ट्रक और हर एक ट्रक में चार लॉन्चर होते हैं। हर लॉन्चर से चार मिसाइलें निकलती हैं। मतलब एक रेजीमेंट कभी भी 32 मिसाइलें दाग सकता है। यह आसमान से घात लगाकर आने वाली किसी भी मिसाइल को पलक झपकते बर्बाद करने की क्षमता रखता है। यह दुनिया के सबसे सटीक एयर डिफेंस सिस्टम में से एक है। यह किसी भी क्षेत्र से आने वाले न्यूक्लियर मिसाइल को भी ये हवा में ही नष्ट करने की क्षमता रखता है। इसके जरिए दुश्मनों की सीमा के अंदर भी नजर रखी जा सकती है।



### मिसाइल की खासियत

- एस 400 में चार रेंज की मिसाइलें होती हैं। ये 40, 100, 200 और 400 किलोमीटर की दूरी तक दुश्मन के हथियार नष्ट करने की क्षमता रखती हैं।
- यह 100 से 40 हजार फीट तक उड़ने वाले हर टारगेट को नष्ट करने की क्षमता रखता है।
- यह सिस्टम मिसाइल, एयरक्राफ्ट या फिर ड्रोन से हुए किसी भी तरह के हमले से निपटने में सक्षम है।

### लगातार 9 घंटे तक उड़ सकता है हार्पी ड्रोन

पाकिस्तान के हमले की कोशिश को नाकाम करने के बाद भारत ने भी मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान के रडार सिस्टम को निशाना बनाया और लाहौर स्थित रडार सिस्टम को तबाह कर दिया। भारत ने हार्पी ड्रोन्स की मदद से पाकिस्तानी रडार सिस्टम को निशाना बनाया। यह उन्नत श्रेणी का लोइटरिंग म्युनिशन सिस्टम है, जो हवा में मंडराते हुए दुश्मन पर नजर रखता है और इशारा मिलते ही उसे तबाह कर देता है। हार्पी ड्रोन्स की खासियत ये है कि इसे निगरानी के साथ ही हमले के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। दुश्मन की वायु सुरक्षा प्रणाली को तबाह करने में इस ड्रोन का लोहा दुनिया मानती है। यह ड्रोन 9 घंटे तक लगातार उड़ान भर सकता है और एक हजार किलोमीटर तक की रेंज में हमला कर सकता है। इस खासियत की वजह से यह ड्रोन दुश्मन देश में काफी भीतर तक हमला करने में सक्षम है।

### बंगाल का शिक्षक भर्ती घोटाला

## पार्थ के साथ अब सह-आरोपी पर भी चलेगा केस

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बंगाल के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति घोटाला मामले में भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी की ओर से दायर जमानत



याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पार्थ चटर्जी के सह आरोपी पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एनके सिंह की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह फैसला दिया है। कोर्ट 17 जुलाई को इस मामले में अगली सुनवाई करेगा। मामले की सुनवाई के दौरान पार्थ चटर्जी की ओर से पेश वकील ने कहा कि सह-आरोपी के लिए मंजूरी लंबित होने के कारण मुकदमा आगे नहीं बढ़ रहा है। कोर्ट ने यह दलील स्वीकार कर ली है। हालांकि, चटर्जी को जमानत नहीं मिली है। वे ढाई साल से जेल में बंद हैं, जबकि इस मामले में शामिल बाकी आरोपियों को जमानत मिल चुकी है।

### आईपीएल में आज

लखनऊ बनाम बेंगलुरु
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

## सड़क हादसे में घायल पूर्व मंत्री को नहीं मिली एंबुलेंस

### दंडोतिया को दिल्ली रेफर करना था, जिला अस्पताल में दो एंबुलेंस, एक में स्टेपनी, दूसरी में हेडलाइट नहीं थी

**जागरण, मुरैना।** आम आदमी तो सरकारी अस्पतालों की एंबुलेंस को लेकर परेशान होते ही रहते हैं, लेटलतीफी और सुविधा न मिलने के आरोप भी आए दिन लगते हैं मगर अब पूर्व मंत्री गिर्राज दंडोतिया को अपने ही जिले में एंबुलेंस नहीं मिल सकी। परिजन और समर्थक देर रात तक परेशान होते रहे। जिला अस्पताल में दो-दो एंबुलेंस होने के बाद भी अस्पताल प्रबंधन ने हाथ खड़े कर दिए। इससे दिल्ली रेफर किए गए पूर्व मंत्री के समर्थकों व परिजनों ने जमकर हंगामा कर दिया। कलेक्टर अंकित अस्थाना ने अस्पताल पहुंचकर ग्वालियर से एंबुलेंस बुलवाई, लेकिन रास्ते में उसका भी एक्सीडेंट हो गया। फिर पूर्व मंत्री के बेटे ने ग्वालियर के एक निजी अस्पताल से एबुंलेंस बुलाई और अपने पिता को लेकर दिल्ली रवाना हुआ।

पूर्व मंत्री गिर्राज दंडोतिया बुधवार रात एक शादी समारोह से लौटते वक्त मुरैना में एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल मुरैना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पैर की हड्डी चार जगह से टूटने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें एम्स दिल्ली के लिए रेफर कर दिया। सिविल सर्जन डॉ. गजेंद्र



सिंह तोमर ने दंडोतिया को दिल्ली भेजने के लिए दो एम्बुलेंस की व्यवस्था की, लेकिन उनमें से एक में स्टेपनी नहीं थी और दूसरे में हेडलाइट नहीं थी। लापरवाही देख दंडोतिया के समर्थकों ने हंगामा कर डॉ. तोमर को घेर लिया। कांग्रेस के पूर्व विधायक सत्यपाल सिकरवार (नीटू) भी मौके पर पहुंच गए। कलेक्टर अंकित अस्थाना भी पूर्व मंत्री दंडोतिया से मिलने पहुंचे। हालात देख उन्होंने ग्वालियर से एंबुलेंस मंगाई, लेकिन वह बीच में ही एक करुआ गांव के पास गाय से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। एंबुलेंस के इंतजार में ही आधी रात बीत गई। इसके बाद पूर्व मंत्री के बेटे आशीष दंडोतिया ने ग्वालियर के एक निजी अस्पताल से एम्बुलेंस बुलाई। करीब 1 बजे दंडोतिया मुरैना से रवाना हो सके। वर्ष 2020 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए दंडोतिया को दिल्ली एम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

## मालेगांव केस का फैसला 31 जुलाई तक टला

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट मामले में फैसला टल गया है। गुरुवार को एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने मुंबई हाईकोर्ट से दोषियों को सजा सुनाने के लिए 31 जुलाई तक का समय मांगा है। अब एनआईए कोर्ट 31 जुलाई को फैसला सुनाएगी। इससे पहले गुरुवार सुबह मामले में भोपाल की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह समेत सभी आरोपी और पीड़ित कोर्ट पहुंचे। कोर्ट के



बाहर प्रज्ञा ठाकुर ने कहा- आज डिसीजन होना था, ऐसा नहीं है। जज साहब ने तारीख दी थी। अगली तारीख में डिसीजन होगा, ये तय है। उन्होंने कहा- सत्यमेव जयते पर मेरा पूर्ण विश्वास है। जिस व्यक्ति पर आरोप लगता है या तो वह जानता है या ईश्वर जानता है। बता दें कि 29 सितंबर 2008 को मालेगांव में ब्लास्ट हुआ था। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई थी और 101 घायल हुए थे। इस घटना का आरोप साध्वी प्रज्ञा सहित 12 लोगों पर लगा था। शुरुआत में मामले की जांच महाराष्ट्र एटीएस ने की थी। साल 2011 में केस एनआईए को सौंप दिया गया। एनआईए ने शुरुआत में आरोपियों को क्लीनचिट दी थी, लेकिन अप्रैल 2025 में उसने यू-टर्न लेते हुए कोर्ट में याचिका दायर करते हुए कहा कि आरोपियों को बेकसूर मानने की बात गलत है, उन्हें कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़ 8 नक्सली ढेर, 5 जवान शहीद

### कर्रेगुट्टा पहाड़ी में 21 अप्रैल से चल रहा है नक्सल-विरोधी अभियान

**रायपुर, जेएनएन।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच गुरुवार को जबर्दस्त मुठभेड़ हुई। इस ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने डिवीजनल कमेटी दो सदस्यों समेत 8 नक्सलियों को मार गिराया। हालांकि, इस मुठभेड़ में तेलंगाना की ग्रीन फाइटर टीम के 5 जवान भी शहीद हो गए।

एनकाउंटर तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमाओं के संगम पर स्थित कर्रेगुट्टा पहाड़ी क्षेत्र में हुआ। यह जगह उस स्थान से करीब 20 किलोमीटर दूर है, जहां बुधवार को सुरक्षाबलों ने 20 नक्सलियों को मार गिराया था।

ऑपरेशन में सुकमा पुलिस और अन्य सुरक्षाबल शामिल रहे। खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किए गए इस अभियान का मकसद नक्सलियों के



गढ़ में उनकी गतिविधियों को कुचलना है। कर्रेगुट्टा पहाड़ी क्षेत्र नक्सलियों का मजबूत ठिकाना माना जाता है, जहां वे लंबे समय से सक्रिय हैं।

तेलंगाना की ग्रीन फाइटर टीम के 5 जवानों ने इस मुठभेड़ में अपनी जान गंवाई है। ये टीम नक्सल विरोधी अभियानों में अपनी बहादुरी के लिए जानी जाती है। सुकमा पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में बताया है। यह कार्रवाई ऑपरेशन संकल्प के तहत हुई, जो 21 अप्रैल से शुरू हुआ है और नक्सलियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा अभियान माना जा रहा है।

### उधर, तेलंगाना में नक्सली हमला, 3 जवान शहीद, कई घायल

उधर तेलंगाना के मुलगु में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया है। इसमें ग्रेहाउंड फोर्स के 3 जवान शहीद हो गए, जबकि कई जवान घायल हुए हैं। तेलंगाना पुलिस के लिए इस साल एंटी-माओवाद अभियानों में यह पहली घटना है, जिसमें जवान शहीद हुए हैं। तेलंगाना के सीनियर पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, ये जवान मुलुगु जिले के वजीदु-पेरूर जंगल इलाके में रूटीन एरिया डॉमिनेशन एक्सरसाइज में शामिल थे। इसी दौरान वीरभद्रवरम-तडापाला पहाड़ियों के पास विस्फोट हो गया। इसके बाद पूरे इलाके को सील कर दिया गया है और बीएसएफ ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि मृत जवानों की संख्या बढ़ सकती है।

**चिंताजनक** | लांसेट की रिपोर्ट में 18 साल से कम उम्र के बच्चों के साथ यौन हिंसा को लेकर आई चौंकाने वाली जानकारी

## भारत में 30% लड़कियों, 13% लड़कों ने झेला उत्पीड़न

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में 2023 में 18 साल से कम उम्र की 30 प्रतिशत से अधिक लड़कियों और 13 प्रतिशत लड़कों को यौन हिंसा का सामना करना पड़ा। 'लांसेट' पत्रिका में प्रकाशित एक विश्लेषण से यह जानकारी सामने आई।

अध्ययन में 1990 और 2023 के बीच 200 से अधिक देशों में बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा की व्यापकता का अनुमान लगाया गया है। इससे यह पता चलता है कि दक्षिण एशिया में यौन हिंसा का शिकार होने के मामले में लड़कियां शीर्ष पर हैं जिसमें बांग्लादेश में 9.3 प्रतिशत से लेकर भारत में 30.8 प्रतिशत तक लड़कियां यौन उत्पीड़न का शिकार हुई हैं। यानी यौन हिंसा के मामले में दक्षिण एशिया में भारत पहले स्थान पर है। अध्ययन के अनुसार, दुनिया भर में पांच में से एक लड़की और सात में से एक लड़के के 18 साल की उम्र से पहले यौन हिंसा का अनुभव करने का अनुमान



है। रिपोर्ट में इस बात पर चिंता जताई गई है कि बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य और मानवाधिकार का मुद्दा बना हुआ है। यौन शोषण और उसके बाद के परिणाम मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति के जोखिम को बढ़ाते हैं तथा उनके दीर्घकालिक स्वास्थ्य पर असर डालते हैं। शोधकर्ताओं ने कहा कि मौजूदा अध्ययन सीमित संख्या में देशों के लिए अनुमान प्रस्तुत करते हैं।

टीम ने यह भी कहा कि दुनिया के लगभग 70 प्रतिशत पुरुषों और महिलाओं ने 18 साल की उम्र से पहले किशोरावस्था और युवावस्था में यौन हिंसा का पहला अनुभव किया था।

### अफ्रीकी देशों में लड़के सबसे ज्यादा पीड़ित

अमेरिका की 'यूनिवर्सिटी ऑफ वॉशिंगटन' में 'इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन' के शोधकर्ताओं सहित अन्य ने यह भी पाया कि उप-सहारा अफ्रीका में 18 वर्ष से कम उम्र के लड़कों के बीच यौन हिंसा की दर अधिक थी, जो कि जिम्बाब्वे में लगभग आठ प्रतिशत से लेकर पश्चिम अफ्रीकी देश कोट डिलवोइर में 28 प्रतिशत तक है। इन इलाकों में लड़कियों के साथ यौन हिंसा कम होती है। इसकी वजह यह है कि माता-पिता लड़कियों को सुरक्षित रखने के सभी प्रयास करते हैं। वे उन्हें जोखिम वाले इलाकों में नहीं जाने देते, जिससे यहां उनकी पढ़ाई की दर भी बेहद कम है। सामाजिक गतिविधियों में भी लड़कियों की भागीदारी कम है।

### रिपोर्ट में बचाव के तरीके भी बताए गए

शोधकर्ताओं ने बचाव के लिए कुछ तरीके भी बताए हैं। उन्होंने कहा है कि किशोर उम्र के बच्चों से माता-पिता को सभी विषयों पर खुलकर बात करनी चाहिए। बच्चों के साथ दोस्त जैसा व्यवहार किया जाना चाहिए, ताकि वे खुलकर बात कर सकें। जो बच्चे माता-पिता को अपनी समस्याएं खुलकर नहीं बता पाते, उनका शोषण होने की ज्यादा आशंका होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि काउंसिलिंग की भी व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि अगर उनके साथ कुछ ऊंच-नीच हो गया है, तो वे उससे उबर सकें। बच्चों को लोगों के मनोभावों को समझने की ट्रेनिंग दी जानी चाहिए, ताकि वे उन लोगों से दूर रह सकें जो उत्पीड़क हो सकते हैं।

## शहडोल में ऑनलाइन ठगी करने वाला गिरोह पकड़ाया

### 160 बैंक खातों से किया 10 करोड़ का लेनदेन

**जागरण, शहडोल।** धोखाधड़ी से पैन कार्ड, आधार और फिंगर प्रिंट हथियाने के बाद ऑनलाइन सायबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर पुलिस ने बैंक के असिस्टेंट मैनेजर सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। अब तक यह गिरोह 10 करोड़ से अधिक का संदिग्ध लेन-देन कर चुका है। वहीं सैकड़ों लोगों के नाम से फर्जी खाते खोल चुका है।

शहडोल के बुढ़ार में पुलिस ने एक्सिस बैंक के असिस्टेंट मैनेजर विकास साहू सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों में आदित्य मिश्रा, ऋषि चौधरी, चंदन पंडित उर्फ दीपक और रोहित चौधरी शामिल हैं। इस गिरोह द्वारा की जा रही धोखाधड़ी को लेकर बुढ़ार के कैफे संचालक हिरेंद्र विश्वकर्मा और उनके साथी अभिषेक ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।



इन दोनों फरियादियों ने बताया कि खुद को गूगल-पे एजेंट बताने वाले युवक ने दस्तावेज और फिंगरप्रिंट ले लिए थे। बाद में उनके नाम से एनएसडीएल पेमेंट बैंक और फिनो बैंक में खाते खोल दिए गए, जबकि उन्होंने खाते खोलने के लिए आवेदन ही नहीं दिया था। अब इन खातों से लगातार लेन-देन भी हो रहा है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आदित्य मिश्रा को पकड़ा था। उसने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह टेलीग्राम के जरिए लोगों से जुड़ा था।

# आरटीई के तहत प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

**कटनी।** शिक्षा का अधिकार आरटीई अधिनियम के अंतर्गत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाइन निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा समय सारणी जारी कर दी गई है। अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु पात्र इच्छुक आवेदक अपने ग्राम, वार्ड, पड़ोस तथा विस्तारिक पड़ोस के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश हेतु अपनी समग्र आईडी एवं आधार सत्यापन करके ऑनलाइन आवेदन 21 मई तक किया जा सकेगा। जन शिक्षा केन्द्र द्वारा सत्यापन उपरांत पात्र पाये गये आवेदकों को रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से अशासकीय स्कूल का आवंटन किया जायेगा। विद्यालयों में प्रवेश के लिये अभिभावकों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। साथ ही आवेदन की तरह ही सत्यापन कराने की जिम्मेदारी भी अभिभावक की होगी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में लापरवाही बरतने वाले 7 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन में रूचि नहीं लेने और विभागीय गतिविधियों का क्रियान्वयन नहीं करने वाले 7 विभागों के जिलाधिकारियों को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस नोटिस का जवाब संबंधित अधिकारियों को 7 दिवस के भीतर प्रस्तुंत करने के निर्देश दिए गए हैं।

इन अधिकारियों को जारी हुआ नोटिस

जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों में संतोषजनक कार्य नहीं करने पर जिन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है उनमें कार्यपालन यंत्री नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विकास, महाप्रबंधक औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन एवं सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग और जिला शिक्षा अधिकारी शामिल है।

## इन दायित्वों का नहीं किया निर्वहन

जारी कारण बताओ नोटिस के अनुसार नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण को बांध स्थलों तथा अन्य विभागीय महत्व की संरचनाओं पर जल से संबंधित स्लोगन का अंकन कार्य, बांध, कंट्रोल स्ट्रक्चर एवं मुख्य नहर के हेड स्लूज के आसपास झाड़ी, पेड़ पौधों की छटाई एवं साफ सफाई कर स्थल का सौन्दर्यीकरण, विभाग अंतर्गत नहरों की वृहद साफ सफाई और अनुरक्षण के कार्य, कॉलोनी में रिक्त स्थानों पर सघन पौधारोपण की तैयारी, जल की उपयोगिता एवं महत्व की जानकारी आम जनों तक पहुंचाने हेतु जल उपरोक्ता संथाओं के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर अभियान तथा जल संवर्धन हेतु। बांध स्थल पर कृषकों की कार्यशाला का आयोजन का दायित्व सौंपा गया था। जो नहीं कराया गया।

इसी प्रकार जल संसाधन विभाग को विभाग के अंतर्गत सभी प्रकार की नहरों को विलेज मेप पर राजस्व विभाग की सहायता से मार्क कर शासकीय नहर अंकित किया जाना, बांध तथा नहरों पर अतिक्रमण की स्थिति में अतिक्रमण मुक्त किया जाना, सभी 40 हजार किलोमीटर की नहर प्रणाली में घास, झाड़ी, छोटे पेड़ पौधे आदि की सफाई का कार्य किया जाना, नहर के अंतिम छोर पर जहां नहर समाप्त होकर किसी नाले में मिलती है उस स्थान पर किलोमीटर स्टोन लगाया जाना, मध्यम एवं लघु परियोजनाओं में रखरखाव एवं मरम्मत के अनुमत्य अपूर्ण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करनाए लघु जलाशय में रिसाव रोकने के लिये पडल तथा आवश्यक हर्टिंग कार्य, तालाब के पाल बंड की मिट्टी के कटाव अथवा क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में पुनः निर्मित किये जाने का कार्य, तालाबों की पिचिंग, बोल्डर टो तथा घाट आदि के मरम्मत का कार्य, स्टापडेम, बैराज, वियर में गेट लगाना तथा मेनवाल, साईडवाल, की.वाल, एप्रॉन इत्यादि में मरम्मत अतिरिक्त निर्माण कार्य, जल संरचनाओं के किनारों पर यथासंभव बफर जोन तैयार कर किनारों पर अतिक्रमण को रोकने के लिये फेंसिंग के रूप में वृक्षारोपण का कार्य, फ्लशबार की मरम्मत कार्य, स्लूस वेल की सफाई कार्य का कार्य सौंपा गया था। जिसे पूर्ण नहीं कराया गया।

अभियान के तहत महाप्रबंधक औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साजहन एवं सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग को औद्योगिक इकाईयों को रूफ वाटर आर्वेस्टिंग हेतु प्रेरित करना, विभाग अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्रों तथा वृहद औद्योगिक इकाईयों में पौधारोपण की कार्य योजना तैयार करना, पौधारोपण अभियान हेतु सीएसआर का दायित्व दिया गया था। जिसे पूर्ण नहीं किया गया।

# भू अर्जन के चार साल बाद भी मुआवजे के लिए भटक रहे जैन दंपति

## 15 दिन में नहीं हुआ निराकरण तो करेंगे भूख हड़ताल



**कटनी।** बायपास भू-अर्जन मामले में ग्रेड सेपरेटर बायपास भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक् 01/3782/19-20 कटनी ग्रेड सेपरेटर बायपास लाईन के निर्माण हेतु भू-अर्जन प्रभावित शुमि/भवन का विभाग द्वारा कब्जा लेने के 4 साल बाद भी मुआवजा भुगतान का निराकरण न हो पाने के कारण भूख हड़ताल की सूचना दी है। फोर लाईन के निर्माण हेतु भू-अर्जन प्रभावित शुमि/भवन का विभाग द्वारा कब्जा लेने के 4 साल बाद भी मुआवजा भुगतान का निराकरण न हो पाने के कारण आज शहर के जैन दंपति ने कलेक्टर कार्यालय में भूख हड़ताल धरना के लिए आवेदन दिया है जैन दंपति द्वारा बताया गया कि विभाग के उपरोक्त संदर्भित पत्रो, प्रतिवेदनों एवं अधिनिर्णयों, अनुवृत्ति पत्रों के बावजूद भी प्रार्थी दीपाली जैन पति शैलेन्द्र जैन का भूमि/भवन का विभाग द्वारा अर्जन कब्जा कर लेने के साढें 4 साल बाद भी मुआवजा निर्धारण का भुगतान नही किया जा रहा।

उक्त संबंध में अतिरिक्त कलेक्टर साधना परस्ते से व्यक्तिगत रूप से भी कई बार निवेदन किया गया। लेकिन कोई कार्यवाही आज दिनांक तक नहीं की गई। जिस संबंध में विभाग द्वारा कब्जा लेने के 4 साल बाद भी मुआवजा भुगतान न करने की शिकायत का निराकरण कराने बाबत दिनांक 11 जून 2024 को कार्यालय में उक्त प्रकरण के निराकरण का निवेदन किया गया एवं दिनांक 11 जून 2024, 9 जूलाई 2024, 16 जुलाई 2024 तथा दिनांक 28 जनवरी 2025 को जन सुनवाई के माध्यम से शिकायत का निराकरण कराने बाबत पुनः आवेदन प्रस्तुत किया गया लेकिन आज दिनाँक तक उक्त प्रकरण में कोई सम्यक कार्यवाही न की जाकर अधिनिर्णय परिपूरक अवार्ड 10 जनवरी 2024 को पारित किया जाकर पिछले 15-16 माह से रिकार्ड फाईल अतिरिक्त जिलाध्यक्ष के कार्यालय से तहसीलदार एवं तहसीलदार सें अतिरिक्त जिलाध्यक्ष के कार्यालय के चक्कर लगा रही है।

मजबूरी वश अपनी संपत्ति एवं अपने परिवार के हितों के रक्षार्थ अपने अधिकारों को प्राप्त करने के लिए कलेक्टर कार्यालय के समक्ष 15 दिवस उपरांत दिनांक 8 मई 2025 से अपने परिवार के साथ भूख हड़ताल धरना ही एकमात्र विकल्प रह गया है। दीपाली जैन पति शैलेन्द्र जैन के भूमि/भवन आदि का मुआवजा भुगतान, अतिशीघ्र दिलाये जाने की मांग की है।

# बुद्ध जयंती पर 12 मई को बंद रहेगा मांसाहारी पदार्थो का क्रय-विक्रय

**कटनी।** सोमवार 12 मई को बुद्ध जयंती होने के कारण नगर में मांसाहारी पदार्थ मुर्गा, मुर्गी, मांस, मछली का ऋय विक्रय बंद रखने के निर्देश निगमायुक्त नीलेश दुबे ने दिए है। तदाशय के संबंध में नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें आम सूचना जारी करते हुए समस्त दुकानों को सोमवार 12 मई को बुद्ध जयंती होने के कारण मांसाहारी पदार्थ मुर्गा, मुर्गी, मांस, मछली का ऋय विक्रय बंद रखने के साथ ही खरीदनें एवं पकानें पर प्रतिबंध लगाने की जानकारी दी है। उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

# मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत हुए 80 हजार की राशि

**कटनी।** मुख्यामंत्री डॉ.मोहन यादव ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 2 गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों के उपचार हेतु 80 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की है। जारी स्वीकृत आदेश में विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की अनुशंसा पर बरही करौदी कला निवासी राजेश पटेल पिता रामस्वरूप पटेल की गंभीर बीमारी के उपचार हेतु 35 हजार रुपये एवं ग्राम पंचायत बुजबुजा निवासी रूपलाल पिता हरिलाल के उपचार हेतु 45 हजार रुपये की राशि स्वेुच्छानुदान मद से मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत की गई है।

# बाइक-पिकअप की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

**छतरपुर।** राजनगर क्षेत्र में रनेह फॉल रोड पर भवानीपुरा गाँव के पास बीती रात 11:30 बजे एक बाइक और पिकअप वाहन की टक्कर में तीन युवक घायल हो गए थे, जिनमें से एक युवक की मौत हो गई है जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को खजुराहो से जिला अस्पताल पन्ना रेफर किया गया, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। मृतक का पोस्टमॉर्टम गुरुवार को जिला अस्पताल में किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पन्ना जिले के ग्राम बनहरी का रहने वाला कंदी पुत्र सरजू आदिवासी उम्र 25 वर्ष अपने साथी भोला आदिवासी उम्र 25 वर्ष और संतु पुत्र पूरन आदिवासी उम्र 12 वर्ष के साथ, बीती रात बाइक से करिया बीजो गाँव से धुन्धू गाँव की ओर जा रहा था। तभी रनेह फॉल रोड पर भवानीपुरा गाँव के पास उनकी बाइक एक पिकअप वाहन से टकरा गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें खजुराहो अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल पन्ना रेफर किया गया।

**न्यायालय- व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक वरिष्ठ खण्ड त्योंथर, जिला-रीवा (म.प्र)**

व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक- MJC SUC 02./2025
पेशी दिनांक : 25.06.2025

राम सुशील मांझी पिता दीनबन्धु मांझी उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम- बरौहा, पो. अतरैला तहसील - जवा, जिला रीवा (म.प्र.)
........वादीगण/आवेदकगण
बनाम
आम जनता
.....प्रतिवादीगण/अनावेदकगण

विषयः प्रतिवादीगण की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के संबंध में

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख किया जाता है कि इस न्यायालय में लंबित व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक - MJC SUC 02./2025 राम सुशील मांझी पिता दीबन्धु ग्राम बरौहा का प्रकरण आवेदक द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है. जो विचाराधीन है। आवेदक क्रमांक 01 राम सुशील मांझी पिता दीनबन्धु मांझी उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बरौहा, पो. अतरैला तह. जवा जिला-रीवा म.प्र. द्वारा न्यायालय श्रीमान कामिनी प्रजापति व्यवहार न्यायाधीस वर्ग-1 त्योंथर जिला रीवा म.प्र. में दावा बावत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु आदेश-7, नियम-1 व्य0प्र0सं0 1908 ई. के अंतर्गत हर आम व खास के विरुद्ध व्यवहार पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 25.06.2025 नियत किया गया है। अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह व्यक्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से जिस किसी को मामले के बारे में जानकारी हो, न्यायालय में सुबह 11.00 बजे दिन उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा करें। यदि दिनांक25.06.2025 को हर आम व खास की ओर से उपस्थिति नहीं होती है तो अनावेदकगण की अनुपस्थिति में प्रकरण में सुनवाई पूर्ण की जावेगी।

नोटः- यदि किसी कारण से नियत पेशी दिनांक 25.06.2025 को शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है, तो इस स्थिति में कार्य दिवस में सुनवाई की जायेगी।

न्यायालय की पदमुद्रा, एवं मेरे हस्ताक्षर से प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जा रहा है।

(कामिनी प्रजापति)
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक
वरिष्ठ खण्ड त्योंथर,
जिला रीवा (म.प्र)

RN-82087

## दस्तावेज चोरी की सूचना

मैं, लक्ष्मी कोरी, पिता श्री मुन्नालाल कोरी, निवासी वार्ड क्रमांक 28, कोरियन मोहल्ला, धोबिया टंकी, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.), आधार क्रमांक 3715 2450 0558, शपथपूर्वक यह सार्वजनिक सूचना देती हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं। दिनांक 11.06.2022 को मेरे निवास स्थान पर चोरी की घटना हुई, जिसमें एक पेटी में रखे मेरे महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं व्यावसायिक दस्तावेज चोरी हो गए। इन दस्तावेजों में निम्न शामिल हैं: जी.एन.एम. (नर्सिंग) की मार्कशीट, नर्सिंग रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, नर्सिंग डिप्लोमा, स्नातक की मार्कशीट, 10वीं एवं 12वीं की मार्कशीट, इस सूचना के माध्यम से मैं सर्वसाधारण को अवगत कराना चाहती हूं कि उपरोक्त दस्तावेज अब मेरे पास उपलब्ध नहीं हैं, और इनका किसी भी प्रकार से दुरुपयोग होने की स्थिति में मैं उत्तरदायी नहीं रहूंगी।

यदि किसी व्यक्ति को इन दस्तावेजों के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त हो, तो कृपया मुझे अथवा निकटतम पुलिस स्टेशन को सूचित करें।

RN- 82237
लक्ष्मी कोरी

**म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन नं. : +91-755 4027100, 2774340/42, वेबसाइट : www.mpstdc.com
क्रमांक 187/यांत्रिकी/पविनि/25 दिनांक : 08.05.2025

**निविदा सूचना 94/2025_STDC_421978_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम:- **पन्ना स्थित हीरा संग्रहालय में संरक्षण, निर्माण एवं अन्य विकास कार्य। (08 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 672.94 लाख** वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 28.05.2025 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/119996/2025 कार्यपालन यंत्री

**कार्यालय कलेक्टर, जिला रायसेन (म.प्र.) एवं पदेन उप सचिव मध्यप्रदेश शासन (राजस्व विभाग) जिला-रायसेन (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक. 247/बी-121/अविअ/2023-24
क्रमॉक/ 3831 /भू-अर्जन/2025 रायसेन, दिनांक 5/04/2025

-:: अधिसूचना ::-
(भू-अर्जन अधिनियम 2013 की धारा 25 के अन्तर्गत)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रायसेन जिले की तहसील बेगमगंज अन्तर्गत **जेरा मध्यम परियोजना** अन्तर्गत डूब क्षेत्र में आने वाले **ग्राम सूजा-बीरान तहसील बेगमगंज** के कृषकों की निजी भूमियों का भू-अर्जन हेतु "भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013" की धारा-19 के तहत अर्जित की जाने वाली भूमियों का **मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 22 मार्च 2024 में प्रकाशन** किया गया है। अर्जित भूमियों के संबंध में भू-स्वामियों द्वारा दावे/आपत्ति प्रस्तुत करने से उनके निराकरण एवं विधिक प्रक्रिया अनुसार कार्यवाही पूर्ण करने हेतु अधिनिर्णय पारित किये जाने में समय लगने की संभावना है।

अतः **जेरा मध्यम परियोजना** के अन्तर्गत डूब क्षेत्र में आने वाले **ग्राम सूजा- बीरान तहसील बेगमगंज** जिला रायसेन के कृषकों की निजी भूमियों का अर्जन के लिये प्रकरण में अधिनिर्णय (अवार्ड) पारित किये जाने संबंधी कार्यवाही पूर्ण करने में समय लगने के कारण "भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013" की धारा-25 में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत **अधिसूचना जारी दिनांक से निरन्तर छः मास (6माह) के लिये समयावधि बढाये जाने हेतु अधिसूचित किया जाता है।**

(मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार)
(अरूण कुमार विश्वकर्मा)
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव
मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला-रायसेन

G-12537/25

**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला-रीवा (म.प्र.)**

**//निविदा सूचना //**

क्रमांक- 610/ई-टेंडर/न.पा.नि./2025 रीवा दिनांक 08.05.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_ 413943_2 08.05.2025 [SECOND CALL] 551/02.04.2025 | नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत सेंट्रल वर्ज एवं हरित क्षेत्रों (ग्रीन स्पेश) में वृक्षारोपण एवं उद्यानिकी का कार्य। | 24 माह ₹168.00 लाख | ₹12500.00 ₹84000.00 | 23.05.2025 18:55 बजे तक |

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (उद्यानिकी)
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, पुलिस लाइन रीवा (म.प्र.)
फोन : 9425601556/9340714903

**प्रेस-विज्ञप्ति**

संभाग रीवा के अंतर्गत जिला रीवा, मैहर, मऊगंज, सतना एवं टीकमगढ़ में विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 04/2025-26 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2025_ MPPHC_421559_1, 421563, 421584, 421606, 421642, 421661 & 421684 आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा प्रपत्र **दिनांक 21.05.2025 समय 17:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते हैं एवं निविदा सूचना व अन्य विवरण Portal : **http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/119985/2025 परियोजना यंत्री

**कार्यालय अधीक्षक जिला जेल बैढ़न (सिंगरौली) म0प्र0**
**वार्षिक ई-निविदा सूचना आमंत्रण बर्ष 2025-26 चतुर्थ आमंत्रण**

जिला जेल बैढ़न (सिंगरौली) में परिरुद्व बंदियों के उपयोंग हेतु 2025-26 के लिये खाद्यान, सब्जी, स्वच्छता एवं विद्युत सामग्री, तथा दूध दही, भवन निर्माण सामाग्री क्रय करने हेतु वार्षिक ई-निविदा बेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 26/05/2025 को सायं 05.00 तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in से प्राप्त करें। निविदा की निर्धारित तिथियॉं निम्नानुसार हैः-

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रि-बिड मीटिंग | 17/05/2025 प्रातः 11-00 बजे | जिला जेल बैढ़न सिंगरौली (म.प्र.) |
| 02 | ई-निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य रूपये 05.00 लाख तक रूपये 500.00 एवं रूपये 05.00 लाख से अधिक रू.1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 008 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी) | 26/05/2025 प्रातः 05.00 बजे तक | https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 03 | ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 26/05/2025 सायं 05.00 बजे तक | https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 04 | सेम्पल जमा करने की अंतिम तिथि | 27/05/2025 सायं 05.00 बजे तक | जिला जेल बैढ़न सिंगरौली (म.प्र.) |
| 05 | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेज खोलने की अंतिम तिथि | 28/05/2025 प्रातः 11.00 बजे | जिला जेल बैढ़न सिंगरौली (म.प्र.) |
| 06 | वित्तीय ई-निविदा खोलने की तिथि | 29/05/2025 प्रातः 11.00 बजे तक | https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |

नोटः-
01-संबंधित व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि ई-निविदा के नियम एवं शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी वेबसाइट पर https://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी है।
02-व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि डिब्बा बंद/पैक सामग्रियों का मेक मॉडल/ब्राण्ड नेम का विवरण देना अनिवार्य है।

जेल अधीक्षक
जिला जेल वैढ़न (सिंगरौली) म0प्र0

G- 12525/25

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग क्रमांक-1 रीवा**
**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 05/ब.ले.लि./निविदा/2025-2026 रीवा, दिनांक 05/05/2025

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र-अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर कमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) | 1- अमानत राशि 2- निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1- निविदा आमंत्रण क्र. 2- कार्यावधि सहित/ छोड़कर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PWDRB 421318 | सर्किट हाउस (राजनिवास) रीवा में मशीनीकृत हाउस कीपिंग और रखरखाव का कार्य | 250.00 | 1- 250000.00 2- 15000.00 | 1- प्रथम आमंत्रण 2- पांच वर्ष (परफारमेंस एवं रिन्युवल प्रति वर्ष) |
| | | कुल योग | 250.00 | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नेलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 21/05/2025 सायं 17.30 बजे निर्धारित है।** विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग(भ./स.)
संभाग क्रमांक-1 रीवा

G- 12529/25

**OFFICE OF COLLECTOR, SIDHI(M.P.)**

NIT NO 273/निर्वा./2025 Sidhi, Date 05.05.2025

**TENDER NOTICE**

Office Of Collector and District Election Officer Sidhi invites the electronic tender from original equipment manufacturers or their authorized distributors or resellers for supply of EVM Boxes
The details of bid and bidding schedule is given below-

| | |
|---|---|
| System tender No | .......... |
| Tender portal | www.mpeproc.gov.in |
| Cost of Document | INR 1000.00 (non-refundable) + (e-Procurement processing fees, non-refundable) to be paid online |
| Earnest Money Deposit (EMD) | Rs 10000.00( Rs Ten Thousand Only) |
| Purchase of Tender Start Date | 07/05/2025 time 17:00 |
| Purchase of Tender End Date | 28/05/2025 time 17:00 |
| Bid Submission End Date | 28/05/2025 time 17:00 |
| Opening Of Technical Bid | 29/05/2025 time 17:05 |
| Opening Of Financial Bid | 30/05/2025 time 17:10 onwards |

**Details of configuration, bidding procedure and other details are given in Bid document which is available and** https://mptenders.gov.in **. Interested bidders may submit the bid on e-tendering portal https://mptenders.gov.in. The Cost of document and EMD is payable online via payment gateway of e-tendering portal. The corrigendum and agendum issued (if any) related to this bid will be published on e-tendering portal only.**

जी-12515/25

Joint Collector
Distt-Sidhi (M.P.)

**कार्यालय प्रमुख अभियंता**
**जल संसाधन विभाग, भोपाल**
ईमेल- ce.tender.wrdmp@gmail.com
फोन- 0755-2767635 फेक्स-0755-2552406

निविदा सूचना कमांक -1148/2025-26/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक 05.05.2025

निम्न कार्यो हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 28.05.2025 को 17:30 बजे तक कय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स0 क0 | निविदा क. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_WRD_421327 | विशेष मद अन्तर्गत नंदनपुर तालाब के छतिग्रस्त हेड स्लूस को डिस्मेंटलिंग कर नवीन हेड स्लूस का पुर्ननिर्माण कार्य। | मऊगंज | 32.67 |
| 2. | 2025_WRD_421329 | विशेष मद अन्तर्गत मदराबल तालाब के छतिग्रस्त हेड स्लूस को डिस्मेंटलिंग कर नवीन हेड स्लूस का पुर्ननिर्माण कार्य। | मऊगंज | 20.67 |
| 3. | 2025_WRD_421331 | तवा बांयी तट मुख्य नहर की चैन क्र. 0 से 198 तक के मध्य क्षतिग्रस्त लाईनिंग पेनलों की मरम्मत एवं सीलिंग कम्पाउंड भरने का कार्य। | नर्मदापुरम | 27.97 |
| 4. | 2025_WRD_421332 | चायडीपुरा तालाब का विशेष मरम्मत कार्य। | इन्दौर | 59.53 |
| 5. | 2025_WRD_421345 | कोटेश्वर (इमलीपाड़ा) तालाब के डूब क्षेत्र में स्थित पुराना शिव मंदिर का संरक्षण कार्य। | रतलाम | 49.50 |
| 6. | 2025_WRD_421347 | उज्जैन अन्तर्गत निर्मित विभिन्न बैराजों एवं स्टॉप डेम के गेट वर्षाकाल पूर्व खोलने एवं वर्षाकाल लगाने का कार्य। | उज्जैन | 21.35 |
| 7. | 2025_WRD_421350 | बहुती मुख्य नहर परियोजना बाणसागर के हेड स्लूस पर हेड रेगुलेटर गेटस-आकार 2.30 मीटर X 5.00 मीटर-6 नंबर के एम्बेड़ेड भागों पर स्टेनलेस स्टील फ्लैटस का प्रदाय, फिटिंग का कार्य, कास्ट स्टील रोलर्स(व्हीलस) की कास्टिंग, मशीनिंग और असेंबली, जलद्वारों के एम्बेड़ेड भागों और गेट असेंबली के इरेक्शन का कार्य, ट्रेस्टल असेंबली, रेलिंग डेकिंग ट्रैशरैक के निर्माण, प्रदाय एवं इरेक्शन का कार्य, विद्युत चालित रोप ड्रम होइस्ट के डिजाइन ड्राइंग, निर्माण और इरेक्शन का कार्य। | भोपाल | 231.22 |

G- 12527/25 मुख्य अभियंता (प्रोक्यारमेंट)

**मैरिज गार्डन किराये से देना है**

कोष्ठा रीवा में मैरिज गार्डन किराये से देना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें:-
संपर्क करें : 6260806864
आरएन. 82088/(15/5)

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**लेकसिटी हॉस्पिटल**
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
e-mail: lakecityhospital@gmail.com | www.lakecityhospital.net
www.youtube.com/dranandjayantkale
+91 9111933376, +91 95229 69980
जले मरीजों के विकृतियों (contracture) जैसे हाथों की उंगलियों का टेढ़ापन, अंगूठे का चिपकना, कलाई में विकृति, कोहनी का चिपकना, कंधे का चिपकना, गर्दन का चिपकना, पैरों की उंगलियों के विकार, रखने का चिपकना, घुटने का चिपकना, इत्यादि के ऑपरेशन/प्लास्टिक सर्जरी
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस.,एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
जन्मजात कटे होंठ तालू के मुफ्त ऑपरेशन
Smiletrain योजना के अंतर्गत 3000 से ज्यादा सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं
जन्म से कटे होंठ और कटे तालु के मुफ्त ऑपरेशन
● जले मरीजों का इलाज मुफ्त ● जले मरीजों के विकार, विकृतियों के आपरेशन मुफ्त
जले मरीजों के विकारों के आपरेशन मुफ्त ऑपरेशन
जले मरीजों के विकार विकृतियों के चिन्हित ऑपरेशन रीसर्ज के अंतर्गत निःशुल्क किए जा रहे हैं

# ग्रेनाइट खदान में नियमों की खुलेआम हो रही अनदेखी

जागरण मनमानी

## ब्लॉस्टिंग से आसपास के दहल रहे मकान


### मनमानी तरीके से संचालित हो रहे खदान व क्रेशर

जागरण, सीधी



जिले में खनिज सामग्रियों का अवैध दोहन करने की होड़ मची हुई है। रसूखदारों को खनिज सामग्रियों के उत्खनन की अनुमति मिलती है। अनुमति मिलते ही उनके द्वारा सभी नियमों की अनदेखी करके मनमानी तौर पर संचालन शुरू कर दिया जाता है। खनिज खदानों के मनमानी संचालन को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं फिर भी जिम्मेदार पूरी तरह से मूकदर्शक बने हुए हैं। सीधी जिले के मझौली विकासखंड अंतर्गत खड़ौरा व करमाई मे संचालित ग्रेनाइड की खदानों में खुलेआम ब्लास्टिंग की जा रही है, जिससे आसपास के रहवासियों का जीवन संकट से घिर गया है। किंतु प्रशासन इस पर अंकुश लगाने के लिए आगे नहीं आ पा रहा हैं। संचालित ग्रेनाइड खदान व क्रेशर एक बड़े हादसे को आमंत्रण दे रही हैं। वहीं इनसे निकलने वाले डस्ट से पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है। कई ग्राम पंचायतों में खदाने व क्रेशर के द्वारा खनिज अधिनियमों को धता बताते हुए चंद क्षेत्रीय दबंगों के दम पर संचालित की जा रही हैं जिसमे कुछ क्षेत्रीय नेताओं का राजनैतिक संरक्षण लेकर प्रशासन के नाक के नीचे खनिज अधिनियमों की धज्जिया उड़ाई जा रहीं हैं जिस कारण इन खदानों व क्रेशर से उडने वाले धूल व डस्ट से लोग जहां कई तरह की गंभीर बीमारी व सांस रोगी बन रहे हैं वहीं पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। आए दिन हो रहे ब्लास्टिंग से पूरे समय लोगों को जान मॉल का खतरा बना रहता है। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में संचालित खदानों से उठाव करने वाले वाहनों को टीपी नहीं दी जाती हैं। जो सबसे ज्यादा गंभीर बात है। इन खदानों के बीच में ही केशर का भी संचालन किया जा रहा है जहाँ से लगभग सैकड़ो वाहन रोज गिट्टी लेकर निकलते हैं लेकिन उन्हें खनिज विभाग से अधिकृत या कंप्यूटर से निकली गई पक्की टीपी केशर संचालक द्वारा नहीं दी जाती। ओर नियमों का उल्लंघन कर धडल्ले से केशर संचालित हो रहा है। बताया गया है कि ग्रेनाइड की खदान के साथ ही मझौली क्षेत्र में संगमरमर की खदान का संचालन भी हो रहा है। वहां भी इसी तरह की मनमानी बनी हुई है। संगमरमर की खदान के संचालन को लेकर लंबे समय से मनमानी के आरोप लगते रहे हैं। बाहर की बड़ी कंपनियों को संगमरमर खदान संचालन की अनुमति मिलने के कारण जिम्मेदार अधिकारी भी कार्यवाही करने की जरूरत नहीं समझते। विभागीय अधिकारियों का पूर्ण संरक्षण खदान संचालकों को मिलते के कारण उनके द्वारा लीज के नाम पर भी बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। खनिज विभाग द्वारा एक बार लीज स्वीकृत करने के बाद मौके पर जाकर यह जानने का प्रयास नहीं किया जाता कि कितने क्षेत्रफल में खदान संचालित हो रही है। इसी का फायदा लीज धारी उठा रहे हैं। उनके द्वारा आसपास की भूमियों में भी अवैध रूप से खदानें संचालित की जा रही हैं। जिसको लेकर कभी-कभार विरोध भी सामने आता है। जिसको जिम्मेदार अधिकारियों की मदद से दबा दिया जाता है। बताया गया है कि संगमरमर की खदान के संचालन में कई आदिवासियों की भूमि को भी संबद्ध किया गया है। इसके लिए सहमति पत्र भी लिया गया है। किंतु जितने क्षेत्रफल के लिए सहमति मिली हुई है उससे ज्यादा क्षेत्रफल में संगमरमर की खदान संचालित हो रही है। संगमरमर के पत्थरों को निकालने के लिए भी कभी-कभार विस्फोट किया जाता है। जिसको लेकर भी कभी-कभार लोगों का आक्रोश सामने आता है। किंतु लीजधारी इतने दबंग हैं कि उनके द्वारा विरोध की आवाजों को भी दबा दिया जाता है।

### बाक्साइट खदान के पानी से किसानों की खेती बंद



जिले के रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम नैकिन में बाक्साइट एवं कैथल खदान मालिक कृष्णदास टीकाराम मेमर्स एवं पार्टनर अश्वनी गौतम की मनमानी से किसानों की खेती करीब छः वर्ष से पूरी तरह से बंद हो गई है। तत्संबंध में कमिश्नर रीवा के यहां शिकायती पत्र देकर नैकिन निवासी वेंणी प्रसाद तिवारी ने कहा है कि उक्त खदान से 120 एचपी मोटर द्वारा पानी किसानों के खेतों में निकाला जाता है। इस वजह से खेतों में हमेंशा पानी भरा रहता है और यहां सरपट के पेंड से जंगल तैयार हो गए हैं। पूरे खेत में करीब 6 फिट पानी भरा रहने से 18 किसान प्रभावित हैं और वह दोनो रबी में खेती नहीं कर पा रहे हैं।

# तेज रफ्तार में पलटा ऑटो, 15 यात्री घायल



जागरण, सीधी। जिले के बहरी-अमिलिया मार्ग में आज दोपहर रफ्तार का कहर देखने मिला, डढ़िया कुड़वा के समीप तेज रफ्तार में एक आटो के पलटने से उसमें सवार 15 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद सभी घायलों को दूसरे आटो से समीपी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहरी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार आज कमर्जी गाड़ा से वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने रावत परिवार लौआ जा रहे थे। तेज रफ्तार में आटो अनियंत्रित होकर डढ़िया कुड़वा के पास पलट गई। बताया गया कि एक अनियंत्रित बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ऑटो पलट गया। सभी घायलों को तत्काल एक अन्य ऑटो से नजदीकी अस्पताल बहरी लाया गया। अस्पताल के डॉ. अमित कुमार वर्मा व ड्यूटी स्टॉफ के द्वारा घायलों को समुचित इलाज देकर तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचित किया गया। एंबुलेंस प्रभारी श्रवण गौतम ने 4 एंबुलेंस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहरी रवाना किए व सभी घायलों को जिला अस्पताल सीधी भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल में भर्ती हादसे के घायलों में आशिकी कोल पिता लल्ले कोल उम्र 8 वर्ष, रोशनी कोल पिता लल्लू कोल उम्र 15 वर्ष, राधा कोल पिता लल्ले कोल उम्र 10 वर्ष, मालती कोल पिता लाले कोल उम्र 12 वर्ष, अंकित कोल पिता श्यामलाल कोल उम्र 10 वर्ष, सुमन कोल पति लाले कोल उम्र 38 वर्ष, उर्मिला कोल पति सुरेश कोल उम्र 40 वर्ष, छोटकी कोल पति श्यामलाल कोल उम्र 40 वर्ष, सरोज कोल पति रमेश कोल उम्र 35 वर्ष, लल्लू रावत पति मुन्नीलाल रावत उम्र 50 वर्ष, छोटी कोल पति लल्लू कोल उम्र 40 वर्ष, बिट्टन कोल पति राजकुमार कोल उम्र 38 वर्ष, राजकुमार कोल पिता श्यामलाल कोल उम्र 28 वर्ष, राजेश कोल पिता महेश कोल उम्र 35 वर्ष, हिंचलाल जायसवाल पिता गणेश जायसवाल उम्र 34 वर्ष सभी निवासी कमर्जी शामिल है।

## मानवता की सेवा करना ही रेडक्रास का उद्देश्यः डॉ. राजेश



जागरण, सीधी। इंडियन रेडक्रास सोसायटी शाखा सीधी के द्वारा विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सीधी लोकसभा के सांसद एवं रेडक्रास सोसायटी सीधी के चेयरमैन डॉ. राजेश मिश्रा ने रेडक्रास के महत्व को बताते हुए कहा कि रेडक्रास सोसायटी दुनिया का एकमात्र मानवतावादी संगठन है, जो युद्ध या प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ितों को राहत एवं सहायता प्रदान करता है और समाज में मानव जीवन रक्षा, स्वास्थ की चिंता और मानव की गरिमा बनी रहे इसका प्रयास करता है। विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर जिला सचिव कृष्णकांत द्विवेदी, वॉइस चेयर मैन प्रो. केबी सिंह, केशव चौरसिया, सुरेन्द्रमणि दुबे, गणेश सिंह परिहार, पुनीत शुक्ला, श्रीमती मनिला सिंह, श्रीमती विभा शर्मा, अमित प्रधान, अरविंद शुक्ल, आशीष मिश्र और बड़ी संख्या में रेडक्रास सोसायटी के सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्यालय के आर्यन शर्मा ने किया टॉप



जागरण, सीधी। सरस्वती शिशु मंदिर कोटहा सीधी के छात्र आर्यन शर्मा निवासी ग्राम चक्र कमर्जी ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की हाई स्कूल परीक्षा में 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया। संविदाकार बृजेन्द्र कुमार शर्मा के बेटे आर्यन शर्मा आरंभ से ही पठन-पाठन में मेधावी रहे हैं। उनके बाबा रमेश कुमार शर्मा पीएचई विभाग में कार्यरत हैं। यह मेधावी छात्र आरंभ से ही सरस्वती विद्यालय कोटहा में अध्ययनरत था। अन्य विधाओं की परीक्षा में भी आर्यन शर्मा को अपनी प्रतिभा के चलते हमेंशा प्रथम स्थान मिलता रहा है। छात्र के बाबा उमेश कुमार शर्मा पत्रकार में हर्ष व्यक्त करते हुए आर्यन शर्मा के सुखद भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इन्हें आगे और सफलता मिले जिससे बुलंदी तक पहुंचे। बधाई प्रेषित करने वालों में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, आचार्य गणों के साथ ही मंगलेश कुमार शर्मा, कैलाश प्रसाद शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, आशा शर्मा, प्रीती शर्मा, नेहा शर्मा, मोहित शर्मा, दीपक शर्मा, दादी सरोज शर्मा, माता रीता शर्मा समेत अन्य लोग शामिल हैं।

## लापता बालिका 48 घंटे के अंदर नाशिक से दस्तयाब

जागरण, सीधी। रामपुर नैकिन पुलिस ने गुमशुदा नाबालिक बालिका को 48 घंटे के अंदर ढूंढ़कर नाशिक महाराष्ट्र से दस्तयाब करते हुए परिजनों को सुपुर्द किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव व एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में रामपुर नैकिन पुलिस ने गुमशुदा नाबालिक बालिका को 48 घंटे के अंदर ढूंढ़कर महाराष्ट्र से दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया है। पुलिस के अनुसार फरियादी थाना रामपुर नैकिन मे उपस्थित आकर इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिक बेटी घर से बिना बताये कहीं चली गई है। आस पड़ोस मे कहीं कोई पता नहीं चल रहा है। मामले पर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। मामला गंभीर होने से थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी ने पुलिस टीम का गठन कर जल्द से जल्द किशोरी के पता तलाश एवं दस्त्याबी हेतु रवाना किया। जिसमे रामपुर नैकिन पुलिस टीम ने तत्परता पूर्वक 48 घंटों के भीतर नाबालिक लड़की को ढूंढ़कर नाशिक महाराष्ट्र से दस्तयाब करते हुए थाना लाई जिसे वैधानिक कार्रवाई के पश्चात परिजनों को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी, सउनि रजनीश सिंह, संजय सोनी, संतोष वैश्य, ओपी गौतम, प्रधान आरक्षक महेन्द्र विश्वकर्मा तथा महिला आरक्षक अंजली सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## स्वामी विवेकानंद एकेडमी छुही का शत प्रतिशत परिणाम



जागरण, मझौली। जिले के मझौली अंचल स्थित विद्यालय स्वामी विवेकानंद एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल छुही के कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 में 28 बच्चे सामिल रहे जिसमे से 6 बच्चों ने 90 प्रतिशत अंक से ज्यादा एवं 8 बच्चो ने 80 प्रतिशत अंक से ज्यादा एवं 6 बच्चों ने 70 प्रतिशत व उससे ज्यादा अंक हासिल किये एवं 4 बच्चों ने 60 प्रतिशत या उससे ज्यादा और 4 बच्चों ने 50 प्रतिशत या उससे ज्यादा अंक हासिल किये। जहां नीलाक्षी रावत 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान, तृप्ती गुप्ता एवं नैंसी गुप्ता ने 93.20 प्रतिशत प्राप्त करके संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान, अक्षत गुप्ता ने 92.40 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय की संचालिका नेहा गुप्ता ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। हमारा प्रयास आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करना रहेगा। विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI
Admission open for session 2025-26 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi
Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068

# नायब तहसीलदार पर हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

## 24 घंटे के अंदर रामपुर नैकिन पुलिस ने की कार्यवाही

जागरण, सीधी




नायब तहसीलदार रामपुर नैकिन पर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपियों को रामपुर नैकिन पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया। पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी अरविन्द श्रीवास्तव व एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में रामपुर नैकिन पुलिस द्वारा हत्या का प्रयास करने वाले आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया जाकर जेल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार दिनांक 6 मई 2025 को नायब तहसीलदार जेपी पाण्डेय द्वारा इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई गई कि आज कोटवार बृजलाल दहिया ग्राम पंडखुड़ी, पटेहरा तरफ सीमांकन संबंधी नोटिस तामिल करने गए हुए थे जो नोटिस तामिल करते समय दिलीप लोनिया, जेपी लोनिया, कोले लोनिया एवं राजेंद्र लोनिया सभी निवासी पटेहरा के द्वारा कोटवार के साथ गाली-गलौज कर विवाद किया गया, जिसकी सूचना कोटवार के द्वारा मुझे दी गई तो मैं स्वयं मौके पर पहुंचा जो उपरोक्त चारों लोगों के द्वारा कोटवार सहित मेरे साथ वाद विवाद कर रॉड, डंडा से मारपीट करने लगे जिसके कारण हमें चोट आई है। फरियादी कि रिपोर्ट पर थाना रामपुर नैकिन में धारा 296, 115(2) 132(1), 121, 109, 3(5) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। दौरान विवेचना आरोपी दिलीप लोनिया, जेपी लोनिया एवं राजेंद्र लोनिया सभी निवासी पटेहरा को दिनांक 7 मई 2025 को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय में पेश किया गया तथा एक आरोपी कोले लोनिया की पता तालास हेतु दो अलग-अलग टीम गठित कर रवाना किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षण सुधांशु तिवारी, चौकी प्रभारी पिपराव उनि शेषमणि मिश्रा, उनि कप्तान सिंह, चक्रधर प्रजापति, सउनि रजनीश सिंह, संजय सोनी, संतोष वैश्य, ओपी गौतम, प्रआर केशव सिंह, रामायण मिश्रा, महेन्द्र विश्वकर्मा, प्रसन्न मिश्रा, रामनिधि पाण्डेय, आरक्षक दिवाकर तिवारी, अंकित मिश्रा, महेन्द्र तिवारी, अजय विश्वकर्मा, सचिन कुमार, सचिन साहू, ना. शशिशेखर, विजय मिश्रा, 100 डायल पायलट प्रमोद द्विवेदी की कार्यवाही में अहम भूमिका रही।

## रोजगार के लिए शिविरों का किया जाएगा आयोजन

जागरण, सीधी। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा ने जानकारी देकर बताया है कि भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद नई दिल्ली के द्वारा एसआईएस सिक्योरिटी एण्ड इंटेलीजेंस सर्विसेस इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षा कार्य के लिये आवेदित उम्मीदवारों को पंजीकृत कर प्रशिक्षणोपरांत स्थानीय रोजगार देने के लिये कमाण्डेंट एस.आई.एस. प्रशिक्षण केन्द्र सिंगरौली द्वारा शिविर आयोजित करना है। उन्होंने बताया कि दिनांक 11 मई को थाना बहरी में, 12 मई को थाना भुइमाड में, 13 मई को थाना अमिलिया में, 14 मई को थाना कुसमी में, 17 मई को चौकी पोड़ी में, 18 मई को थाना मझौली में, 19 मई को चौकी पथरौला में, 20 मई को थाना मडवास में, 21 मई को थाना चुरहट में, 22 मई को थाना कमर्जी में, 23 मई को थाना रामपुर नैकिन में, 26 मई को चौकी खड्डी में, 27 मई को चौकी बम्हनी में, 28 मई को चौकी मोहनिया में, 29 मई को चौकी टिकरी में, 30 मई को थाना सेमरिया में, 2 जून 2025 को थाना जमोड़ी में एवं 3 जून को थाना कोतवाली में आयोजित किया गया है।

# विद्यार्थी परिषद् ने आंदोलन कर कुलपति का फूंका पुतला



जागरण, सीधी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई सीधी द्वारा दिनांक 7 मई को कन्या महाविद्यालय सीधी में व्याप्त समस्याओं को लेकर सैकड़ो छात्राओं की उपस्थिति में विश्वविद्यालय के द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी एवं अंकसूची नहीं मिलने को लेकर आंदोलन कर गेट में तालाबंदी की गई एवं विश्वविद्यालय कुलपति का पुतला दहन किया गया। जैसा कि विदित है कि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के द्वारा कुछ माह पूर्व जारी हुआ रिजल्ट काफी खराब रहा है और पूरे संभाग के छात्र-छात्राओं का रिजल्ट खराब हुआ हैं। इसी संदर्भ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई सीधी द्वारा पिछले दिनों शहर के कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य को कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया था। परंतु आज तिथि तक कोई कार्यवाही न होने पर महाविद्यालय परिसर में आंदोलन करते हुए गेट में तालाबंदी की गई एवं विश्वविद्यालय कुलपति का पुतला दहन भी किया गया। आंदोलन के दौरान विद्यार्थी परिषद की प्रांत सहमंत्री सुश्री अंजना साहू ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर ढीली कार्यपद्धति होने का आरोप लगाते हुए जल्द से जल्द रिजल्ट सुधार करने एवं पठन-पाठन की व्यवस्था को दुरुस्त करने को कहा हैं।

## जल स्रोतों को पुनर्जीवन देने किया जा रहा श्रमदान

जागरण, सीधी। जन अभियान परिषद के नेतृत्व में सीधी जिले के विकासखंड मझौली में कार्यरत स्वैच्छिक संगठन सत्य सरोवर समाज सेवा संस्थान द्वारा विगत एक माह से मझौली अंचल के विभिन्न ग्रामों में अलग-अलग दिवस जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए श्रमदान के माध्यम से कार्य कर रही है। इसी क्रम में आज श्रमदान का शुभारंभ नारियल चढ़ाकर जन अभियान परिषद् के संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक, विकास खण्ड समन्वयक रजनीश मिश्रा और परामर्शदाताओं की उपस्थिति में ग्रामीण जनों के साथ एक घंटे का श्रमदान ताला के पोड़री टोला कैलाश वृद्धाश्रम के पास नाले में किया गया। श्रमदान के साथ संभाग समन्वयक द्वारा उपस्थित लोगों के साथ जल स्रोतों को पुनर्जीवित और जल संरक्षण में सहभागिता करने के लिए संवाद किया गया। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि 30 जून तक सभी स्वैच्छिक रूप से पानी बचाने के लिए कार्य करें और लोगों को इसके लिए प्रेरित करें।

## श्रमिकों के लिए हुई विधिक जागरूकता शिविर



जागरण, सीधी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए साक्षरता शिविर का आयोजन दिनांक 8 मई 2025 को किया गया। इसके साथ ही लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु नगर पालिका सीमा अंतर्गत समस्त दुकानदानों को पैम्प्लेट्स के माध्यम से आगामी लोक अदालत में नगर पालिका एवं बिजली से संबंधित प्रकरणों के निराकरण कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया। शिविर में नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सेवाएं योजना 2015 अंतर्गत निर्माणाधीन भवन में कार्यरत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक द्वारा किया गया। उक्त शिविर मे मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा श्रम दिवस मनाने का कारण, उद्देश्य एवं संवैधानिक अधिकार, न्यूनतम मजदूरी, समान मजदूरी, ई श्रमिक कार्ड योजना, कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, आयुष्मान कार्ड आदि लाभकारी योजनाओं के संबंध मे विस्तार से जानकारी प्रदान करने के साथ ही मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल तथा मप्र असंगठित ग्रामीण एवं शहरी कर्मकार कल्याण मंडल की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ निःशुल्क विधिक सहायता, गैर संगठित क्षेत्र के मजदूरों के सशक्तिकरण एवं श्रमिकों के कानूनी अधिकार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रमिकों के लिए संचालित योजनाओं तथा श्रमिकों हेतु शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।

# पुलिस ने 2 लाख 78 हजार रुपए कीमती मशरूका किया जब्त

## 6 किलोग्राम गांजा के साथ तीन आरोपी धराए

### अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध की गई बड़ी कार्यवाही

जागरण, सीधी



अवैध नशे के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये मड़वास पुलिस ने लगभग 2 लाख 78 हजार रूपये कीमती मशरूका 6 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर विधि विरूद्ध बालक सहित 3 आरोपियों के विरूद्ध मामला पंजीबद्ध किया। पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा भापुसे के कुशल निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी अरविंद श्रीवास्तव व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुसमी रोशनी ठाकुर के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी मड़वास उनि केदार परौहा के नेतृत्व में मड़वास पुलिस की अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध फिर कार्यवाही करते हुये 1 लाख 8 हजार रूपये कीमती 6 किलोग्राम गांजा, 1.5 लाख रूपये कीमती 1 नग परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं 20 हजार रूपये कीमती दो नग मोबाईल फोन कुल कीमती 2 लाख 78 हजार रूपये का मशरूका जप्त कर विधि विरूद्ध बालक सहित 3 आरोपियों पर मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस के अनुसार दिनांक 7 मई 2025 को थाना प्रभारी मड़वास को जरियें मुखविर सूचना मिली कि एक मोटर सायकल में दो व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लेकर पथरौला तरफ से मड़वास अकला होते हुये नदहा जा रहे है। मुखविर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया जाकर उनके मार्गदर्शन में स्वयं के नेतृत्व में एक टीम गठित कर मुखविर के बतायें अनुसार रवाना होकर अकला पहुचकर नाकाबंदी की गई जो कुछ समय बाद मुखविर बताये अनुसार एक सफेद रंग की मोटर सायकल आते दिखी जिसे हमराह स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकडा गया तथा दोनो से नाम पता पूंछा गया जो अपना नाम सुनील साहू पिता बृजलाल साहू उम्र 22 वर्ष निवासी नदहा एवं दूसरा व्यक्ति का नाम पता पूंछा गया जो विधि विरूद्ध बालक होना बताया जिनके मोटर सायकल में रखे झोले को चेक किया गया, जिसमे भूरे रंग की पॉलिथीन के 6 पैकेट मिले, जो उक्त पैकेट को खोलकर देखा गया जो मादक पदार्थ गांजा कुल 6.130 किलोग्राम कीमती 108000 रूपये का पाया गया। आरोपियों ने पूंछतांछ में बताया कि अमर सिंह राठौर निवासी ब्यौहारी जिला शहडोल से उक्त मादक पदार्थ गांजा लेकर आये है। कुल 6 किलोग्राम गांजा कीमती 1 लाख 8 हजार रूपये परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमती 1.5 लाख एवं दो नग मोबाईल कीमती 20 हजार कुल कीमती 2 लाख 78 हजार रूपये आरोपियों से जप्त कर उसके परिवहन और रखने के संबंध में से वैध दस्तावेज की मांग की गई जो कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये आरोपियों का उक्त कृत्य एनडीपीएस की धारा 8, 20बी के तहत दंडनीय पाए जाने पर थाना मड़वास में अपराध कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मड़वास उनि केदार परौहा, उनि आरबी सिंह, सउनि राजकुमार परिहार, प्रआर लोकेन्द्र खतक, आरक्षक मोनू, चन्द्र कुमार, गोविंद एवं राकेश की अहम भूमिका रही है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# आतंक के खिलाफ निर्णायक जंग की ओर भारत

> पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसी आइएसआइ आतंकवादी संगठनों को संरक्षण और प्रशिक्षण देती रही हैं। जाहिर है, इन दोनों को सबक सिखाए बगैर इस समस्या पर काबू पाने का भरोसा नहीं दिलाया जा सकता।

भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान चकरा गया है। पाकिस्तान अब क्या करेगा? यह सवाल हर किसी के जेहन में है। क्या वह भारत के एयर स्ट्राइक का जवाब देगा? देगा तो कैसे देगा? क्या वह ऐसी गुस्ताखी करेगा, जिसके लिए वहां के कट्टरपंथी उकसा रहे होंगे? भारतीय सेना ने 100 किलोमीटर अंदर घुसकर पाकिस्तान को पहलगाम पर 9 जोरदार तमाचे मारे हैं। वो भी बेहद सफाई से। पाकिस्तान की हालत अब ऐसी हो गई है कि न तो उससे चीखते बन रहा है और ही कुछ करते। इसे इस तरह भी समझ सकते हैं कि भारत के इस एयर स्ट्राइक के बाद किसी भी बड़े देश ने पाकिस्तान का साथ नहीं दिया है।
पाकिस्तान को दरअसल भारत ने ऐसी मार मारी है कि वह चकरा गया है। अपनी भड़ास निकालने के लिए वह भारत पर वार करे भी तो कहां करें। पिछले दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान की ओर से सीमापार से गोलीबारी जारी है। हर रोज सीज फायर उल्लंघन हो रहा है। इसका भारतीय सुरक्षा बल भी रोज जवाब देते है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी और तेज होने की आशंका जताई जा रही है। माना जा रहा है कि इस गोलीबारी के जरिए पाकिस्तान अपना भड़ास निकालेगा। बुधवार को एयर स्ट्राइक के बाद जम्मू-कश्मीर के पूंछ में एलओसी से लगे इलाकों में देर रात ताबड़तोड़ फायरिंग की है। इस फायरिंग में 10 आम नागरिकों के मारे जाने की खबर सामने आई। पाकिस्तान इस हरकत से अपने लोगों को यह संदेश देगा कि हम भारत के हमले का जवाब दे रहे हैं। दुनिया के अनेक देश भारत के समर्थन में खड़े नजर आ रहे हैं, उससे निश्चय ही पाकिस्तान में पल रहे आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक युद्ध को बल मिला है। सब जानते हैं कि पाकिस्तान सदा से भारत के विरुद्ध आतंकवाद को पोसता और एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है। विश्व आतंकवाद की सूची में भी वह दुनिया में सबसे ऊपर के देशों में शुमार है। पहलगाम की घटना के बाद देश में जनाक्रोश है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा है कि सैन्य कार्रवाई समस्या का समाधान नहीं है। मगर फिर भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। पहलगाम हमले के बाद से ही वह लगातार नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी कर रहा है। वह एक तरह से भारत को उकसा रहा है। यह तो साफ है कि पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए केवल सैन्य कार्रवाई काफी नहीं है। उसके खिलाफ लंबे वक्त की रणनीति बना कर हमले करने होंगे। इसलिए सरकार ने पहले उस पर आर्थिक आघात करने का निर्णय किया। सेनाध्यक्षों को कार्रवाई के लिए खुली छूट दे दी गई है। अब कई राज्यों में नागरिकों को सतर्क रहने और सुरक्षा के अभ्यास कराए गए हैं। जाहिर है, जमीनी जंग की तैयारियां भी चल रही हैं।
पुलवामा और उरी हमले के बाद सेना ने पाकिस्तान पर लक्षित हमले किए थे, फिर भी वहां आतंकी प्रशिक्षण शिविर बंद नहीं हुए हैं। ऐसे में, अगर आतंकवाद के खिलाफ युद्ध के लिए रणनीति बनाई जा रही है, तो उम्मीद की जानी चाहिए कि उसका उल्लेखनीय नतीजा निकल सकता है।

# पत्थर के सनम...(भाग-1)



विचारों की तन्द्रा में खोते-खोते अनायास ही मुझे एक महात्मा का कथन याद आ गया... जो उन्होंने कभी हमें सुनाया था... वह भारतीय साधु यूरोप में इटली की यात्रा पर थे और उनके विदेशीय अभ्यागत बड़े गर्व के साथ उन्हें संगमरमर की अनेकों मूर्तियाँ दिखला रहे थे... देखो... देखो स्वामी जी... हमारे रोम के कारीगर... कैसे खेलते हैं इन पत्थरों से... कैसी-कैसी सुन्दर कलाकृतियाँ बनाई हैं इन्होंने...संगमरमर की यह हैं... विश्व प्रसिद्ध मूर्ति 'पिएटा'... देखें कैसे... एक पुत्र... जिसने क्रूस पर चढ़कर अपने जीवन का बलिदान दिया... उसकी माँ... मदर मैरी... क्राइस्ट को... कैसी ममता के साथ अपने अंक में उनकी मृत्यु के बाद भी समेटे हुए है... क्या आपके भारत देश में भी कोई ऐसा कारीगर है... जो पत्थरों में इतनी सुन्दरता भर दे? क्या ऐसी कला आपके देश में है...?

वह हिन्दुस्तानी संत कुछ देर तो खामोश रहे... फिर मन्द मुस्कान के साथ सौम्यता से बोले... बन्धु! मेरे भारत देश को ... पत्थरों को ऐसा सुन्दर गढ़ने की कला भले ही न आती हो... पर मेरे भारत को पत्थरों में प्राण फूंक उसे साक्षात भगवान बना देने की कला जरूर आती है... जो कि कदाचित... संसार के किसी दूसरे देश को नहीं आती... आखिर कितनी गहराई है... इस भारत देश में और इसकी सनातन परम्पराओं में... जिसके बिना मनुष्य का जीवन ही अपूर्ण है... अधूरा है... बिना भारतीय संस्कृति और सभ्यता के... भारतीयता के बिना मनुष्य का जीवन एक भटकाव है...

**कर सकता है पाषाण में उत्कीर्ण**
**राग-विराग की मुद्राएँ शिल्पी...**
**नहीं उकेर सकता, कृष्ण की अनासक्ति**
**महावीर की अनुकम्पा, बुद्ध की बोधि शिल्पी...**
**कर सकता है अभिव्यक्त**
**केवल इन्द्रियों की अनुभूति शिल्पी...**

हिन्दुत्व का जीवन दर्शन... मनुष्य के जीवन की वैज्ञानिक व्याख्या करता है... यदि हम पेड़ों में... नदियों में... शिलाओं में... वायु में... कजरारे मेघों आदि सभी तत्वों में... प्राणों की सत्ता देखते हैं... यदि हम समस्त चराचर की प्राणवान वस्तुओं में... एक लयबद्ध प्राणों के स्पन्दन को देखते हैं... और... उन सबकी विभिन्न भूमिकाओं में परस्पर एकता की परिकल्पना में... ब्रह्मांड में व्याप्त ऊर्जा की कल्पना करते हैं... उन सभी तत्वों में एक ही प्राण एक ही ऊर्जा होने का जब विश्वास करते हैं... तो विश्वास कीजिए... तब पत्थर में भी प्राण आ जाते हैं...

आखिर कोई ब्रम्हनिष्ठ... कोई सन्यासी... कोई यति... कोई साधक... कोई ब्रम्हचारी... कोई परिव्राजकाचार्य जब...ह्रीं ह्रीं ह्रीं... का ब्रह्मनाद अपनी आत्मा की अतल गहराइयों में जगाता हुआ... पाषाण शिला से तराशी गई किसी सुन्दर देव मूर्ति में... या फिर... शालिगराम की गोल मटोल या टेढ़ी-मेढ़ी बटुइया में... या फिर लम्बोत्तर शिव लिंगाकृति में ... जिसके न हाथ हैं... न पैर... न मुख और न ही नेत्र... उस पत्थर की शिला को आँख मूंद कर... अपनी तर्जनी अंगुली का स्पर्श कर... उस पाषाण में भी वेद मंत्रों को उच्चारित करते हुए... जब प्राण-प्रतिष्ठा करता है... तब आखिर ऐसे पलों में... वह सन्यासी... वह यति... वह साधक... वह ब्रम्हचारी... आखिर इन्हीं विचारों को तो अपने मस्तिष्क में एकाग्र कर... उन्हें अपनी आत्मा की गहराइयों में उतारता हुआ ही तो... पत्थर की निर्जीव शिलाओं में... हमेशा-हमेशा के लिए...




सृष्टि के कण-कण में व्याप्त... प्राण ऊर्जा को सदा- सदा के लिए प्रतिष्ठापित कर देता है... और साथ ही... अपने स्वयं के प्राणांशों को... अपनी साधना को... अपने तप को... अपने सत्य को ... बसा देता है सदा-सदा के लिए... देव मंदिर में पूजित इन पाषाण प्रतिमाओं में....

फिर महीनों बरसों तक नहीं... बल्कि सदियों तक... वह पाषाण की देव प्रतिमाएं... सजीव होकर पूरी करती हैं... मनुष्यों की हर अभिलाषा को... और यही नहीं... बल्कि यह पाषाण की प्रतिमायें इतनी सजीव... इतनी जीवंत हो उठती हैं कि... जब मनुष्य के द्वारा निवेदित नैवेद्य को पुजारी ... प्राणाय स्वाहा... व्यानाय स्वाहा... अपानाय स्वाहा... उदानाय स्वाहा... ब्रम्हणे स्वाहा... के मंत्रोच्चार के साथ उन पाषाण प्रतिमाओं को... निवेदित करता है... तब उन प्रतिमाओं में किसी महामानव के द्वारा बसाये हुए वही देव प्राण... सूक्ष्म भावों में साकार हो कर... ग्रहण करते हैं... उस नैवेद्य के सूक्ष्म तृप्ति तत्व को... और करते हैं पूरी मन्नतें हजारों-लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं की... अंग्रेजी भाषा में एक शब्द है जो कि परमात्मा के लिये... प्रयोग किया जाता है... अंग्रेजी में ईश्वर को 'GOD' (गॉड) कह कर पुकारा जाता है... भाषा विज्ञान के विशेषज्ञ 'GOD' के मूल अर्थ की विवेचना करते हुए कहते हैं... जिस मूल धातु से यह शब्द 'GOD' उत्पन्न हुआ है... उसका व्याकरणीय अर्थ है- 'जिसको बुलाया जाता है'

मुझे लगता है दुनिया के सभी धर्मों में प्रार्थना का एक ही अर्थ है... भगवान को बुलाना... परमात्मा का आह्वान करना... परमात्मा तो एक ही है उसी को मंत्रों के द्वारा बुलाया जाता है... उसे ही अज़ान दी जाती है... उसी को गुरुवाणी की अरदासों से पुकारा जाता है... उसी को गिरजों के घंटों से आह्वानित किया जाता है... वही है अदृश्यमान 'परमेश्वर'... एक दृष्टिकोण यह भी है कि... पूजा का अर्थ है... भगवान को आमंत्रित कर... उसे सीमित स्थान में... सीमित आकृति में... प्रतिस्थापित करना...

हमारी सनातन हिन्दू ज्ञान परम्परा कहती है... भगवान के लिये... उसकी प्रतिस्थापना करना ही पूजन का प्रथम अंश है... 'ईश्वर' असीम है... वह विराट है ... मनुष्य की सीमाएं हैं... अतः मानव पाषाण की या मृतिका की अथवा धातु की या फिर काष्ठ की एक छोटी सी प्रतिमा का ही निर्माण कर सकता है... फिर इंसान के द्वारा पत्थर मिट्टी या काठ की बनाई इस प्रतिमा में... 'परमात्मा' का आह्वान कर... उसे प्रतिस्थापित करना... ईश्वर के साकार रूप के पूजन को आरंभ करना है... यह भगवान के पूजन का प्रथम चरण है.....

जब भक्त के अन्तरमन की सच्ची भावनायें... सच्चे मन से कातर हो उस 'निराकार - परमब्रह्म' को आह्वानित करती हैं कि... हे भगवन...! तुम निराकार हो... असीम हो... सर्वज्ञ और सर्वत्र हो...! मैं कहाँ तुम्हारे किस विराट रूप को पुष्पांजलि अर्पित करूँ...! मैं भला तुम असीम प्रकाशवान परमात्मा की इस चराचर में... इस अखिल ब्रह्मांड में वास करने वाले तेज-पुंज की कहाँ और कैसे उतारूँ इस छोटे से टिमटिमाते दीप से आरती... कहाँ भेंट करूँ तुम्हें नैवेद्य और धूप की सुगन्ध...

**क्रमशः-16 मई शुक्रवार को**

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

# पाकिस्तान से क्रिकेट डिप्लोमेसी के बारे में विचार करे भारत

खेल संस्कृति




> पाकिस्तान से क्रिकेट डिप्लोमेसी के जरिए भारत एक मुद्दत से संबंध सुधारने में लगा रहा, लेकिन पाकिस्तान आतंक के जरिए भारत को गहरे जख्म देता रहा है। न्यूज चैनलों व यू-ट्यूब चैनलों पर पाक क्रिकेटरों व फनकारों के भारत विरोधी बयान सरेआम सुने जा सकते हैं। क्रिकेट और आतंक का खूनी खेल, दोनों एक साथ नहीं चलेंगे, चूंकि पाकिस्तान की तखलीक भारत विरोध पर हुई है।

प्रताप सिंह पटियाल

खेल प्रतिस्पर्धाएं विश्व में आपसी सौहार्द बढ़ाने का एक बड़ा माध्यम हैं। खेल संस्कृति के दृष्टिकोण पर गौर करें तो बड़े से बड़े खिलाड़ी भी खेल मैदान पर शालीनता, मैत्रीपूर्ण व सकारात्मक तरीके से खेलना पसंद करते हैं। जीत-हार खेल के दो पहलू हैं। खेल का परिणाम जो भी हो, प्रतिद्वंद्वी टीम का सम्मान करके जीत व हार को विनम्रता से स्वीकार करना खिलाड़ी व खेल की महानता को दर्शाता है। अंग्रेजों ने क्रिकेट को 'जेंटलमैन गेम' कहा था। लेकिन खेल के मैदान में यदि प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान हो तो नैतिकता व शिष्टाचार वजूद तलाशते हैं। क्रिकेट व हॉकी में पाकिस्तान भारत का कट्टर प्रतिद्वंद्वी रहा है। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ चार युद्धों को अंजाम देकर कई आतंकी हमले भी कराए। हजारों सैनिक व सैकड़ों बेगुनाह लोग मारे गए, मगर पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय क्रिकेट डिप्लोमेसी में कोई बदलाव नहीं हुआ। सन् 1949 में कश्मीर युद्ध की जंगबंदी का ऐलान हुआ। 28 जुलाई 1952 को इंग्लैंड के लॉर्ड्स में 'इंपीरियल क्रिकेट कान्फ्रेंस' में भारत ने सिफारिश करके पाकिस्तान को टेस्ट क्रिकेट का दर्जा दिलाने में अहम किरदार अदा किया था। उसके बाद पाकिस्तान ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच अक्तूबर 1952 में दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान पर भारत के खिलाफ खेला था। भारत-पाक की उस टेस्ट सीरीज में 'अब्दुल हफीज कारदार' पाक टीम के कप्तान थे। पाक टीम के प्रथम कप्तान कारदार विभाजन से पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा थे। दिलचस्प बात यह है कि कंगाली से जूझ रही पाक क्रिकेट टीम सन् 1952 में जब भारत के दौरे पर आई तो उनकी पूरी आर्थिक मदद 'भारतीय क्रिकेट बोर्ड' ने की थी। इस बात को पाकिस्तानी लेखक 'उमर नोमान' ने अपनी किताब 'ए हिस्ट्री ऑफ क्रिकेट इन पाकिस्तान' में तफसील से बयान किया था। 'भोपाल रियासत' से ताल्लुक रखने वाले व पाक क्रिकेट बोर्ड के चीफ रहे 'शहरयार खान' ने भी उस बात को तसलीम किया था। भारतीय इतिहासकार 'रामचंद्र गुहा' ने भी अपनी किताब 'ए कार्नर ऑफ ए फॉर्नर फील्ड' में लिखा था कि बीसीसीआई ने वित्तीय मदद से पाक क्रिकेट की बुनियाद को मजबूत किया था। मगर पाकिस्तान ने अपनी अवाम को क्रिकेट के लिए भारत का एहसान कभी नहीं बताया। लेकिन एहसान फरामोशी की हद देखिए, भारत की आर्थिक मदद से पाक क्रिकेट टीम सन् 1952 में जब हिंदुस्तान के दौरे पर आई तो टीम कैप्टन कारदार का दिमाग कश्मीर की वादियों में घूम रहा था। टेस्ट सीरीज खत्म होते ही अब्दुल हफीज कारदार ने कश्मीर को पाकिस्तान का अभिन्न अंग बता कर एक नया विवाद खड़ा कर दिया था। सन् 1986-87 के दौर में भारतीय सेना सियाचिन ग्लेशियर के महाज पर कब्जा करने के लिए पाक सेना से संघर्ष कर रही थी। हमारे सैनिक बलिदान हो रहे थे। पंजाब सूबे में पाक परस्त आतंक चरम पर था, मगर उसी दौरान 21 फरवरी 1987 को पाक आतंकवाद के जनक जनरल 'जिया उल हक' भारत और पाक के बीच जयपुर टेस्ट मैच देखने आए और वापसी के वक्त जिक्र किया था कि भारत और पाक के बीच अगली जंग परमाणु युद्ध होगा। जून 1999 में कारगिल युद्ध चरम पर था। मगर आठ जून 1999 को भारत व पाक के दरम्यान विश्व कप का मैच खेला गया। पाक परस्त आतंकियों ने 13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद पर हमला कर दिया। 24 सितंबर 2002 को अक्षरधाम हमला हुआ। मगर सन् 2004 में भारतीय टीम पाकिस्तान के दौरे पर थी। जून 2008 में 'एशिया कप' के लिए भारतीय टीम एक बार फिर पाक दौरे पर थी। उसके ठीक बाद 26 नवंबर 2008 को पाक पोषित आतंकियों ने मुंबई पर हमला करके 166 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। मगर 30 मार्च 2011 को पाक वजीरे आजम 'यूसुफ रजा गिलानी' वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल देखने के लिए 'मोहाली' में तशरीफ ले आए थे। सन् 2012-13 में पाक टीम भारत के दौरे पर थी।
इतिहास गवाह है कि पाकिस्तान से क्रिकेट डिप्लोमेसी के जरिए भारत एक मुद्दत से संबंध सुधारने में लगा रहा, लेकिन पाकिस्तान आतंक के जरिए भारत को गहरे जख्म देता रहा है। न्यूज चैनलों व यू-ट्यूब चैनलों पर पाक क्रिकेटरों व फनकारों के भारत विरोधी बयान सरेआम सुने जा सकते हैं। भारत सरकार ने पाक के कई न्यूज व यू-ट्यूब चैनल भी बंद किए हैं। लिहाजा बलिदान हो रहे सैनिकों के सम्मान में भारत को आतंकी मुल्क से क्रिकेट डिप्लोमेसी भी खत्म करनी होगी। भारतीय मीडिया को अपने न्यूज चैनलों पर पाकिस्तानियों को गुफ्तगू के लिए दावत देना भी बंद करना होगा। क्रिकेट और आतंक का खूनी खेल, दोनों एक साथ नहीं चलेंगे, चूंकि पाकिस्तान की तखलीक भारत विरोध पर हुई है।

प्रसंगवश

# भारत की दो बेटियों के जरिए दिया आतंकवाद के जवाब का संदेश

> एयरस्ट्राइक पर जानकारी देने के लिए बुधवार सुबह विदेश मंत्रालय, सेना और वायु सेना की ब्रीफिंग में दुनिया के देशों और पाकिस्तान के लिए कई मेसेज छिपे थे। सबसे अहम पहलू तो यह कि यह देश की बेटियों के द्वारा दिया गया।

पाकिस्तान और पीओके में 100 किलोमीटर अंदर तक घुसकर भारत ने क्लियर मेसेज दे दिया है। संसद हमले से लेकर पहलगाम तक आतंक के जख्म दुनिया को दिखाकर भारत ने यह मेसेज क्लियर कर दिया है कि आतंक के खिलाफ प्रहार होगा और जोरदार होगा। ऑपरेशन सिंदूर पर 1.40 मिनट की फिल्म दिखाई गई । विदेश सचिव विक्रम मिसरी बीच में, उनके दाईं तरफ कर्नल सोफिया कुरैशी और उनके बाईं ओर विंग कमांडर व्योमिका थीं। तीनों के पीछे स्क्रीन पर एक फिल्म चलाई गई। हर भारतीय की आह उसमें है। फिल्म के शुरुआत में अंग्रेजी में एक मेसेज चलता है। मेसेज है- जब दुनिया नई सदी को गले लगा रही है, भारत सीमा पार आतंकवाद से लगातार लड़ रहा है। और फिर स्क्रीन पर पाकिस्तान के आतंकी करतूतों की पूरी फिल्म चलने लगती है।
2001 संसद पर आतंकी हमला से शुरू होकर सबसे आखिर में 2025 का पहलगाम अटैक तक सब कुछ इस 1.40 मिनिट की फिल्म में दिखाया गया। स्क्रीन पर मेसेज इन शब्दों के साथ पूरा होता है- पिछले दशक में सीमापार आतंकवाद से 350 से ज्यादा नागरिकों की जानें गई हैं, 800 लोग घायल हुए हैं। आतंक से देश की रक्षा करते हुए 600 जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, 1400 से ज्यादा घायल हुए हैं। और फिर स्क्रीन पर उभरता है... नो मोर- यानी अब नहीं। मेसेज- 1 अब और नहीं सहेगा भारत...।
पाकिस्तान और पीओके अंदर नौ आतंकी ठिकाने जिस तरह चुने गए वह भी अपने आप में एक मेसेज है। भारत ने 2001 से अब तक मिले जख्मों का बदला लिया है। इसके साथ ही विदेश सचिव विक्रम मिसरी की प्रेस ब्रीफिंग में मौजूदगी से साफ है कि भारत सैन्य के साथ कूटनीति के जरिए आगे बढ़ेगा। मिसरी ने भी यह यह साफ लफ्जों में कहा कि भारत ने सीमापार आतंकवाद का जवाब देने और उसे रोकने के अपने अधिकार का इस्तेमाल किया है।

## दो महिला अधिकारियों से क्या गया मैसेज

ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए सेना और वायुसेना की दो महिला अधिकारियों को चुना गया। ये थीं- कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका। संसद हमले से लेकर पहलगाम अटैक तक जिस तरह आतंकियों ने कई सुहागिनों का सिंदूर उजाड़ा है, माना जा रहा है उसको देखते हुए ही इस ऑपरेशन को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। सूत्रों के मुताबिक सेना को खुद यह नाम पीएम मोदी की ओर से सुझाया गया था। इस ऑपरेशन की डीटेल्स देने के लिए दो बेटियों को चुनकर यह संदेश दिया गया कि भारत की बेटियां जवाब देना जानती हैं। इसके साथ ही आतंकियों ने जिस तरह से पहलगाम में धर्म पूछकर पर्यटकों को गोली मारी और भाईचारे को बिगाड़ने की कोशिश की, प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नल सोफिया कुरैशी इसका जवाब मानी जा रही हैं।



## ॥गीता॥



श्लोक : यदा सत्त्वे प्रवृद्धे
तु प्रलयं याति देहभृत।
तदोत्तमविदां लोकानमलान्प्रतिपद्यते॥

भावार्थ :
जब यह मनुष्य सत्वगुण की वृद्धि में मृत्यु को प्राप्त होता है, तब तो उत्तम कर्म करने वालों के निर्मल दिव्य स्वर्गादि लोकों को प्राप्त होता है।

जीवन दर्शन

# धैर्य रखें इंतज़ार का फल कुछ अच्छा ही होगा

असफलता का सबसे बड़ा जवाब है सफलता। वक्त को समझने के लिए इंतजार करना बहुत जरूरी होता है। इंतजार के बाद अपनी बारी आने का यही आनंद है। जब कठिनाइयां घेर लेती हैं, तब यह विश्वास रखना चाहिए कि हमारा भी समय आएगा, और जब वह आएगा, तो उसकी खुशी और सफलता का आनंद ही अलग होगा। वक्त से पहले और किस्मत से ज्यादा किसी को नहीं मिलता। इसमें किस्मत का तो कोई पैमाना नहीं, लेकिन वक्त की पैमाइश के लिए हमने घड़ियां ईजाद की हुई हैं। हालांकि क्या इनसे सही वक्त को पकड़ा जा सकता है? नोबेल पुरस्कार विजेता अमेरिकी साहित्यकार विलियम फॉकनर का मानना था कि, 'घड़ियां समय की हत्या कर देती हैं, वक्त तब तक मरा होता है जब तक कि उसे छोटे पहियों की टिक-टिक से मापा जाता है। जब घड़ी रुकती है, केवल तभी समय जिंदा होता है।' और किसका वक्त कब जिंदा होकर बोल पड़ेगा, इसके लिए करना पड़ता है थोड़ा इंतजार।



अपने वक्त का इंतजार और फिर उस वक्त के आने का उत्साह, इस आनंद को मापने का भी कोई तरीका नहीं। 'अपना टाइम आएगा' केवल एक आशावादी वाक्य नहीं, बल्कि जीवन की सच्चाई को व्यक्त करने वाला विचार है। जब कठिनाइयां घेर लेती हैं, तब यह विश्वास रखना चाहिए कि हमारा भी समय आएगा, और जब वह आएगा, तो उसकी खुशी और सफलता का आनंद ही अलग होगा। जितना अधिक संघर्ष, उतना अधिक आनंद। इंतजार हमें धैर्य सिखाता है। बीज जब जमीन पर गिरता है, तो मिट्टी के नीचे दबे रहने की तकलीफ से नहीं घबराता। कड़ी धूप भी उसकी हिम्मत नहीं तोड़ती। वह जानता है कि जब बारिश होगी, तो उसे ऊपर आने का अवसर मिलेगा। तब तक वह मिट्टी में ही अपनी जड़ें मजबूत करता रहता है। यही है इंतजार, जो केवल समय बिताने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि है खुद को मजबूत करने, निखारने और सही समय के लिए तैयार करने का अवसर। इसके बाद जब हमारा समय आता है, तो उसकी खुशी का अनुभव सबसे अलग होता है। इंतजार करने का मतलब कमतर होना नहीं, पहले से अधिक बेहतर बनना है। कोई न कोई उद्देश्य जरूर होता है हर ठहराव और रुकावट के पीछे। उद्देश्य समझ आ गया, तो इंतजार खलेगा नहीं। उसे समझें, संघर्ष करें और खुद को तैयार करें। जब समय आएगा, तो सफलता खुद बोलेगी, और दुनिया सुनेगी। और उस वक्त को समझने के लिए किसी घड़ी की टिक-टिक की जरूरत नहीं।

# प्रदेश में बनेंगे सखी भवन, छात्राएं व कामकाजी महिलाएं रुक सकेंगी

## समीक्षा बैठक में सीएम ने प्रदेश को कुपोषण मुक्त कराने मोटी आई जैसी योजना पर फोकस करने को कहा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश के सखी भवनों में अब कामकाजी महिलाओं के अलावा बाहरी छात्राओं को भी रहने का मौका मिलेगा। सरकार औद्योगिक क्षेत्रों में भी सखी भवन निर्माण कराएगी। सभी भवनों में सुरक्षा व्यवस्था पर भी फोकस किया जाएगा। ये निर्देश बुधवार को मंत्रालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य में कोई भी आंगनबाड़ी केन्द्र न तो किराए के मकान में चलना चाहिए और न ही भवन जर्जर हो। इसके लिए जल्द विस्तृत कार्ययोजना तैयार करे, जिससे इस दिशा में काम किया जा सके। सीएम ने कहा कि हमें बच्चों के पोषण और उनके शारीरिक विकास पर पूरा ध्यान देना होगा। इसके लिए महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और आयुष विभाग मिलकर समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश को पूरी तरह से कुपोषण मुक्त बनाना है, इसे हर जिले के विभागीय अधिकार टास्क लेकर चले। झाबुआ की मोटी आई जैसे नवाचार दूसरे जिलों में भी प्रारम्भ किए जाए। सीएम ने कहा है कि कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए प्रदेश के सभी शहरों में हॉस्टल सुविधा उपलब्ध कराई जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित सखी-निवास सुविधा का विस्तार उन औद्योगिक क्षेत्रों में भी किया जाए, जहां महिला कर्मचारी अधिक संख्या में हैं। उन्होंने आंगनबाड़ियों में पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराने की व्यवस्था को लेकर एक माह के अंदर नए सिरे से कार्य योजना बनाने के भी निर्देश दिए। सीएम ने कहा समय-सीमा निर्धारित कर यह सुनिश्चित किया जाए की सभी जिलों में आंगनवाड़ियां शासकीय भवनों में संचालित हों। इसके लिए स्कूल शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास और जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य विभागों के उपलब्ध भवनों का भी उपयोग किया जाए। जिला स्तर पर पंचायत राज संस्थाओं, नगरीय निकायों के सहयोग तथा सांसद-विधायक निधि, डीएमएफ एवं अन्य संसाधनों से प्राथमिकता के आधार पर आंगनवाड़ियों के लिए भवनों का निर्माण कराया जाए। भवनों में जहाँ पर्याप्त स्थान और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हों, वहीं आंगनवाड़ियों का संचालन हो।



### युवतियों को दिया गया प्रशिक्षण

अधिकारियों ने सीएम को बताया कि महिला हेल्प लाइन-181 से इस वर्ष 82 हजार 552 महिलाओं को सहायता दी गई। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में गर्भवती महिलाओं को मजदूरी की हानि की क्षतिपूर्ति के रूप में 58 लाख 70 हजार हितग्राहियों को एक हजार 878 करोड़ का भुगतान किया गया। सशक्त वाहिनी नवाचार में 11 हजार 321 युवतियों को प्रशिक्षण दिया गया और 156 युवतियां शासकीय विभागों में चयनित हुईं। बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने भी विभागीय योजनाओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और उन्हें नवाचार के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, विभागीय प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### एवरेस्ट के बेस कैंप पहुंचे प्रदेश के आईएफएस बंसल



**विस, भोपाल।** सिंगरौली में पदस्थ डीएफओ अखिल बंसल प्रदेश के पहले आईएफएस अधिकारी बन गए हैं, जिन्होंने माउंटेनियर के रूप में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट के बेस कैंप तक चढ़ाई करने में सफलता पाई है। नेपाल के सागरमाथा नेशनल पार्क में मौजूद एवरेस्ट के बेस कैंप के साथ ही अखिल बंसल हिमालय की नागार्जुन (5200 मीटर) और काला पत्थर (5600 मीटर) पीक को भी फतह कर लिया है। एवरेस्ट बेस कैंप से लौटे बंसल ने बताया कि उनका अगला लक्ष्य एवरेस्ट को फतह करना है। इससे पहले लद्दाख की जंस्कार घाटी में चादर ट्रैक पर ट्रैकिंग कर चुके हैं। चंडीगढ़ में जन्मे अखिल बंसल भारतीय वन सेवा के 2016 बैच के मप्र कैडर के अधिकारी हैं। बंसल को पिछले माह ही राज्य शासन ने खुद के खर्च और जोखिम पर माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की अनुमति दी थी। इसके बाद 10 अप्रैल को वे नेपाल के सागर माथा नेशनल पहुंचे। 11 अप्रैल को लुकला कैप से चढ़ाई की शुरुआत की।

### पानी की समस्या पर नजर रखेगा पोर्टल

**विसं, भोपाल।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग दर्पण पोर्टल से पेयजल योजनाओं की निगरानी व हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण करेगा। पोर्टल का बुधवार को विभागीय मंत्री संपतिया उइके ने शुभारंभ किया। मंत्री ने कहा कि यह पोर्टल व कॉल-सेंटर हितग्राहियों को समस्याएं सीधे विभाग तक पहुंचाने का माध्यम बनेंगे। इससे न केवल शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा, बल्कि योजनाओं की जमीनी हकीकत से विभाग अवगत होगा। कार्यों में पारदर्शिता आयेगी, जबावदेही और सेवा गुणवत्ता में वृद्धि होगी। विभाग द्वारा विकसित यह पोर्टल जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल-जल योजनाओं की कव्हरेज और कार्यशीलता की वास्तविक समय में निगरानी करने, हितग्राहियों से फीडबैक, सेवा वितरण की गुणवत्ता मापने, समस्याओं की पहचान करने और तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।




### सांची दूध के दाम बढ़ाने के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**विसं, भोपाल।** सांची दूध के दामों में वृद्धि को लेकर बुधवार को प्रदेश महिला कांग्रेस ने राजधानी में प्रदर्शन किया। महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के चलते महंगाई बेलगाम होती जा रही है। जिसका असर ज्यादातर गृहणियों को भुगतना पड़ता है। प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल की अगुवाई में हुए महिला कांग्रेस ने अपनी पार्टी मुख्यालय के नजदीक प्रदर्शन किया। यहां अध्यक्ष ने कहा कि 10 महीने के अंतराल में दूध के दामों में वृद्धि की गई है। प्रदर्शन के उपरांत महिला कांग्रेस ने जिला प्रशासन के अफसरों को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा, जिसमें सांची दूध के दाम जल्द वापस लेने की मांग की गई। प्रदर्शन में महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती संतोष कंसाना, श्रीमती रशीदा मुस्तफा, श्रीमती राज लक्ष्मी नायक, शीतल मालवीय, अंजू जैसवाल, लता देवरे, यशोदा पांडे, श्रीमति तस्लीम लश्करी आदि विशेष रूप से शामिल रही।

## राजस्व विभाग ने जारी की अपनी तबादला नीति

# अपने गृह जिले में पदस्थ नहीं हो सकेंगे पटवारी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश के पटवारी अब अपने गृह जिलों में पदस्थ नहीं हो सकेंगे। उनकी पदस्थापना के समय इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाएगा कि जिलों में स्वीकृत पदों से अधिक पोस्टिंग तो नहीं हो रही है और आरक्षण नियमों की पालन हो रहा या नहीं। तबादला नीति जारी होने के लगभग एक सप्ताह बाद राजस्व विभाग ने पटवारियों अलग तबादला नीति जारी कर दी। विभागीय अधिकारियों की माने तो पटवारी का पद जिला स्तरीय संवर्ग का होने के कारण यह नीति को जारी किया गया है। जिसमें साफ तौर पर कहा गया है कि किसी भी जिले में स्वीकृत पद से अधिक व आरक्षण नियमों के विपरीत पटवारियों की पदस्थापना की जाएगी। जारी नीति के अनुसार पटवारी परीक्षा 2022 के 16 फरवरी 2016 को जारी परिणाम के पूर्व नियुक्त पटवारी ही दूसरे जिले में संविलियन के लिए आवेदन कर सकेंगे। पटवारी को एक बार जिला आवंटित किए जाने के बाद उसे हर हाल में अपनी उपस्थिति देनी होगी। यदि आवेदक पटवारी ने जिस जिले में संविलयन मांगा है,यदि वहां पर संबंधित वर्ग के रिक्त पद उपलब्ध नहीं है,तो उसे वहां पदस्थ नहीं किया जा सकेगा। नीति की शर्तो में कहा गया है कि यदि पटवारी की पत्नी या पति शासकीय कर्मचारी है, तो उनकी एक ही जिले में पदस्थापना हो सकेगी, लेकिन वहां के जिले में पटवारी की श्रेणी का पद रिक्त होना जरुरी होगा। विवाहित, विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला या गंभीर बीमारियों से ग्रसित होने पर संबंधित जिले में पटवारी का पद रिक्त होने पर स्थानांतरण किया जा सकेगा। आपसी आधार पर संविलियन के मामलों में प्राप्त आवेदन पर भी तबादले किए जाएगे,लेकिन दोनों आवेदनकर्ता की श्रेणी,उपश्रेणी एक ही होनी चाहिए।

### लोकायुक्त प्रकरण वालों के नहीं होंगे तबादले

नीति में कहा गया है कि जिन पटवारियों के खिलाफ लोकायुक्त में आपराधिक प्रकरण चल रहे हैं, उनका तबादला नहीं किया जाएगा। इसी तरह संविलियन के बाद संबंधित पटवारी की व्यक्तिगत नस्ती एवं जांच, दंड एवं विशेष दायित्वों के संबंध में सभी जानकारी पुराने जिले द्वारा नए जिले को भेजी जाएगी। पटवारियों के संविलियन करने की संख्या का निर्धारण सामान्य प्रशासन विभाग की स्थानांतरण नीति के अनुसार ही किया जाएगा।

# ट्रेनिंग पूरी, पुलिस को मिले 19 नए डीएसपी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश को 19 नए डीएसपी स्तर के अधिकारी मिल गए हैं। भौंरी स्थित मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण संपन्न होने के बाद बुधवार को यहां के परेड ग्राउंड में इन डीएसपी का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। डीजीपी कैलाश मकवाना ने इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि खुली जिप्सी में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। दीक्षांत परेड के बाद 7 महिला अफसरों समेत सभी 19 डीएसपी विधिवत रूप से प्रदेश पुलिस का हिस्सा बन गए। इस मौके पर मकवाना ने सभी नवनियुक्त पुलिस अधिकारियों को बधाई देते हुए सेवा के दौरान इंटीग्रिटी, ईमानदारी, कार्य दक्षता और संवेदनशीलता के गुणों को अपनाने की सीख दी।

### नए कानून, एथिक्स और इमोशनल इंटेलिजेंस की ट्रेनिंग भी मिली

इन सभी डीएसपी को नए ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षण दिया गया है। इसमें नए आपराधिक कानूनों, अपराध विवेचना, फोरेंसिक विज्ञान, कानून व्यवस्था जैसे कोर



विषयों के साथ एथिक्स, नैतिक आचरण, सॉफ्ट स्किल्स, इमोशनल इंटेलिजेंस जैसे सब्जेक्ट भी शामिल हैं। इसके साथ ही इन्हें डीएसपी ड्रिल, बलवा ड्रिल, योगा, ध्यान तथा यूएसी जैसी विधाएं भी सिखाई गई हैं। इस दौरान डीजीपी ने कहा कि एमपी पुलिस में अपनी परिवीक्षा अवधि के दौरान नव नियुक्त डीएसपी थानों के रजिस्टरों का गहन अध्ययन करते हुए जनता के हर वर्ग से मिलकर उनकी बात सुनें और स्मार्ट पुलिसिंग के कॉन्सेप्ट को हकीकत में लागू करें। इस दौरान प्रशिक्षण में उत्कृष्ट रहे अफसरों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। दीक्षांत समारोह में एडीजी राजा बाबू सिंह, डीसी सागर, आशुतोष राय, चंचल शेखर, आईजी अभय सिंह, डीआईजी विनीत कपूर समेत डीएसपी के परिजन भी शामिल हुए।

# लड़कियों के अश्लील वीडियो बनाने वाले आरोपी का शॉर्ट एनकाउंटर

## सात आरोपियों ने गैंग बनाकर शेयर किए फोटो-वीडियो

**जागरण, उज्जैन।** राजधानी भोपाल के बाद उज्जैन में भी लड़कियों के अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। शहर से 35 किलोमीटर दूर बिछड़ोद में हिंदू लड़कियों को निशाना बनाकर अश्लील फोटो-वीडियो बनाए। आरोपियों ने इन्हें वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। अब तक 4 पीड़ित लड़कियों का पता चला है। इनमें 2 नाबालिगों में से एक को ईद के दिन जबरन गले लगाकर फोटो-वीडियो बनाए। फिर उन्हें वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। मामला तब उजागर हुआ, जब एक लड़की का अश्लील वीडियो गांव में वायरल हो गया। वीडियो के आधार पर ग्रामीणों ने मंगलवार को गांव के ही फरमान मंसूरी (19) सहित एक अन्य लड़के को दबोच लिया। उज्जैन लाते वक्त फरमान ने पुलिस से रायफल छीनकर भागने की कोशिश की। शॉर्ट एनकाउंटर में उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसे उज्जैन जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के मुताबिक, फरमान ने रात में सीने में दर्द का बहाना बनाया था, जिस पर पुलिस इलाज के लिए उसे उज्जैन ला रही थी। इसी दौरान निपानिया के पास आरोपी ने भागने का प्रयास किया। आरक्षक से राइफल छीनकर पुलिस पर दो फायर किए।



### दो लड़कियां आईं सामने

उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि वीडियो वायरल होने के बाद मुख्य आरोपी फरमान को ग्रामीणों की मदद से हिरासत में लिया है। मोबाइल जांच से 6 अन्य लोगों को पकड़ा है। इनके पास अश्लील वीडियो, फोटो और चैट मिले हैं। दो लड़कियों ने एफआईआर दर्ज कराई है, जिसमें फरमान और जुबैर का नाम सामने आया है। सातों के मोबाइल जब्त कर साइबर टीम और फोरेंसिक टीम परीक्षण कर रही है।

### खुद को शिवभक्त बता रहा 24 अश्लील वीडियो बनाने वाला कोचिंग संचालक

**जागरण, मुरैना।** कोचिंग सेंटर में हिडन कैमरे से लड़कियों के अश्लील वीडियो बनाने वाला आरोपी असलम खान अपने आप को शिवभक्त बता रहा है, उसकी कोचिंग संस्थान में भगवान शिव की कई फोटो लगी हुई थीं। वह ब्लैकबोर्ड पर हर दिन शिव महिमा लिखता था। मंगलवार को जब आरोपी पकड़ाया, उस दिन भी उसने शिव महिमा लिखी थी।



पुलिस को आरोपी असलम खान उर्फ अभी के पास से लगभग 24 वीडियो मिले हैं। इन वीडियो में वह कम्प्यूटर कोचिंग में पढ़ने के लिए आने वाली छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें करता दिखाई दे रहा है। वह छात्राओं को इंस्टीट्यूट की लाइब्रेरी में एक-एक करके ले जाता और उनके साथ अश्लील हरकतें करता। कुछ छात्राओं के साथ उसने शारीरिक संबंध भी बनाए, लेकिन उन छात्राओं के अभिभावक पुलिस और मीडिया के सामने आने से बच रहे हैं।

**इस प्रकार ब्लैकमेल करता था आरोपी :** असलम ने अपने इंस्टीट्यूट की लाइब्रेरी में हिडन कैमरा लगा रखा था। वह उसी लाइब्रेरी में छात्राओं को एक-एक करके ले जाता था। आरोपी यहां अश्लील हरकतें करता, जब छात्राएं उसका विरोध करतीं तो वह वीडियो दिखाकर वायरल करने की धमकी देता था।

# रिक्त सीटों पर पालीटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेज में मिलेगा आल इंडिया कोटे से प्रवेश

## तकनीकी शिक्षा विभाग ने गाइडलाइन की तैयार, अब कालेजों में सीटें खाली रहने की समस्या खत्म

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** तकनीकी शिक्षा विभाग ने आगामी सत्र 2025-26 में प्रवेश देने के लिए गाइडलाइन तैयार कर ली है। इसमें काफी परिवर्तन किया गया है। इसमें खास बात यह रहेगी कि अब बाहरी राज्य के विद्यार्थियों को अंतिम राउंड तक सरकारी इंजीनियरिंग कालेज और पालीटेक्निक सहित डीटीई के डेढ़ दर्जन कोर्स की सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। बशर्ते सीटों पर प्रवेश के लिए राज्य का विद्यार्थी कतार में नहीं होना चाहिए। उक्त सीटों को आल इंडिया कोटे से भरा जाएगा। इसके अलावा टीएफडब्ल्यू की सीटों पर अंतिम राउंड तक प्रवेश दिए जाएंगे। डीटीई की काउंसलिंग के अंतिम राउंड में सरकारी कालेज और पालीटेक्निक के कई कोर्स की सीटें रिक्त रह जाती थीं। सीटें रिक्त रहने पर बाहरी राज्यों का पांच फीसदी कोटा फुल होने पर विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं मिल पाता था। शासन ने उक्त नियम में संशोधन किया है। अब आल इंडिया कोटा की पांच फीसदी आरक्षित सीटों पर प्रवेश होने के बाद सरकारी कालेज और पालीटेक्निक में संचालित होने वाले करीब डेढ़ दर्जन डिप्लोमा, यूजी और पीजी डिग्री में सीटें रिक्त रहती हैं, तो विभाग मप्र कोटे की सीटों पर प्रवेश को कोई विद्यार्थी नहीं मिलने की दशा आल इंडिया कोटे के तहत बाहरी राज्य के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। इससे सरकारी कालेज और पालीटेक्निक में खाली रहने वाली सीटों पर प्रवेश हो सकेंगे। पूर्व में सीटें रिक्त रहने की दशा में नियम में बंधे होने के कारण अधिकारी बाहरी राज्य के विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दे पाते थे। वहीं विद्यार्थी निराश होकर निजी कालेज और पालीटेक्निक में प्रवेश लेते थे।



### अंतिम राउंड तक टीएफडब्ल्यू के तहत प्रवेश का रहेगा जोर

सूबे में 142 कालेजों की ट्यूशन फीस वेबर स्कीम (टीएफडब्ल्यू) सीटों पर प्रवेश कराने के लिए विभाग काउंसलिंग कराएगा। कालेजों को अपनी कुल इंटेक का पांच फीसदी सीटें टीएफडब्ल्यू में मिली हैं। टीएफडब्ल्यू के खाते में हर कालेज में तीन से 12 सीटें मिली हैं। गत वर्ष तक करीब दो हजार सीटें टीएफडब्ल्यू में आरक्षित रखी गई थीं। विभाग उक्त सीटें पर केंद्रीकृत काउंसलिंग पर ही प्रवेश देता था। अब उक्त नियम में संशोधन कर दिया गया है। अब विभाग कालेज लेवन काउंसलिंग (सीएलसी) अंतिम राउंड की टीएफडब्ल्यू की सीटों पर प्रवेश दे सकेगा। इसका फायदा उन कालेजों को मिलेगा, जिसमें सीटें होने के बाद भी प्रवेश देने से वंचित रह जाते थे। इससे उक्त कालेजों की सीटों पर प्रवेश का ग्राफ कुछ स्तर पर जरूर बढ़ेगा। विभाग अभी तक प्रवेश के दौरान विकलांग कोटे में विद्यार्थियों को प्रवेश दे रहा था। अब उक्त नियम में संशोधन कर दिया है। अब विभाग विकलांग के स्थान पर दिव्यांग विद्यार्थियों को प्रवेश देगा। अब आरक्षण कोटे में दिव्यांग लिखा जाएगा।

# बैंक मैनेजर ने की 60 लाख की धोखाधड़ी

## सीबीआई ने जांच के बाद मामला किया दर्ज

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** खरगोन जिले में भारतीय स्टेट बैंक की बड़वाह शाखा के पूर्व मैनेजर दीपक कुमार गुरव और उसके सहयोगी अनिल महावी के खिलाफ सीबीआई की भोपाल यूनिट ने जांच के बाद एफआईआर दर्ज कर ली है। गुरव ने 12 जुलाई 2021 से 25 जुलाई 2023 के अपने कार्यकाल के दौरान बैंक की ब्रांच में अपने पद का दुरुपयोग करते हुए 60 लाख से अधिक का घोटाला किया। एफआईआर के अनुसार गुरव ने इस अवधि में 55 से अधिक ग्राहकों से बिना अनुमति लिए ही उनके बैंक खातों से लेन-देन किया। इस दौरान इन खातों से निकाली गई रकम को दीपक ने अपने सहयोगी बदनावर जिला धार निवासी अनिल महावी के अकाउंट में भेजा और बाद में इसे नकद और यूपीआई के जरिए निकाल लिया।

### बैंक प्रबंधन ने की थी सीबीआई को शिकायत

गुरव द्वारा किए गए इस घोटाले की शिकायत बैंक के आला प्रबंधन को पिछले साल मिली थी। ऑडिट के दौरान गड़बड़ी उजागर होने के बाद बैंक ने अपने स्तर पर इसकी प्रारंभिक जांच की। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद बैंक प्रबंधन ने 30 अप्रैल को सीबीआई को आपराधिक मामला दर्ज करने के लिए पत्र लिखा। सीबीआई ने दस्तावेजों के परीक्षण के बाद दीपक कुमार गुरव, अनिल महावी और अन्य अज्ञात लोक सेवकों के खिलाफ आईपीसी की धारा 120-बी और 420 के साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) और 13(1)(ए) के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# सरकार ने लिया पांच हजार करोड़ का ऋण

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार ने नए वित्तीय वर्ष में 5 हजार करोड़ का ऋण लिया है। सरकार ने यह ऋण आरबीआई की गाइडलाइन पर खुले बाजार से लिया है। दोनों किश्तों की राशि सरकार के खाते में एक दो दिन में आ जाएगी। गौरतलब है कि राज्य सरकार के वित्त विभाग ने पिछले दिनों दो किश्तों में 5 हजार करोड़ का ऋण लेने निविदा जारी की थी। इसके आधार पर बुधवार को सरकार द्वारा 2500-2500 करोड़ की ऋण लिया गया। सरकार ने यह ऋण क्रमशः 12 और 14 साल के लिए लिया है। इधर सरकार का कहना है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य को 12,487.78 करोड़ का राजस्व अधिशेष प्राप्त हुआ है। सरकार की कुल आय 2,34,026.05 करोड़ रही, जबकि व्यय 2,21538.27 करोड़ रहा। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में संशोधित अनुमान के अनुसार राज्य की आमदनी 2,62 हजार, 009.01 करोड़ और खर्च 2,60,983.10 करोड़ आंका गया है। नए वित्त वर्ष में 1,025.91 करोड़ का अधिशेष राजस्व बताया गया है। वित्त विभाग संभाल रहे उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का कहना है कि सरकार ऋण निवेश के तौर पर ले रही है। अधोसंरचना की दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं।

### ओबीसी आरक्षण को लेकर जनहित याचिका

**जागरण, जबलपुर।** मप्र में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 फीसदी आरक्षण लागू करवाने और 13 प्रतिशत होल्ड पदों को अनहोल्ड कराने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। ओबीसी आरक्षण से जुड़े अधिकतर मामले सुप्रीम कोर्ट स्थानांतरित हो गए हैं। बचे हुए शेष मामलों में भी हाईकोर्ट में सुनवाई पर रोक है।

### हाईकोर्ट ने की बीयू प्रोजेक्ट ऑफिसर त्रिपाठी की सेवा बहाल

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र हाईकोर्ट की युगलपीठ के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति विवेक जैन ने बुधवार को एक निर्णय में बरकतउल्ला विवि से बर्खास्त प्रोजेक्ट ऑफिसर नरेंद्र त्रिपाठी की सेवा बहाल कर दी। उन्हें 25 वर्षों की सेवा के बाद फरवरी 2024 में अनियमित नियुक्ति का हवाला देते हुए बर्खास्त कर दिया गया था। न्यायालय ने अनुचित ठहराते हुए न सिर्फ बर्खास्तगी को रद्द किया बल्कि त्रिपाठी को 50 फीसदी बकाया वेतन और आगे के लिए पूर्ण वेतन देने के आदेश दिए। प्रोजेक्ट आफिसर नरेंद्र त्रिपाठी की नियुक्ति 1998 में बीयू की कार्यकारिणी परिषद के निर्णय अनुसार एक स्वीकृत पद पर हुई थी। उन्हें वर्षों तक नियमित वेतन, वेतन आयोगों की सिफारिशें और पीएचडी की अनुमति तक प्राप्त हुई। इसके बावजूद, 2024 में एक जांच रिपोर्ट के आधार पर विश्वविद्यालय ने यह कहते हुए सेवा समाप्त कर दी कि उनकी नियुक्ति अवैध थी। जबकि 2022 की रिपोर्ट में त्रिपाठी की नियुक्ति को कानूनी बताया था।

# महाकाल को चढ़ाया तिरंगा व सिंदूर, संतों का शंखनाद



**जागरण ब्यूरो, भोपाल।** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में देर रात की गई एयर स्ट्राइक की धूम और धमक सबेरा होते ही पूरे मध्यप्रदेश में दिखाई दी। सेना के इस कदम का प्रदेश के लोगों ने स्वागत कर जमकर जश्न मनाया। प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन में बाबा महाकाल को इस खुशी में तिरंगा और सिंदूर चढ़ाया गया। संतो ने भी आगे आकर शंखनाद किया तो व्यापारियों ने सुबह-सुबह दुकान पर पहुंचे लोगों का मुंह मीठा कराकर एक दूसरे को बधाई दी। महाकाल मंदिर के पुजारी और पंडों ने सुबह-सुबह मिली इस खुशखबरी पर जमकर मिठाई बांटी। भक्तों की संख्या भी अचानक से बढ़ गई और सैकड़ों लोगों ने मंदिर में मिठाई बांटी। पुजारियों ने भगवान महाकाल को तिरंगा और सिंदूर अर्पित कर देश के जवानों के लिए मंदिर में आशीर्वाद मांगा गया। पुजारियों और श्रद्धालुओं ने कहा कि भारत का ये कदम आतंकियों का समर्थन करने वाले पाकिस्तान को सबक सिखाएगा।

**शंखनाद के बाद पाक झंडा फूंका :** इंदौर के रीगल चौराहे पर साधु-सतों ने एकत्रित होकर एयर स्ट्राइक के समर्थन में शंखनाद किया। साथ ही पाकिस्तान का झंडा जलाया। 56 दुकान पर मिठाई बांटी गई। 56 दुकान संगठन के अध्यक्ष गुंजन शर्मा ने कहा- सुबह जितने भी हमारे आगंतुक आए हैं, उनको हमने कहा है कि 56 दुकान पूरा खुला है।

### पृष्ठ तीन की खबर का शेष..

#### जवाबी कार्रवाई से दहला...

पाकिस्तान के छह बड़े शहरों, कराची, लाहौर, गुंजरावाला, चकवाल, घोटकी और उमरकोट में 12 से अधिक ड्रोन हमले किए गए। कराची और लाहौर में हुए धमाकों ने पाक सुरक्षा एजेंसियों की पोल भी खोल दी है। 7 मई की रात पाकिस्तान ने संगठित सैन्य अभियान के तहत जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात के 15 शहरों पर ड्रोन और मिसाइल हमले की कोशिश की। भारतीय सेना ने इंटीग्रेटेड काउंटर यूएएस ग्रिड और एयर डिफेंस सिस्टम से इन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया।

# 50 जोड़े एक दूसरे को वरमाला पहनाकर शादी के बंधन में बंधे



## अतिथियों ने वर वधु पर फूलों की बौछारकर सामूहिक रूप से दी आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं वैदिक रीति-रिवाज एवं ढोल ढमाको के बीच ब्यौहारी के ग्राम रसपुर में सम्पन्न हुआ सामूहिक विवाह जिला प्रशासन बना मेजबान और जन प्रतिनिधि बने बराती

**जागरण ब्यौहारी।** ब्यौहारी जनपद पंचायत के अंतर्गत- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, निकाह योजना अंतर्गत जिले के ब्यौहारी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत रसपुर के उकसा ग्राम में सामूहिक विवाह का आयोजन सम्पन्न हुआ। आयोजन में 349 जोडों की शादी हिन्दू एवं 1 जोड़े का निकाय मुस्लिम रीति रिवाज से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेवारी जिला प्रशासन सम्हाल रहा था। वहीं जनप्रतिनिधि एवं आम जन बाराती थे।

ब्यौहारी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत रसपुर के उक्सा बगीचा में रंग विरंग परिधानों में वर एवं वधू एवं परिजन, रिश्तेदार उत्साह के साथ सुबह से ही विवाह स्थल में पहुंच रहे थे। खुशनुमा माहौल था। ग्रामीण जन अतिथियों के स्वागत सत्कार की व्यवस्था में जुड़े हुए थें। घराती एवं बाराती पक्ष अपने मेहमानों के साथ कार्यक्रम स्थल में पहुंच रहे थे। ढोल ढमाके, बाजे,गाजे के साथ बारात निकली, जिसकी अगुआई जिला प्रशासन की तरफ से कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नरेंद्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री सौम्या आनंद, तहसीलदार अजय पाडेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री विजय सिंह उप संचालक सामाजिक न्याय सुश्री प्रज्ञा मरावी व अन्य अधिकारियों के द्वारा की गई। अतिथियों द्वारा नव वर-वधू को राज्य सरकार के प्रावधान के अनुरूप 49 हजार रूपये के चेक भेंट किए गए। जो नव दम्पत्ति को गृहस्थी के सामान एवं अन्य कार्यों के लिए व्यय किए जा सकेगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने अब बेटियां अपने ससुराल खाली हाथ नहीं जाएंगी। प्रदेश सरकार गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह की जवाबदारी अपने हाथों में ले रखी है। कन्याओं का विवाह पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया। अब कन्या विवाह के लिए अभिभावकों को अपनी जमीन या जायजाद गिरवी रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कन्या पक्ष वर तलाश कर ऑनलाइन आवेदन करें। विवाह की सम्पूर्ण जिम्मेवारी राज्य सरकार की होगी। विधायक का विवाह इस गांव में हुआ अब वह बहुत सारे कन्याओं का विवाह करवा रहे हैं यह बहुत अच्छी बात है ग्राम पंचायत रसपुर के उकसा का बगीचा सामूहिक विवाह के लिए बहुत ही अनुकूल स्थान था कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ब्यौहारी श्री शरद जुगलाल कोल ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, निकाह योजना के तहत गरीब परिवारों की कन्याओं का विवाह धूम-धाम से सम्पन्न होने पर गर्व महसूस होता है। प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉ मोहन यादव के प्रयासों से अब बेटियां बोझ नहीं वरदान बन गईं हैं। अब बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम फहरा रही हैं। चाहे डॉक्टर हो, इंन्जीनियर हो, वैज्ञानिक हो या शिक्षा, आंतरिक्ष अथवा खेल कूद का क्षेत्र हो। शासन की इस योजना से गरीब परिवारों के अभिभावकों की चिंता की लकीरें मिट गई हैं। अब सरकार आगे आकर इन कन्याओं का विवाह सम्पन्न करा रही है। आपने नव वर वधुओं के सफल विवाह की शुभकामनाएं दी। सामूहिक विवाह को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने विवाह सूत्र में बंधने वाले नव दम्पत्तियों के सफल जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर अतिथियों द्वारा नव वर-वधू को राज्य सरकार के प्रावधान के अनुरूप 49 हजार रूपये के चेक भेंट किए गए।

सामूहिक विवाह मे 1 पुनर्विवाह एवं एक विकलांग जोड़े ने भी अपना वैवाहिक जीवन शुरू किया कार्यक्रम का संचालन श्री रवि द्विवेदी ने किया। आयोजित सामूहिक विवाह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आंकाक्षी सिंह, अध्यक्ष नगर परिषद श्री राजन गुप्ता, श्रीमती चंद्रकली पटेल, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती सुधा रजक, जिला पंचायत सदस्य श्री पुष्पेंद्र पटेल, ,श्री दुर्गेश तिवारी,समीम खान, हरि शरण चतुर्वेदी, ग्राम सरपंच श्री शंभू कोल अधिकारी, कर्मचारी एवं काफी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।


# कृषि विभाग के प्रभारी उप संचालक का कारनामा, पति से कराया चैम्बर का निर्माण और सास से कराया उद्घाटन




**जागरण मण्डला।** जिले में पिछले कई वर्षों से अंगद की तरह पांव जमा कर बैठे अधिकारी अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। आलम यह है कि सरकारी दफ्तर को भी अपना घर का आंगन समझ कर जो मर्जी है वह कर रहे हैं। ऐसी ही बानगी देखने को मिल रही है मंडला मुख्यालय स्थित कृषि विभाग की जहां प्रभारी उपसंचालक मधु अली द्वारा मनमानी करते हुए अपने चेंबर का निर्माण पहले तो अपने पति से कराया गया। जिसकी लागत लगभग 5 लाख रुपए बताई जा रही हैं। हद तो तब हो गई जब लगभग 5 लाख रुपए की लागत से कराए गए उक्त चेंबर का उद्घाटन भी अपनी सास से करा लिया गया और अपनी सास को उपसंचालक की कुर्सी पर बैठा कर नियमों की धज्जियाँ उडाई गई। मनमानी का आलम यह है कि कृषि विभाग में प्रभारी होने के बाद प्रभारी बनने के साथ ही मधु अली द्वारा अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने की नीयत से काम किया जा रहा है।

जानकारों का कहना है कि सरकारी अधिकारी द्वारा अपनी कुर्सी पर अपने परिजन को बैठाना, सरकारी कामकाज और सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग के अंतर्गत आता है। यह आधिकारिक दायित्वों के निर्वहन में बाधा डालता है और पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है। इसके साथ ही सरकारी अधिकारी को अपने पद का उपयोग व्यक्तिगत लाभ या किसी और के लाभ के लिए नहीं करना चाहिए। लेकिन अधिकारी द्वारा अपनी अपनी कुर्सी पर अपने परिजन को बैठाना इसी तरह का दुरुपयोग है।अधिकारी को अपनी कुर्सी पर बैठना चाहिए और अपने काम को निष्पादित करना चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो इससे सरकारी कामकाज में बाधा आएगी और कामकाज में देरी होगी। सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और निष्पक्षता होनी चाहिए। अगर कोई अधिकारी अपने परिजन को अपनी कुर्सी पर बैठाता है, तो यह सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल उठाता है। सरकारी अधिकारी द्वारा अपनी कुर्सी पर अपने परिजन को बैठाना सिविल सेवा के आचरण नियमों का उल्लंघन है और इसके लिए कार्रवाई का प्रावधान है।

# शासकीय हायर सेकेंडरी बुढ़वा के छात्र प्रिंस ने बढ़ाया गौरव



**ब्यौहारी।** शासकीय हायर सेकेंडरी बुढ़वा के छात्र प्रिंस साकेत पिता राज सकेत निवासी सुखाड़ द्वारा 12 की परीक्षा मे 90त्न से अधिक अंक प्राप्त करके बुढ़वा क्षेत्र का मान बढ़ाया है उनकी सफलता पर स्कूल के अध्यापक और प्रिय जनों ने खुशी व्यक्त की है और बधाई दी है बधाई देने वालों मे प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत की सरपंच चंद्रावती सुरेश द्विवेदी, अरुण द्विवेदी जिला कार्यसमिति सदस्य भाजपा ,राम बहोर मिश्रा, पप्पू कोल प्रमुख हैं ।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



**जागरण मण्डला।** 8 मई विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी मंडला के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर के संजीवनी स्वास्थ्य केन्द्र स्वामी सीताराम वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में रेडक्रॉस के जनक हेनरी डुनेंट के तैल्यचित्र पर सिविल सर्जन डॉक्टर विजय धुर्वे एवं आजीवन सदस्य नीरज अग्रवाल ने माल्यार्पण किया। इस दौरान डॉ विजय धुर्वे ने कहा कि विश्व रेडक्रॉस और रेड क्रिसेंट दिवस 1948 से हर साल 8 मई को मनाया जाता है। यह दिन हेनरी डुनेंट के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है जो रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के संस्थापक और नोबेल शांति पुरस्कार के पहले प्राप्तकर्ता थे। अपनी स्थापना के बाद से वैश्विक नेटवर्क लाखों लोगों को आशा और राहत प्रदान करके डुनेंट की विरासत का सम्मान करना हमारी मंशा है। वहीं आजीवन सदस्य नीरज अग्रवाल ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी पीड़ित मानव सेवा के लिए वर्षो से मंडला में काम कर रही है। मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा के दिशा-निर्देश पर सोसायटी का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान पार्षद श्रीमति कामिनी चौधरी ने भी अपने विचार रखे। यहां पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर गर्भवती महिलाओं की जांच की गई वहीं स्थानीय नागरिकों के वजन, ब्लड शुगर, बीपी, आदि की जांच करते हुए उचित सलाह चिकित्सों द्वारा दी गई। कार्यक्रम में मंच संचालन वरिष्ठ सदस्य राजेश क्षत्री के द्वारा किया गया। इस दौरान आजीवन सदस्य अरूण अग्रवाल, पूर्व कोषाध्यक्ष विवेक अग्रिहोत्री, अब्दुल उस्मान खान, पार्षद सुलक्षणा मर्सकोले, गुलाब मरदलिया, डॉ हर्ष कर्महे, डॉ गजेन्द्र गुप्ता, मैनेजर यशवंत डीके, यदुनंदन कछवाहा, रविन्द्र चौधरी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# लोगों ने विभिन्न स्थानों की सफाई कार्य में किया श्रमदान, दिया जल संरक्षण का संदेश

**जागरण डिंडोरी।** जल है प्रकृति का अमूल्य उपहार। बचाओ इसे, यही है जीवन का आधार डिंडौरी जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा सवंर्धन अभियान 30 मार्च से प्रारंभ किया है जो कि 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जायेंगे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं। यह जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, जनभागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित होगा, जिसमें मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज ग्राम सुन्हादादर में नवांकुर संस्था - ग्राम विकास समिति मझियाखार द्वारा जल संरक्षण को लेकर



नदी के आसपास स्वच्छता कार्य किया गया नवांकुर संस्था से श्री त्रिलोकी नाथ वनवासी और ग्रामवासियों की सहभागिता रही। इसी प्रकार ग्राम रैतवार महाजन टोला में मेंटर्स धन्नूसिह तेकाम एव ग्रामीणो के द्वारा जल संरक्षण को लेकर तालाब के अन्दर मे स्वच्छता अभियान चलाकर लगभग 2 घंटे का श्रमदान कार्य किया गया। जिससे ग्राम वासियो को सहुलियत होगा और बरसात के पानी इक्ट्ठा होने लगा जिससे गंदगी से मुक्ती मिलेगा और पानी का सदुपयोग होगा एवं पानी सहेजने की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम मे ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष मुरली मरावी, सचिव श्रीमति मुकेशवरी तेकाम, बीएसडब्ल्यू छात्र गणेश सिंह श्याम, सोनकली धुर्वे, सावित्रीबाई, दुर्गा बाई एव ग्रामीणो ने सहयोग प्रदान किया गया।

जनपद पंचायत अमरपुर द्वारा चयनित सरहद नाला ग्राम पंचायत बिलासर के सरहद नाला में क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्री राम किशोर ठाकुर के उपस्थिति में ग्राम वासियों एवं ग्राम प्रस्फुटन समिति के सदस्यों के साथ चौपाल बैठक के उपरांत नाला की श्रम दान के माध्यम से नाले के आस पास जमी गाद एवं खरपतवार झाड़ झाड़ियों की साफ सफाई की गई जिसमे प्रतिनिधि एवं ग्राम वासियों का सहयोग रहा। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री बद्री प्रसाद चौहान एवं विकास खंड समन्वयक श्री अमर लाल धुर्वे के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था उत्थान सेवा संस्थान अलौनी अमरपुर संस्था प्रमुख एवं मेंटर्स उपस्थिति में संपन्न कराया गया।

# शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं उद्यमी : संजय कुशराम



**जागरण मंडला।** आरडी कॉलेज के ऑडीटोरियम में आरएएमपी के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम ने कहा कि सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्योगों को बढ़ाने के लिए शासन लगातार प्रयासरत है। इसके लिए अलग-अलग स्कीम बनाई गई हैं। मंडला के उद्यमी शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं और प्रदेश तथा राष्टीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएं। एमएसएमई की यह कार्यशाला प्रदेश शासन की ओर से उद्यमियों के लिए किस प्रकार मदद कर रही है इसकी संपूर्ण जानकारी के लिए आयोजित की गई है। ऑनलाईन मार्केटिंग, डिजिटल मार्केटिंग और अन्य तरह के मार्केटिंग प्लेटफॉर्म को इस्तेमाल कर आज व्यापार को बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंडला में इंडस्ट्रियल एरिया विकसित करने के लिए मोहनिया पटपरा में लघु उद्योग निगम के साथ नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। इसका लाभ हमारे स्थानीय उद्योगपति लें और क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पर सृजित करें। भविष्य में मंडला, नैनपुर क्षेत्र में ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही कृषि आधारित उद्योगों पर भी फोकस करने की आवश्यकता है।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने कहा कि इस कार्यशाला का महत्व इसलिए है कि हमारे उद्यमी अपने उत्पादों के विक्रय में देश की बड़ी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। बड़े व्यापारियों के पास बड़े स्केल पर व्यापार होता है जिससे सूक्ष्म एवं लघु उद्योग चलाने वालों को प्रतिस्पर्धा करना कठिन होता है। इसके लिए हमें सरकार की योजनाओं का फायदा उठाना चाहिए। इस कार्यशाला के माध्यम से आप सभी यह समझने का प्रयास करें कि ये आपकी वेल्यूचेन को किस तरह सहयोग कर सकती है। आप अपने व्यापार की कमियों को पहचानें और शासन की योजनाओं का फायदा उठाकर अपनी प्रतिस्पर्धा शक्ति को बढ़ाएं। इस एक दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से जिले के उद्यमियों को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए शासन की विभिन्न योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही एमसीएलएस और एलपीआर के विषय में भी पीपीटी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से खुली चर्चा की गई। इस अवसर पर जीएमडीआईसी श्री नंदकिशोर वास्कले, एलडीएम श्री सुजोय कुमार, जीएमडीआईसी डिंडौरी श्रीमती राधिका कुशरो सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## रुसा में देसी कट्टे के साथ युवक पकड़ा गया, ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

**जागरण डिंडोरी।** डिंडौरी जिले के रुसा में बुधवार शाम उस वक्त हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने एक युवक को सड़क पर देसी कट्टा लेकर घूमते देखा। संदेह होने पर उन्होंने तत्काल पूर्व मंडल अध्यक्ष राज कुमार मोगरे को मौके पर बुलाया। पूछताछ के बाद ग्रामीणों ने युवक को पकड़कर खंभे से बांध दिया और करंजिया पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी नरेंद्र पाल ने बताया कि आरोपी युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के अतरा गांव निवासी जितेंद्र विश्वकर्मा के रूप में हुई है। युवक पिछले दो माह से डिंडौरी-अमरकंटक नेशनल हाईवे निर्माण कंपनी में मजदूरी कर रहा था। पूछताछ के दौरान वह खुद को कंपनी का कर्मचारी बताता रहा, लेकिन पुलिस को देख गुमराह करने की कोशिश करता रहा।

## कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली

**जागरण मंडला।** बीते कल मंडला जिला मुख्यालय में संविधान बचाओ सभा एवं रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान अपने सम्बोधन में वर्तमान परिदृश्य में देश में संविधान की स्तिथि एवं उसे लेकर हमारे कर्तव्य के सम्बन्ध में बात रखी। सभा के पश्चात् उदय चौक से अम्बेडकर चौक तक रैली निकाली और बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान- जहरमऊ के तालाब में श्रमदान



**जागरण मंडला।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कुमट के मार्गदर्शन में विकासखण्ड नैनपुर ग्राम पंचायत जहरमऊ के प्राचीन शंकर तालाब में म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री राजेन्द्र चैधरी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। तालाब की सीढ़ियां को साफ करते हुए लगभग 200 तगाड़ी चोई, कांच की बांतल-प्लास्टिक का कचरा निकाला गया। इस कार्य में ग्रामीणजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान श्री चैधरी ने कहा कि हम सभी को जीवित रहने के लिए पानी की बहुत आवश्यकता है नदियाँ दुनिया भर के लोगों के लिए ताजा पीने के पानी का अनमोल स्त्रोत हैं। हम सबका कर्तव्य है कि जल स्त्रोतों का संरक्षण करें। विकासखण्ड समन्वयक श्री संतोष कुमार झारिया द्वारा जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई। इस दौरान ग्राम पंचायत जहरमऊ के सरपंच नारायण प्रसाद सैयाम, उप सरपंच श्याम प्रसाद सिगौर, समस्त मेंटर्स, समस्त नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधिगण, प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारीगण, एमएसडब्ल्यू बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं एवं अधिक संख्या में ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।

# हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी परीक्षा मे पन्ना जिला अव्वल

## प्रदेश की मेरिट सूची में आए पन्ना जिले के 8 मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान




**जागरण, पन्ना ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी की परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले पन्ना जिले के 8 मेधावी छात्र.छात्राओं का सम्मान गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा किया गया। मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम में हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 में प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त करने पर सरस्वती उण्माण् विद्यालय देवेन्द्रनगर की छात्रा प्रिया पटेलए नौवां स्थान प्राप्त करने पर रैनबो पब्लिक स्कूल की छात्रा ओशी जैन एवं शासकीय मॉडल उण्माण् विद्यालय अजयगढ़ के छात्र महेन्द्र यादवए दसवां स्थान प्राप्त करने पर बीपी मेमोरियल उण्माण् विद्यालय शाहनगर के छात्र सौरभ कुशवाहा एवं सरस्वती ज्ञान मंदिर हाई स्कूल गुनौर के छात्र राज सिंह राजपूत का सम्मान किया गया। इसी तरह हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कला संकाय के शासकीय मॉडल उण्माण् विद्यालय पन्ना के छात्र रंजीत कुमार पटेल को चौथा स्थान प्राप्त करने परए शासकीय मॉडल उण्माण् विद्यालय अजयगढ़ की छात्रा चंचल विश्वकर्मा को नौवां स्थान प्राप्त करने पर तथा शासकीय मॉडल उण्माण् विद्यालय पन्ना के छात्र प्रकाश कुशवाहा को प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त करने पर कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने बच्चों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचाई।

**मेहनत और साहस सफलता के मूल मंत्रः कलेक्टर :** कलेक्टर ने प्रावीण्य सूची में आने वाले छात्र.छात्राओं और उनके अभिभावकोंए शिक्षकों को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों से परीक्षा की तैयारी एवं अनुभवों को साझा करते हुए उनके भविष्य के लक्ष्य की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेहनत और साहस के दो मूल मंत्रो के साथ आगे बढ़ें। कलेक्टर ने मेधावी छात्रों के अभिभावकों से भी उनके त्याग और सहयोग की जानकारी लेकर इच्छा के अनुसार तय किए गए लक्ष्य के अनुसार आगे बढ़ने में मदद करने की बात कही। कलेक्टर ने बच्चों से कहा कि सफलता पर रुकें नहींए बल्कि सफलता को निरंतर बनाए रखने के लिए मेहनती प्रयास जारी रखें। अपने माता.पिता और गुरुजनों का सदैव आदर करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थी एवं शिक्षकों के सार्थक प्रयास से इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय सुधार आया है। उन्होंने सभी स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं तथा शैक्षिक गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार के लिए आवश्यक प्रयास की बात कही। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव ने भी सम्मान कार्यक्रम के अवसर पर छात्र.छात्राओं को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लगन और परिश्रम से आगे की पढ़ाई कर सफलता की निरंतरता बनाए रखें। जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे ने परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए परीक्षा पूर्व किए गए विभागीय स्तर पर समन्वित प्रयासों की जानकारी से अवगत कराया। साथ ही जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ द्वारा समय समय पर प्रदान किए गए मार्गदर्शन के प्रति आभार भी जताया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावीए सहायक संचालक शिक्षा अमित जैनए एडीपीसी भारती श्रीवास्तवए परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित संबंधित विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षक एवं अभिभावक भी उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर : गरीब किसान की दो बेटियाँ बनीं टॉपर, गाँव की उम्मीदों की उड़ान

## प्रिया पटेल ने प्रदेश प्रावीण्य सूची में 7वीं रैंक पाकर रचा इतिहास, बड़ी बहन श्रद्धा बनीं सबसे बड़ी प्रेरणा



**जागरण, पन्ना ।** देवेंद्रनगर श्जहाँ चाहए वहाँ राहश् कृ यह कहावत लुहरगांव गाँव की प्रिया पटेल ने अपने संघर्ष और सफलता से सच कर दिखाई है। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं की परीक्षा में प्रिया ने प्रदेश स्तर की प्रावीण्य सूची ;टॉप.10द्ध में सातवीं रैंक हासिल कर जिले के तमाम स्कूलों और छात्रों को पीछे छोड़ दिया। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की यह मेधावी छात्रा अब पूरे गाँव और जिले की उम्मीदों की नई पहचान बन गई है। प्रिया के पिता एक साधारण किसान हैंए जिन्होंने सीमित आमदनी में देवेंद्रनगर में किराए का कमरा लेकर बच्चों की पढ़ाई का सपना साकार किया। चार बच्चों में सबसे बड़ी श्रद्धा पटेल पहले ही विद्यालय में मेरिट लिस्ट में जगह बना चुकी हैं ;10वीं में 97ः 12वीं में 96ःद्ध और अब बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से बीएससी अंतिम वर्ष में अध्ययनरत हैं। प्रिया दूसरी बेटी हैंए जिनके बाद छोटा भाई ;कक्षा 8द्ध और बहन श्रेया ;कक्षा 3द्ध भी इसी विद्यालय में पढ़ते हैं।

**साक्षात्कार की झलकियाँ :** सबसे बड़ी उपलब्धि का क्षण प्रिया मुस्कुराते हुए बताती हैंए श्जब बोर्ड का रिजल्ट आया और मुझे पता चला कि मैंने प्रदेश में सातवीं रैंक पाई हैए तो सबसे पहले पापा को गले लगाया। उनकी आँखों में जो खुशी और गर्व थाए वो पल मैं कभी नहीं भूलूँगी।श

**पढ़ाई के दौरान सबसे बड़ी चुनौती :** श्गाँव में अक्सर बिजली चली जाती थी। कई बार रात को दीया या मोमबत्ती जलाकर पढ़ाई की। इंटरनेट का नेटवर्क भी बहुत कमजोर थाए इसलिए ज्यादातर भरोसा स्कूल की किताबों और नोट्स पर ही किया।श

**दिनचर्या कैसी रहती थी :** श्सुबह जल्दी उठकर पढ़ाईए फिर स्कूल जाना। शाम को घर आकर छोटे भाई.बहनों की मदद करनाए फिर रात में अपनी पढ़ाई। छुट्टियों में दीदी के साथ पुराने प्रश्न.पत्र हल करना हमारी दिनचर्या का हिस्सा था।

### प्रेरणा का स्रोत

श्मेरी दीदी श्रद्धा। उनके संघर्ष और मेहनत ने मुझे हमेशा आगे बढ़ने की हिम्मत दी। उन्होंने ही सिखाया कि सपने सिर्फ देखो नहींए उनके लिए जी.जान लगाओ।श

**पिता का संघर्ष :** श्कम आमदनी में पापा ने हमेशा हमारी पढ़ाई को प्राथमिकता दी। अपने शौक.ख्वाहिशों को पीछे रखकर सिर्फ हमारे लिए सब किया। उनकी हर कुर्बानी मेरी ताकत बन गई।श

**विद्यालय की भूमिका :** श्सरस्वती शिशु मंदिर में सिर्फ किताबों की पढ़ाई नहीं होतीए बल्कि संस्कारए अनुशासन और आत्मविश्वास भी सिखाया जाता है। यहाँ के गुरुजन हमें हर कदम पर मार्गदर्शन देते हैंए जिससे हम किसी भी अंग्रेजी माध्यम स्कूल से कम महसूस नहीं करते।श

### भविष्य की योजना

श्मेरा सपना है छम्म्ज् पास करके डॉक्टर बनना और गाँव के गरीबों की सेवा करना। मेरे लिए गाँव और देश की सेवा ही सबसे बड़ी सफलता है।श

### गाँव के बच्चों को संदेश

श्गरीबी कभी रुकावट नहीं बन सकती। ईमानदारी से मेहनत करोए समझकर पढ़ो कृ सफलता ज़रूर कदम चूमेगी।श

### उम्मीदों की नई सुबह

प्रिया और श्रद्धा की सफलता ने गाँव के बच्चों के लिए उम्मीद की नई खिड़कियाँ खोल दी हैं। सरस्वती शिशु मंदिर जैसे विद्यालय ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की रोशनी फैलाकर हर साल नए नक्षत्रों को मंच दे रहे हैं। प्रिया की ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद विद्यालय में नए सत्र के दाखिलों में उत्साह का माहौल है। गाँव के बच्चों और अभिभावकों के बीच यह संदेश पहुँच गया है कृ सपनों को ऊँचाई तक पहुँचाने के लिए सिर्फसंसाधन नहींए बल्कि आत्मविश्वास और मेहनत की जरूरत होती है।

# निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**जागरण, पन्ना ।** राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निजी स्कूल में निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया गत 5 मई से प्रारंभ है। शैक्षणिक सत्र 2025.26 में प्रवेश के लिए अपने ग्राम व वार्डए पड़ोस तथा विस्तारित पड़ोस के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के संबंध में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समग्र आईडी एवं आधार सत्यापन कर आगामी 21 मई तक ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार कार्य कर सकते हैं। आवेदन उपरांत निर्धारित तिथि एवं सत्यापन केन्द्र पर मूल दस्तावेजों से सत्यापन कराना अनिवार्य है। इसके बाद पात्र आवेदकों को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से स्कूल आवंटन होगा।

डीपीसी अजय गुप्ता ने बताया कि आवेदनों के सत्यापन कार्य की प्रक्रिया 7 से 23 मई तक सत्यापन केन्द्र बनाए गए जन शिक्षा केन्द्र में संचालित है। रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी द्वारा आवेदकों को आगामी 29 मई तक स्कूल आवंटन किया जाएगा। चयनित आवेदकों को इसकी सूचना एसएमएस से भी मिलेगी। 2 से 10 जून तक आवंटित अशासकीय स्कूल में प्रवेश के लिए उपस्थित होकर मोबाइल एप के माध्यम से एडमीशन की रिर्पोटिंग कराना जरूरी है। इस संबंध में अधिक जानकारी बीआरसी कार्यालय अथवा जन शिक्षा केन्द्र से भी प्राप्त की जा सकती है।

# पुरानी तहसील के रिकॉर्ड रूम में लगी आग

**पन्ना ।** रियासत कालीन वीर भवन जो बाद में तहसील कार्यालय बना उसमें रखें रिकॉर्ड एवं अन्य सामग्री में लगी भीषण पन्ना जिला मुख्यालय में पुरानी तहसील के कमरों में विगत दिनों भीषण आग लगी जिससे कमरों में रखें राजस्व रिकॉर्ड एवं पुराना टूटा फर्नीचर तथा अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई आग इतनी तेज थी की आसपास के रिहायसी इलाकों में लोग इधर.उधर भागने लगे दमकल गाड़ी बहुत देर से पहुंची जब तक सभी समान एवं रिकॉर्ड जलकर खाक हो चुका था अभी तक लगी आग की डिटेल तहसीलदार पन्ना एवं अनुभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा किसी प्रकार की प्रेस विज्ञप्ति नहीं जारी की गई आम जनता में चर्चा है कि पुरानी तहसील के स्टोर रूम मे लगी आग की जॉच निष्पक्ष रूप से कराई जाए क्योंकि जब भवन में महत्वपूर्ण कीमती सामान रखा था तो वहां पर सुरक्षा की व्यवस्था भी की जानी चाहिए थी विभागीय अधिकारियों की लापरवाही एवं उदासीनता के कारण इस तरह की घटनाएं होती हैं जब भवन में पुराना राजस्व रिकॉर्ड रखा था तो रिकॉर्ड की सुरक्षा का दायित्व पन्ना तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों का होता है इस तरह की चर्चा शहर में व्याप्त है अपेक्षा है कि प्रशासन इस अग्निकांड की जांच निष्पक्ष रूप से कराएगा।

# कलेक्टर ने जल निगम कार्यालय के निर्माणाधीन भवन का किया निरीक्षण



**जागरण, पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने गुरूवार को बायपास रोड स्थित जल निगम पन्ना कार्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। मेसर्स कल्पतरू बिल्डर्स द्वारा भवन का निर्माण कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा भवन निर्माण के संबंध में जल निगम के महाप्रबंधक शिवम सिन्हा से ड्राइंग व डिजाइन इत्यादि की जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता का भी अवलोकन किया। इसके अलावा स्टॉफ क्वार्टर के निर्माण के लिए निर्माणाधीन भवन के सामने प्रस्तावित भूमि के संबंध में सीमांकन सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी उपस्थित पटवारी को दिए। आवास निर्माण के दौरान भी निर्धारित शर्तों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।

# महारानी दुर्गा राज्यलक्ष्मी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**पन्ना ।** पन्ना नगर की संस्था महारानी दुर्गा राज्यलक्ष्मी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पन्ना का वार्षिक परीक्षा फल उत्कृष्ट रहा माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा फल में संस्था की कक्षा दसवीं की छात्रा कुमारी जानवी शिवहरे पिता श्री सत्य प्रकाश शिवहरे ने 92ण्8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया छात्र मोहित सिंह पिता श्री भरत सिंह ने 88ः प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहे तृतीय स्थान पर छात्रा कुमारी चंचल साहू पिता श्री राजेश साहू ने 86ण्2 प्रतिशत प्राप्त किया इसी प्रकार कक्षा 12वीं में कुमारी प्रियांशी रैकवार पिता श्री राकेश कुमार रैकवार ने 90ण्8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान पर आदित्य पाठक पिता श्री अजय कुमार पाठक ने 89ण्8 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर दर्श गुप्ता पिता श्री स्वर्गीय धीरेंद्र कुमार गुप्ता ने 87ण्4 प्रतिशत प्राप्त किए एसमस्त छात्र छात्राओं की इस शानदार सफलता पर विद्यालय प्रबंध समिति की सचिव कृष्णा कुमारी जी हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र.छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही शिक्षक परिवार की भी प्रशंसा की जिन्होंने उत्कृष्ट शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन छात्र हित में भली भांति किया ।

# जिला पंचायत सीईओ ने खेत तालाब योजना के तहत सामने कराया लेआउट



**जागरण, पन्ना ।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने आज पन्ना विकासखण्ड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत रहुनियां का भ्रमण किया। इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के संबंध में उपस्थितजनों से चर्चा की। इसके अलावा हितग्राहियों से संवाद कर 20 हितग्राहियों के खेत में खेत तालाब योजना के तहत समक्ष में लेआउट भी कराया। इसके अलावा ग्राम पंचायत रक्सेहा में पूर्व से निर्मित तालाब में अभियान अंतर्गत साफसफाई कार्यक्रम में सरपंचए सचिव एवं ग्रामीणजनों के साथ सहभागिता भी की। जिला पंचायत सीईओ ने जमुनहाई में प्रधानमंत्री आवास योजना के समस्त हितग्राहियों की चौपाल आयोजित कर सौर ऊर्जा सोलर प्लांट लगाने के संबंध में चर्चा की। इस दौरान बिजली से होने वाली असुविधा और सौर ऊर्जा युक्त ग्राम के लाभ बताए गए। इस कार्यक्रम में भी ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की और सौर प्लांट लगाने की सहमति दी। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित जनपद पंचायत सीईओ आनंद शुक्लाए सहायक यंत्री प्रशांत नायकए अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी भगवत पटेलए उपयंत्री राकेश अरजरिया भी उपस्थित रहे।

# लोक अदालत में बिजली अनियमितताओं के प्रकरणों में मिलेगा समझौते का अवसर

**पन्ना ।** शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली अनियमितताओं के प्रकरणों में समझौते का अवसर मिलेगा। इसमें आंकलित सिविल दायित्व की 10 लाख रूपए राशि तक के प्रकरणों के लिए 20 एवं 30 प्रतिशत तथा ब्याज राशि में शत.प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है। कार्यपालन यंत्री अमितेश मिश्रा ने बताया कि 10 मई की लोक अदालत में जिले के सभी निम्नदाब विद्युत उपभोक्ताओंए जिनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 की तहत विशेष न्यायालय पन्ना एवं पवई में लिटिगेशन स्तर पर प्रकरण लंबित हैए उन्हें राशि का एकमुश्त भुगतान करने पर सिविल दायित्व की 10 लाख रूपए तक राशि वाले प्रकरणों में 20 प्रतिशत तथा ब्याज राशि में शत.प्रतिशत छूट प्राप्त होगी। इसका लाभ समस्त घरेलूए कृषिए 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू तथा 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को मिल सकेगाए जबकि न्यायालय से बाहर प्रिलिटिगेशन स्तर पर लंबित प्रकरणों में एकमुश्त राशि के भुगतान पर आकलित सिविल दायित्व की 10 लाख रूपए राशि तक के प्रकरणों में 30 प्रतिशत और ब्याज राशि में शत.प्रतिशत छूट प्राप्त होगी।

# विगत 03 दिवस के अंदर 04 अपह्त नाबालिग बालिकाओं को पुणे महाराष्ट्र, दिल्ली एवं रैपुरा, गुनौर थाना क्षेत्र से किया गया दस्तयाब



**जागरण, पन्ना ।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एसण् थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को विशेष अभियान के तहत अधिक से अधिक अपह्तध्गुम बालक बालिकाओं को दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया गया था। जो पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना सिंह चौहान एवं समस्त एसण्डीण्ओण्पीण् पन्ना के निर्देशन में थाना स्तर पर अपह्तध्गुम बालक बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु पुलिस टीमो का गठन किया गया। इसी तारतम्य समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने.अपने थाना क्षेत्र से अपह्त बालक बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु मुखविर तंत्र को सक्रिय कर लगातार प्रयास किये जा रहे एवं सायबर सेल पन्ना से जानकारी प्राप्त की जा रही है। जिसके फलस्वरूप थाना शाहनगर के अपराध क्रमांक 109ध्25 धारा 137;2द्ध बीण्एनण्एसण् जिसमे फरियादी द्वारा थाना शाहनगर आकर रिपोर्ट की गई की उसकी नाबालिग बालिका कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। जिस पर थाना शाहनगर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये उक्त प्रकरण की अपहृता को पुणे महाराष्ट्र से दस्तयाब किया गया है। इसी प्रकार थाना धरमपुर के अपराध क्रमांक 125ध्25 धारा 137;2द्ध बीण्एनण्एसण् मे जिसमे फरियादी द्वारा उसकी नाबालिग लडकी को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट की गई थी उक्त प्रकरण की अपहृता को धरमपुर थाना पुलिस टीम द्वारा को दिल्ली से दस्तयाब किया गया है एवं थाना रैपुरा के अपहरण के एक अन्य मामले जिसमे एक 02 वर्ष की नाबालिग बच्ची के अपहरण होने की सूचना पर थाना रैपुरा मे अपराध क्रमांक 89ध्25 धारा 137;2द्ध बीण्एनण्एसण् कायम किया गया था उक्त प्रकरण की अपह्तध्गुम बच्ची को सूचना के 12 घण्टे के अंदर दस्तयाब कर परिजनो को शुपुर्द किया गया है। इसी प्रकार थाना गुनौर के अपराध क्रमांक 119ध्25 धारा 137;2द्ध बीण्एनण्एसण् मे जिसमे फरियादी द्वारा उसकी नाबालिग लडकी को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट की गई थी ।

# सचिव एवं रोजगार सहायक के विरुद्ध हुई कार्रवाई

**पन्ना ।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने जनपद पंचायत सीईओ अजयगढ़ के प्रतिवेदन पर ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक के विरूद्ध कार्रवाई की हैए जिसके तहत गत 6 मई को जपं सीईओ की जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान ग्राम पंचायत झिन्ना में पीएम आवास योजना के आवास प्लस अंतर्गत वर्ष 2024.25 में स्वीकृत कार्यों के विरूद्ध पूर्णता में न्यूनतम प्रगतिए समग्र सीडिंग कार्य में लापरवाही सहित जल गंगा संवर्धन अभियान में लक्ष्य अनुरूप कम प्रगति पाए जाने पर सचिव चन्द्रशेखर यादव को निलंबित कर मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय अजयगढ़ निर्धारित किया गया है। इस अवधि में इन्हें जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा। जिपं सीईओ ने निलंबन पश्चात् तत्काल प्रभाव से ग्राम रोजगार सहायक को आगामी आदेश तक सचिवीय प्रभार सौंपा है। सचिव के विरूद्ध विभागीय जांच भी संस्थित की गई है। इसके लिए जपं सीईओ अजयगढ़ को जांचकर्ता एवं खण्ड पंचायत अधिकारी को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त कर विभागीय जांच प्रतिवेदन एक माह के भीतर प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं। सचिव द्वारा जनपद पंचायत सीईओ से दूरभाष पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर धमकी भी दी गई थी। इसी तरह ग्राम पंचायत बहिरवारा के ग्राम रोजगार सहायक राजेश लोध को शासकीय कार्यों से पृथक रखकर मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय अजयगढ़ निर्धारित किया गया है। साथ ही रोजगार सहायक के विरूद्ध विभिन्न आरोपों की विस्तृत जांच के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायतए सहायक यंत्री एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत अजयगढ़ की जांच समिति गठित की गई है। समिति द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रतिवेदन में वर्णित आरोपों की विस्तृत जांच कर अभिलेख और साक्ष्य सहित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। जांच अवधि में रोजगार सहायक को नियमानुसार निर्धारित मासिक पारिश्रमिक का 50 प्रतिशत पारिश्रमिक भुगतान मिलेगा। रोजगार सहायक राजेश लोध के विरूद्ध ग्रामवासियोंए सरपंच व सचिव के माध्यम से अभद्र भाषा का प्रयोग एवं अभद्र व्यवहार की शिकायत प्राप्त हुई थी। इस संबंध में खण्ड पंचायत अधिकारी एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा द्वारा जांच की गई। ग्राम पंचायत के निरीक्षण के दौरान रोजगार सहायक को नशे की हालत में पाया गया था। ग्राम पंचायत के विभिन्न कार्यों में इनके द्वारा संपादित कार्यों की न्यूनतम प्रगति भी पाई गई।

# अवैध शराब का भण्डारण करने वाले व्यक्ति पर की गई कार्यवाही



**जागरण, पन्ना ।** पुलिस अधीक्षक पन्ना सांई कृष्ण एस थोटा के द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रो में अवैध शराब के निर्माणए भण्डारणए बिक्रय एवं परिवहन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशनए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना सिंह व एसडीओपी एसण्पीण् सिंह बघेल पन्ना के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया है । इसी तारतम्य में थाना कोतवाली पन्ना में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व में अवैध शराब के निर्माणए भण्डारणए बिक्रय एवं परिवहन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया था । गठित पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जो दिनांक 08ण्05ण्25 को रात्रि मे करीब 03ण्32 बजे मुखबिर सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम द्वारा बाई पास रोड किनारे जडिया ढावा के सामने परशुराम मंदिर के पास कस्बा पन्ना थाना कोतवाली पन्ना मे एक आरोपी अजय जडिया पिता सूरज जडिया उम्र 24 साल निवासी जैन मंदिर के पास धाम मोहल्ला पन्ना के पास 07 नग खाकी कलर के कार्टून मे 03 कार्टूनो में देशी लाल मशाला प्रत्येक कार्टून मे 50.50 क्वार्टर कुल क्वार्टर 150 क्वार्टर कीमती 15000ध्.रूपये की एवं 04 कार्टूनो मे 200 क्वार्टर कुल कीमती 20000ध्.रूपये की शराब कुल कीमती 35000ध्.रूपये की रखे पाये जाने पर मौके पर पुलिस टीम द्वारा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर वक्त वापसी थाना कोतवाली में अपण्क्रण् 405ध्25 धारा 34;2द्ध आबकारी एक्ट का प्रकरण कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है । एवं माननीय न्यायालय पेश किया गया है। जप्त सामाग्री . देशी मदिरा प्लेन के 200 क्वार्टर एवं लाल मदिरा मशाला के 150 क्वार्टर कुल 350 क्वार्टर शीलबंद कुल शराब 63 लीटर कुल कीमती 35000 .रूपये उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्राए उप निरीक्षक शक्ति प्रकाश पाण्डेयए प्रण्आरण् बृषकेतू रावतए लक्ष्मीनारायण यादवए अरूण तिवारीए अशोक सिंह आरण् अभिषेक सिंहए संदीप पटेल मण्प्रण्आरण् यज्ञवती अहिरवारए आरण् घनश्याम पटेल ए सत्यनारायण अग्निहोत्री की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# लूट के मामले में फरार आरोपी को किया गया गिरफ्तार




**जागरण, पन्ना ।** फरियादी द्वारा माननीय न्यायालय पवई मे परिवाद दायर किया गया कि दिनांक 14ण्07ण्22 को करीबन 15ण्00 बजे फरियादी के एग्रीमेंट के आधिपत्य के दो डंफ्र ड्च्20 भ्ठ6912 एवं ड्च्20 भ्ठ9612 जो कि पवई के आगे मुराच रोड पर आरोपी तरणदीप सिंहए शशिकांत पटेल एवं अन्य 7 से 8 व्यक्तिओं के द्वारा अपनी इनोवा गाड़ी से दोनों डंफ्र के आगे लगाकर डंफ्र रुकवाकर उक्त दोनों डंफ्र ड्राइवरों को अपने साथ गाड़ी में जबरदस्ती बैठाकरए उनके पास रखे पैसे करीबन 37 हजार रुपए उनसे छीनकरए दोनों डंफ्रों को अपने साथियों सहित दमोह ले गए। जहां दोनों ड्राइवरों को तीन गुल्ली पर जाकर छोड़ दिया गया। उक्त परिवाद पर माननीय न्यायालय पवई के आदेशित करने उपरांत थाना पवई में उक्त आरोपियों के विरूद्ध दिनांक 21ण10. 23 को अपराध क्रमांक 414 ध्2023 धारा 392ए341ए363 भाण्दण्विण् का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले मे पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एसण् थोटा द्वारा आरोपियो की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना सिंह चौहान एवं एसण्डीण्ओण्पीण् पवई राजेन्द्र मोहन दुबे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी पवई निरीण् त्रिवेन्द्र त्रिवेदी के नेतृत्व मे पुलिस टीम गठित कर आरोपियो की लगातार तलाश पतारसी की गई । जिसके फलस्वरूप थना प्रभारी पवई को आरोपी तरनजीत सिंह उर्फ नैंसी के दमोह मे होने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मामले के आरोपी तरनजीत सिंह उर्फनैंसी पिता गुरु चरण सिंह निवासी वार्ड नंबर 01 थाना कोतवाली जिला दमोह को कस्बा दमोह से अभिरक्षा मे लिया गया।

# कट्टा दिखाकर मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने अवैध कट्टा के साथ 24 घंटे में किया गिरफ्तार



**जागरण, टीकमगढ़ ।** पलेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लारोन में पीड़ित व्यक्ति के साथ दबंग व्यक्ति ने कट्टा दिखाकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी को 24 घंटे के अंदर अवैध कट्टा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत लारोन में 6 मई की रात करीब 11 बजे फरियादी कलू रैकवार अपनी माँ के साथ घर के बाहर बैठा था और जमीन के बंटवारे को लेकर माँ से बात.चीत कर रहा था। तभी मुर्राहाबंद गांव का नरेन्द्र राजा आया और हमारी आपसी बात.चीत में दखल देने लगा। पीड़ित ने मना किया तो नरेन्द्र राजागाली गलौज लड़ाई झगड़ा करने लगा और देशी कट्टा दिखाकर पीड़ित की मारपीट कर दी। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।पुलिस टीम ने आरोपी की सघन तलाश की गई एवं संभावित स्थानों पर दबिश देकर 24 घंटे के अंदर आरोपी नरेन्द्र सिंह बुन्देला उम्र 48 साल निवासी लारौन हाल मुर्राहाबंद को 12 बोर के अवैध देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 25ध्27 आर्म्स एक्ट का इजाफा किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी पलेरा मनीष मिश्राए प्रधान आरक्षक परशुराम रजकए रामकिशन अनुरागीए मनमोहन रैदासए आरक्षक ललित कुशवाहाए रामप्रकाश अहिरवारए बृजेन्द्रए दीपक मिश्राए नरेन्द्र पटेलए ज्ञानसिंह सेंगरए चालक सुमित दुबे की विशेष भूमिका रही।

# महिला बाल विकास विभाग की दो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सेवा से पृथक

**पन्ना ।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत पन्ना ग्रामीण बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सेवा से पृथक करने की कार्यवाही की गई है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र से लगातार अनुपस्थित रहनेए केन्द्र संचालन में लापरवाही तथा विभागीय निर्देशों के अनुसार आंगनबाडी केन्द्रों का संचालन न करने वाली कार्यकर्ता.सहायिकाओं के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश जारी किए गए थे। इसके तहत नगर परिषद देवेन्द्रनगर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित केन्द्र की कार्यकर्ता आरती नामदेव एवं आंगनवाडी केन्द्र ललार की कार्यकर्ता पूनम त्रिपाठी को आंगनवाडी केन्द्र से निरंतर अनुपस्थित रहनेए केन्द्र संचालन में लापरवाही बरतने और केन्द्र का विधिवत संचालन न करने पर सेवा से पृथक किया गया है।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**पन्ना ।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग पन्ना द्वारा 9 से 31 मई तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को छत्रसाल स्टेडियम पन्ना में शाम 5 बजे शिविर का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमार बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे। शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा करेंगे। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी एसण्पीण् सिंह बघेल ने सर्वसंबंधितों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# रामनगर अग्निकांड पीड़ितों से मिले पवई विधायक, दी आर्थिक सहायता



**पवई ।** पवई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सुनवानी थाना के ग्राम गढ़ी करहिया के रामनगर में हाल ही में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई थीए जिसमें 15 से 20 घर जलकर खाक हो गए। इस हादसे में घरों के साथ.साथ घरेलू सामान भी पूरी तरह नष्ट हो गया। गुरुवार को पवई विधायक प्रहलाद लोधी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने ज्यादा नुकसान झेलने वाले 12 परिवारों को 10.10 हजार रुपये तथा आंशिक नुकसान वाले परिवारों को 3.3 हजार रुपये की नगद सहायता राशि प्रदान की। विधायक लोधी ने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि इस दुख की घड़ी में वे उनके साथ हैं और सरकार से यथासंभव मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे।

# स्वेच्छित रक्तदान शिविर के माध्यम से रक्त संग्रहण में योगदान देने वाली संस्थाओं को किया गया सम्मानित




## कलेक्टर ने मानव संवेदना रेड क्रॉस पत्रिका 24.-25 का किया विमोचन
## डीडीआरसी भवन बैढ़न में संपन्न हुआ विश्व रेडक्रॉस दिवस कार्यक्रम

**जागरण बैढ़न।** रेड क्रॉस सोसाइटी के संस्थापक जीन हेनरी डुनांट के परोपकारी और मानवतावादी योगदानों को याद करते हुए उनके जन्म जयंती 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस के रूप मनाया जाता है। इसी कड़ी में आज मुख्यालय स्थित डीआरसी भवन में विश्व रेडक्रॉस दिवस कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं रेड क्रॉस सोसायटी अध्यक्ष कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न औद्योगिक संस्थाएं एवं सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान रेड क्रॉस के अध्यक्ष एसडी सिंह द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी सिंगरौली द्वारा जिले में किए गए विभिन्न प्रकार की सामाजिक कार्यों की जानकारी दी गई उन्होंने बताया कि वर्ष 24 -25 स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से रक्त संग्रहण का लक्ष्य जो की 6500 यूनिट था उसकी अपेक्षा 7300 यूनिट रक्त संग्रहण कर रेड क्रॉस सोसाइटी सिंगरौली ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है । उन्होंने कहां की हमें मानवता के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए इस तरह के और भी प्रयास करने होंगे। अगले वर्ष हेतु ज्यादा से ज्यादा रक्तदान शिविर जिले में आयोजित किए जाएंगे इसके लिए हमें सभी से सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि जिले में बालिका खुला आश्रय डीआरसी एवं फोस्टर ट्रेनिंग के माध्यम से अंतिम छोर के व्यक्तियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है वही जन औषधि केंद्र के माध्यम से 30 से 90 प्रतिशत तक की छूट में आम जनों को उत्तम किस्म की दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अवसर पर कलेक्टर श्री चंद्रशेखर शुक्ला ने रेड क्रॉस सोसाइटी को बधाई देते हुए कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी का जब गठन हुआ तो किसी ने भी कल्पना नहीं की थी कि यह विश्व स्तर पर अपना परचम लहराएगी। रेड क्रॉस सोसाइटी का अत्यधिक पीड़ित लोगों को विभिन्न प्रकार की सहायता पहुचाने में बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी स्वैच्छिक रूप से रेड क्रॉस सोसाइटी के मे डोनेशन करे ताकि यह संस्था लगातार जन उत्थान एवं पीड़ितों को सेवा कर सके । उन्होंने आम जनों को रक्तदान करने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 24.-25 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के माध्यम से रक्त संग्रहण करने में योगदान देने वाली औद्योगिक संस्थानों जैसे एनटीपीसी विन्ध्यनगर रिलायंस अदानी पावर आदि एवं सामाजिक संगठनों को सम्मानित किया गया। वहीं जिला प्रशासन से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश एवं प्रधानमंत्री एक्सीलेश कालेज के प्राचार्य एम यू सिद्दीकी को भी रक्त संग्रहण में महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु सम्मानित किया गया। इसी के साथ आर्थिक सहयोग के लिए एवं रेडक्रॉस के विभिन्न कार्यों में सहयोग करने वाले संस्था से जुड़े कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा सिंगरौली के द्वारा प्रकाशित मानव संवेदना रेड क्रॉस पत्रिका 24.-25 का कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी सीएमएचओ एन.के जैन मनोज प्रताप सिंह सहित औद्योगिक कम्पनियों के प्रतिनिधियो सहित समाजिक संगठनो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सिविल सर्विसेज में जाना चाहती हैं प्रज्ञा

**जागरण सरई।** एमपी बोर्ड माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल का हाई स्कूल परीक्षा परिणाम घोषित होते ही सबके मुंह से प्रज्ञा .प्रज्ञा सुनने को मिलने लगा। ये प्रज्ञा जायसवाल एमपी बोर्ड कक्षा दसवीं की छात्रा हैं जिन्होंने 500 पूर्णांक में 500 प्राप्त कर पूरे मध्य प्रदेश में अपना खुशबू बिखेर रही हैं। प्रज्ञा जायसवाल सिंगरौली जिले के सरई तहसील क्षेत्र के निगरी ग्राम की रहने वाली हैं। उनके माता.पिता दोनों पेशे से सरकारी शिक्षक हैं। प्रज्ञा के परिवार में उनके माता.पिता एक छोटा भाई और उनके दादाजी मौजूद हैं। मध्य प्रदेश हाई स्कूल परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रज्ञा एक होनहार व मेधावी छात्रा हैं। जिनका शिक्षा की शुरुआत निगरी से ही प्रारंभ हुई है। प्रज्ञा बचपन में एक छोटी प्राइवेट स्कूल में पढ़ी हैं। 6 से 8 तक सरकारी स्कूल निवास में पढ़ी हैं। प्रज्ञा वर्तमान में प्राइवेट हाईस्कूल ग्लोरियश पब्लिक हाई स्कूल निवास में पढ़ रही थीं। जहां कक्षा 9वीं व 10वीं पढ़ी हैं।

## प्रज्ञा जायसवाल से खास बातचीत

**सवाल**– प्रज्ञा जी आप 10वीं परीक्षा परिणाम में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त की हैं जिसमें आप अभी कैसा महसूस कर रही हैं

**जवाब** –मुझे आप सब से मिलकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैं बहुत खुश हूं।

**सवाल** – अपने इस सफलता का श्रेय किसको देना चाहती हैं

**जवाब** – इसमें हमारे माता.पिता व गुरु जनों एवं ऑनलाइन कोचिंग क्लासेस एमपी बोर्ड वलह कोचिंग प्लेटफार्म का महत्वपूर्ण भूमिका है।

**सवाल** –वर्तमान में आप किस मीडियम से पढ़ रही हैं

**जवाब** – मै 9 वीं 10 वीं अंग्रेजी माध्यम से पढ़ी हूं। बाकी हिंदी माध्यम से है।

**सवाल** – प्रज्ञा जी आपका दैनिक रूटीन क्या है

**जवाब**– मैं अपने शारीरिक स्थिति के अनुसार पढ़ाई करती हूं। हल्का सुपाच्य भोजन लेती हूं घर में हमेशा शांति का माहौल रहती है। मैंने अपना पढ़ाई का कार्य रोज टू रोज निपटाती हूं।

**सवाल** – आने वाले दसवीं बोर्ड परीक्षा के छात्र.छात्राओं को क्या संदेश देना चाहती हैं

**जवाब** – सभी लोग अपनी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। पढ़ाई को बोझ न समझें। दैनिक होम वर्क्स चाहे स्कूल का हो या ऑनलाइन कलासेस का डे वाई डे कार्य पूरा करें। यह न सोचें कि इसे हम कल पढ़ लेंगें। इसके अलावा सीखने के उद्देश्य से पढ़ाई करें ऑनलाइन क्लासेस निशुल्क रहती हैं जिसका भरपूर लाभ उठाएं।

# पुलिस चौकी सासन ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार



**जागरण बैढ़न।** मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं पी.एस.परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक विन्ध्यनगर के नेतृत्व में बाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अशोक सिंह परिहार बाना प्रभारी बैढ़न के मार्गदर्शन में उप.निरी. संदीप नामदेव चौकी प्रभारी एवं सासन पुलिस टीम को फरार चल रहे वारंटी को गिरनार करने में सफलता प्राप हुई। जानकारी के मुताबिक कुटुम्ब न्यायालय रीवा के न्यायालय में विचाराधीन मे जारी वारंट के वारंटी राजेश सोनी पिता शेषमणी सोनी निवासी सिद्धीखुर्द चौकी सासन थाना बैढ़न के व्दारा भरण पोषण राशि .न देनें पर जारी किया गया है। वारंटी की गिरफ्तारी हेतु हर सम्भव प्रसास किया जा रहा था किन्तु वारंटी पुलिस के गिरफ्त में नहीं आ रहा था जिसे आज ग्राम सिद्धीखुर्द चौकी सासन थाना बैढ़न से गिरफ्तार कुटुम्ब न्यायालय रीवा पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में उप.निरी संदीप नामदेव चौकी प्रभारी सउनि लेखचन्द्र डोहर प्र.आर अमित जायसवाल आर.राज कुमार शाक्य आर अनिल सिंह आर मुनेन्द्र मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।

# आबकारी विभाग की अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही



**जागरण बैढ़न।** आज कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशन मे एवं जिला आबकारी अधिकारी खेमराज श्याम के मार्गदर्शन में वृत वैढ़न के अंतर्गत अवैध शराब के संग्रहण एवं विक्रय की सूचना मिलने पर कार्यवाही की गई। तलाशी कार्यवाही दौरान राजेंद्र शाहू पिता रामाधीन शाहू उम्र 44 वर्ष ग्राम ग़ाहिलगढ़ थाना विंध्यनगर को ग्राम ढोटी. ग़ाहिलगढ़ रोड पर सड़क के किनारे थाना विंध्यनगर से एक नीले रंग की मोटरसायकिल बजाज विक्रांत उसके पिछली सीट पर 6 कार्टून जिसमे देसी मदिरा प्लेन प्रत्येक कार्टून में 50 नग कुल 300 पाव 60 एनच मदिरा कुल 54 पाव मदिरा बरामद कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34/1 क एवम 34/2 के तहत प्रकरण दर्ज कर मौके पर आरोपी को गिरफ्तार करने एवं जब्त वाहन एक नीले रंग की मोटर साइकिल बजाज विक्रांत को कब्जे आबकारी लिया गया। उक्त आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया । प्रकरण की विवेचना जारी है। कार्यवाही के दौरान वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक एस. के.यादव आबकारी आरक्षक बहादुर सिंह रामनरेश शाहू आलोक सिंह अमर पॉल सिंह अंकिता त्रिपाठी एवं नायक प्रकाश मिश्रा व सैनिक कमलभान का सराहनीय योगदान रहा।

# माँ के त्याग प्रेम और धैर्य को शब्दों में पिरोया नहीं जा सकता : डॉ सुमन शर्मा

## मदर्स डे पर माँ तो माँ है फिर चाहे वो किसी राज्य की पोशाक में क्यों न हो थीम पर किया गया कार्यक्रम का आयोजन



**जागरण बैढ़न।** नगर निगम महिला सांस्कृतिक क्लब में मदर्स डे के अवसर पर एक खास आयोजन किया गया जिसका विषय था माँ तो माँ है फिर चाहे वो किसी भी राज्य की पोशाक में क्यों न हो। इस आयोजन में क्लब की सभी सदस्याओ ने देश के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में माँ की भूमिका को मंच पर प्रस्तुत किया। कोई गुजराती माँ के रूप में नज़र आई तो कोई बंगाली पंजाबी मराठी तमिल और राजस्थानी परिधान में सजी माँ की ममता को दर्शा रही थी।

कार्यक्रम की शुरुआत एक भावुक कविता पाठ से हुई जिसमें माँ के त्याग प्रेम और धैर्य को शब्दों में पिरोया गया। इसके बाद रंगारंग प्रस्तुतियाँ नाट्य रूपांतरण और अनुभव साझा करने का सिलसिला चला जिसमें हर माँ की कहानी ने सबकी आँखें नम कर दीं। इस विशेष अवसर पर क्लब अध्यक्ष डॉ सुमन शर्मा ने कहा माँ की ममता की कोई सीमा नहीं होती। उसकी भावना हर राज्य हर संस्कृति में एक जैसी होती है मॉ निस्वार्थ प्रेम का जीता जागता प्रमाण है। यह कार्यक्रम इसी एकता और विविधता का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं को सम्मानित किया गया और मदर ऑफ द क्लब् का खिताब सबसे वरिष्ठ सदस्य को प्रदान किया गया। यह आयोजन न सिर्फ मनोरंजन का माध्यम बना बल्कि एक गहरा सामाजिक संदेश भी छोड़ गया। माँ हर रूप में सुंदर है। इस आयोजन में क्लब की अधिकारी मीना बैस मीनाक्षी तिवारी सुमन पांडेय जागृति सिंह रेणु सिंह इला साहू अमला सिंह अंजू गोस्वामी श्रेया तिवारी सुमन शर्मा गरिमा तिवारी नेहा खत्री दृष्टि मिश्रा अर्चना दुर्गा शशि द्विवेदी आदि मौजूद रही । क्लब की होस्ट नेहा खत्री और गरिमा तिवारी ने सभी नगर वासियो को मदर्स डे की शुभकामना दी।

# नेशनल लेवल बास्केटबॉल खेलने जा रहे प्रतिभागियों से मिले जिलाध्यक्ष

## खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन, आगे के खेल के लिए दी शुभकामनाएं



**जागरण बैढ़न।** खेलो इंडिया अभियान मध्यप्रदेश मे चयनित बास्केटबॉल बाल के खिलाड़ी जो नेशनल लेवल खेल के लिए पटना रवाना हो रहे कुछ खिलाड़ी अल्प समय के लिए जिला मुख्यालय बैढ़न मे कन्या महाविद्यालय मे रुके। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह कन्या महाविद्यालय पहुंच कर समस्त प्रतिभागियों से भेंट की तथा उन प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन भी किया। जिलाध्यक्ष ने नेशनल लेवल खेलने जा रहे प्रतिभागियों को उनके आगामी पड़ाव के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की तथा उनके खेल की प्रशंसा की। इन खिलाड़ियों मे बायज एवं गर्ल्स दोनो संवर्ग के खिलाड़ी सम्मिलित थे जो सिंगरौली से पटना के लिए रवाना होने वाले हैं। इन खिलाड़ियों मे गर्ल्स संवर्ग मे यामिका सोनी टीम कैप्टन सामिया प्रधान आर्य लक्षिता चौहान आयुषी यादव तथा ब्वायज संवर्ग में मोहित कुमार टीम कैप्टन सुरेश टीम कोच धर्मेंद्र सिंह ठाकुर दुर्गेश सक्सेना सम्मिलित रहे। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य एम यू सिद्दीकी तथा खेल कोच उमाकांत सिंह तथा महाविद्यालयीन छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर शुभकामना देने वालों में जिलाध्यक्ष के अतिरिक्त जिलामंत्री पूनम गुप्ता मंडल अध्यक्ष बैढ़न सौरभ गुप्ता उपाध्यक्ष संजय दुबे भाजपा नेता मुकेश तिवारी उपस्थित रहे।

# संमग्र ई केवायसी की प्रगति कम होने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

**जागरण बैढ़न।** शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को बिना किसी असुविधा के प्राप्त हो इसके लिए समंग्र आईडी का ई केवाईसी जिले में अभियान चलाकर किया जा रहा है। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा परिवार समंग्र आईडी से अधार लिंक के कार्य में कम प्रगति आने पर नाराजगी जाहिर करते हुयें समस्त जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर निगम आयुक्त सहित नगर परिषद बरगवा एवं सरई के सीएमओ को निर्देश दिए है कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा 30 मई तक प्रत्येक परिवार का समंग्र ई केवाईसी किया जाना सुनिश्चित कराये। साथ ही इस कार्य कर लगातार मानीटरिंग भी करते रहे। संमग्र ई केवाईसी के संबंध में जानकारी देते हुयें जिला ई गर्वेनेन्स प्रबंधक द्वारा बताया गया कि आम जन नजदीकी लोक सेवा केन्द्र एमपी ऑन लाईन या कामन सर्विस सेंटर के माध्यम पर जाकर अपना निःशुल्क ई केवाईसी आधार लिंक मोबाईल पर ओटीपी एवं बायोमैट्रिक सत्यापन के माध्मय से करा सकते है। समंग्र में आधार ई केवाईसी हो जाने पर शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं में आधार के माध्यम से भुगतान होने वाली राशि सीधे संक्रिय बैक खाते में हस्तातरित हो जायेंगी। इसी के साथ आवेदन के दौरान बार बार जानकारी सत्यापन की आवश्यकता नही होगी।

# जायसवाल बस में लगी भीषण आग, प्रशासन और ग्रामीणों की मदद से आग मे पाया गया काबू



**जागरण चितरंगी ।**

चितरंगी तहसील अंतर्गत न्यू बस स्टेण्ड और गीरछादा जहाँ पर जायसवाल बस मे भीषण आग लगी ड्राइवर कि सूझबुझ से आस पास के घर और सार्वजनिक छति होने से बचा लिया गया लेकिन सबसे बड़ा सवाल आज तक चितरंगी मे फायर ब्रिगेड का न होना भी किसी दिन बड़ी घटना को अंजाम देगा बस मे आग लगने कारण अभी अज्ञात है जबकि प्रशासन कि और से सबसे पहले तहसीलदार चितरंगी ऋषिनारायण सिंह कि मुस्टेदी दिखी और ग्रामीणों के सहायता से आग को शांत कराने मे कामयाब हुए उपखण्ड अधिकारी चितरंगी सुरेश जादव भी मौके पर पहुंचे और उनसे ज़ब पूछा गया तो उन्होंने बताया कि बस मे आग लगने का कारण अभी अज्ञात है इसकी जाँच करवाऊंगा तभी कुछ बता सकता हु मेरी जानकारी जहाँ तक है सार्ट शर्किट हो सकती है ग्रामीणों और प्रशासन का अच्छा सहयोग रहा जिससे आग मे काबू पा लिया गया।

# हर्दी पंचायत बेल्हा नाला में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया गया बोरी बंधान कार्य

**जागरण बैढ़न।** मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के द्वारा प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चालाया जा रहा है। जल है तो कल की अवधारणा को जन जन तक पहुंचानें के लिए अभियान के दौरान जल संरचनाओं के संरक्षण एवं जीर्णोद्वार का कार्य करने के साथ ही नवीन जल संरचनाओं का निर्माण भी कराया जा रहा है। जिला कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के नेतृत्व में जल गंगा सवर्धन अभियान चलाकर जिले के आम जन मानस को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही जल गंगा सरंक्षण में जन अभियान परिषद् जिला समन्वयक राजकुमार विश्वकर्मा की टीम नवांकुर संस्थाओं का इस अभियान में अहम् भूमिका निभाई जा रही है। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत हर्दी में जन जागरुकता रैली शपथ गोष्ठी आयोजन कर आम जन मानस को जल के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम जनपद सदस्य प्रतिनिधि बिनोद कुमार साहू ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि राममनोहर साहू सचिव रमाकांत तिवारी सेक्टर निवास. नवांकुर संस्था राजा भैया बहुद्देशीय विकास समिति निगरी कार्यक्रम समन्वयक शिवप्रसाद साहू वार्ड पंच अनसुईया तिवारी संतोष कुमार साहू अखिलेश्वर साहू नंदकुमार सिंह धनुक धारी पनिया सहित मात्र शक्ति व नागरिक उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी विंध्याचल की सीएसआर टीम ने पार्षदों के साथ परामर्श बैठक का आयोजन




**जागरण विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल की नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व टीम ने स्थानीय वार्ड पार्षदों के साथ एक परामर्श बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य वर्तमान सीएसआर पहलों की समीक्षा करना तथा समुदाय की आवश्यकताओं के आधार पर प्रस्तावित विकास कार्यों पर चर्चा करना था। इस बैठक में वार्ड पार्षदों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने.अपने क्षेत्रों की समस्याओं को सामने रखा। साथ ही आवश्यक वस्तुओं के लिए एनटीपीसी से सहयोग की मांग की। इस अवसर पर राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल श्रीमती मृणालिनी अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन प्रणव वर्मा उप महाप्रबंधक मानव संसाधन कुंदन किशोरए उप महाप्रबंधक मानव संसाधनश्री निखिल जायसवाल कार्यपालक सीएसआर तथा पार्षदगण उपस्थित रहे। यह संवाद एनटीपीसी की समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है तथा स्थानीय समुदाय के साथ उसके संबंधों को और भी मजबूत करता है।




# भारत में बहुत कम लोगों ने रोहित शर्मा जैसा क्रिकेट खेला : कपिलदेव





**नयी दिल्ली, जेएनएन।** अपने जमाने के दिग्गज आलराउंडर कपिल देव ने कहा कि भारत में बहुत कम लोग रोहित शर्मा की तरह क्रिकेट खेलने और उनकी तरह राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करने का दावा कर सकते हैं। रोहित ने बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया था। इस 38 वर्षीय बल्लेबाज में अपने करियर में 67 टेस्ट मैचों में 40.57 की औसत तथा 12 शतक और 18 अर्धशतक की मदद से 4301 रन बनाए। कपिल ने वीडियो से कहा, उन्होंने बहुत अच्छी क्रिकेट खेली है। समय के साथ जिस तरह से उन्होंने खुद को ढाला उन्होंने जिस तरह से कप्तानी की और विशेषकर जिस तरह से उन्होंने क्रिकेट खेली। भारत में उस तरह की क्रिकेट बहुत कम लोगों ने खेली है। मैं उन्हें शानदार करियर के लिए बधाई देता हूं। पिछले साल विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले ही संन्यास ले चुके रोहित अब केवल वनडे प्रारूप में भारत का नेतृत्व करते नजर आएंगे। यह पूछे जाने पर कि आने वाले वर्षों में भारतीय टेस्ट टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे अच्छा उम्मीदवार कौन है, कपिल ने बस इतना कहा कि कप्तान चुनना चयनकर्ताओं का काम है।

## संन्यास रोहित शर्मा का निजी फैसला बीसीसीआई की भूमिका नहीं : राजीव



भारतीय क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने बृहस्पतिवार को कहा कि रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना एक निजी फैसला था और बीसीसीआई ने उन पर ऐसा करने के लिए कोई दबाव नहीं डाला था। रोहित ने 20 जून से इंग्लैंड में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले बुधवार को संन्यास की घोषणा की। शुक्ला ने कहा, जहां तक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का सवाल है तो रोहित ने अपना फैसला खुद किया है। उन्होंने कहा, हमारी नीति है कि जो खिलाड़ी संन्यास का फैसला लेते हैं, हम उन पर कोई दबाव नहीं डालते और हम उन्हें कुछ सुझाव भी नहीं देते हैं।

## टेस्ट क्रिकेट में तुम्हारा सफर यादगार रहा : सचिन



रोहित को टेस्ट कैप देने वाले तेंदुलकर ने पारंपरिक प्रारूप में उनके विकास को सराहा है जबकि उनकी कप्तानी में खेलने वाले युवा क्रिकेटरों ने ड्रेसिंग रूम में उनके प्रभाव की तारीफ की है। 38 वर्ष के रोहित ने बुधवार को अचानक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का फैसला लेकर सभी को चौंका दिया। भारत के लिये 67 टेस्ट खेलने वाले रोहित ने 24 में कप्तानी की है। वह वनडे क्रिकेट में भारत के कप्तान बने रहेंगे। महान बल्लेबाज तेंदुलकर ने 2013 के उस पल को याद किया जब उन्होंने रोहित को टेस्ट कैप सौंपी थी। उसी श्रृंखला में तेंदुलकर ने खेल को अलविदा कहा था। तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर लिखा मुझे याद है जब 2013 में ईडन गार्डंस पर तुम्हे टेस्ट कैप सौंपी थी। वानखेड़े स्टेडियम की बालकनी में तुम्हारे साथ खड़े होना भी याद है। तुम्हारा सफर यादगार रहा है। रोहित ने कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में पदार्पण करके 177 रन बनाये थे और मुंबई में तेंदुलकर के आखिरी टेस्ट में नाबाद 111 रन बनाये थे। तेंदुलकर ने कहा वहां से अब तक तुमने बतौर खिलाड़ी और कप्तान भारतीय क्रिकेट को अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। तुम्हारे टेस्ट कैरियर पर बधाई और भविष्य के लिये शुभकामना। वहीं ऋषभ पंत ने इंस्टाग्राम पर लिखा आपकी मौजूदगी और प्रभाव ड्रेसिंग रूम में हमेशा गूंजते रहेंगे।

## रोहित का लक्ष्य 2027 में वनडे विश्व कप जीतना है : कोच दिनेश

टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर क्रिकेट जगत को हैरान करने वाले रोहित शर्मा के बचपन के कोच दिनेश लाड ने कहा कि इस स्टार बल्लेबाज का लक्ष्य 2027 में एकदिवसीय विश्व विश्व कप जीतना है। भारत ने पिछले साल रोहित की कप्तानी में टी20 विश्व कप और इस साल के शुरू में चैंपियंस ट्रॉफी एक दिवसीय टूर्नामेंट जीता था। भारत ने 2011 के बाद वनडे विश्व कप नहीं जीता है और देश के सबसे सफल कप्तानों में से एक रोहित यह ट्रॉफी भी अपने नाम पर दर्ज करना चाहेंगे।



लाड ने कहा, उनका (रोहित) लक्ष्य 2027 वनडे विश्व कप जीतना और फिर संन्यास लेना है। लाड ने कहा, उनका लक्ष्य विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप था, लेकिन दुर्भाग्य से हम क्वालीफाई नहीं कर सके। अब 2027 में विश्व कप है। मैं भी चाहता हूं कि वह 2027 में विश्व कप जीते और फिर संन्यास लें।

**रोहित का फैसला जल्दबाजी में नहीं :** वनडे विश्व कप 2027 में अक्टूबर और नवंबर में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाना है। लाड ने कहा कि इस दिग्गज खिलाड़ी का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना अपने करियर को लंबा खींचने के लिए एक रणनीतिक फैसला है। उन्होंने कहा, रोहित ने इसे जल्दबाजी में नहीं लिया। वह विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नहीं खेलना चाहते थे, लेकिन अन्य दो प्रारूपों में खेलने का फैसला उनका था। उन्होंने इस बारे में अच्छी तरह से सोचा होगा कि उनके लिए सबसे अच्छा क्या है।

**संन्यास का इंग्लैंड दौरे से लेना-देना नहीं :** जब उनसे पूछा गया कि क्या रोहित इंग्लैंड के खिलाफ इस साल जून में होने वाली पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में कप्तानी करने को लेकर आश्वस्त नहीं थे, उन्होंने कहा, इस फैसले का इंग्लैंड के आगामी दौरे से कोई लेना-देना नहीं है।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 11 | 08 | 03 | 16 | 0.793 |
| बेंगलुरु | 11 | 08 | 03 | 16 | 0.482 |
| पंजाब | 11 | 07 | 03 | 15 | 0.376 |
| मुंबई | 12 | 07 | 05 | 14 | 1.156 |
| दिल्ली | 11 | 06 | 04 | 13 | 0.362 |
| कोलकाता | 12 | 05 | 06 | 11 | 0.193 |
| लखनऊ | 11 | 05 | 06 | 10 | -0.469 |
| हैदराबाद | 11 | 03 | 07 | 07 | -1.192 |
| राजस्थान | 12 | 03 | 06 | 06 | -0.718 |
| चेन्नई | 12 | 03 | 09 | 06 | -0.992 |

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 510 |
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 509 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 508 |
| विराट कोहली (बेंगलुरु) | 505 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 20 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 20 |
| जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) | 18 |
| ट्रेंट वोल्ट (मुंबई) | 18 |

### बाउंड्री मीटर



964 छक्के
1720 चौके
113 अर्धशतक

पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने इस सीजन में 405 रन बना लिये हैं जिसमें चार अर्धशतक शामिल है। वह इस आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले दूसरे बल्लेबाज (27) हैं।

### मैदान से हटकर

## चहल ने आरजे महविश को नए शो के लिए बधाई दी



पंजाब किंग्स के स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल मैदान के अंदर और बाहर हमेशा चर्चा का विषय रहे हैं। हाल ही में वह फिर चर्चा में आए जब उन्होंने आरजे महविश के लिए के एक सोशल मीडिया पोस्ट शेयर किया। ऐसी खबरें हैं कि वह दोनों एक दूसरे को काफी समय से डेट कर रहे हैं। बीच-बीच में दोनों एक दूसरे के लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट भी करते रहते हैं। एक वायरल इंस्टाग्राम में स्टोरी में चहल ने आरजे महविश को उनके नए शो के लिए बधाई दी है। चहल ने लिखा कि आरजे महविश आपको बधाई, मुझे आप पर गर्व हैं। दिल छू लेने वाले मैसेज ने फैंस के बीच एक उत्सुकता पैदा कर दी है और दोनों के रिश्ते पर मुहर लगती हुई दिख रही है। चहल के लिए महविश ने की थी पोस्ट : चहल के इस पोस्ट से पहले महविश ने स्टार स्पिनर के लिए पोस्ट किया था। जब चहल ने सीएसके के खिलाफ आईपीएल 2025 की पहली हैट्रिक पूरी थी। इसके बाद महविश ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा कि गॉड मोड ऑन है क्या? आपकी ताकत ही आपको योद्धा बनाती है युजवेंद्र चहल सर! (जेएनएन)

## अब सवाई मानसिंह स्टेडियम को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कोलकाता के ईडन गार्डन्स के बाद जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल मिला, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्टेडियम को खाली करा लिया गया है। साथ ही मैदान के आस-पास के इलाकों में तलाशी भी ली गई। अधिकारियों ने बताया कि राजस्थान खेल परिषद के अध्यक्ष नीरज के. पवन ने बताया कि उन्हें गुरुवार सुबह एक ई-मेल मिला, जिसमें 16 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ मेजबान राजस्थान रॉयल्स के अंतिम आईपीएल मैच से कुछ दिन पहले सवाई मान सिंह स्टेडियम को उड़ाने की धमकी दी गई थी। ई-मेल में लिखा था, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए हम आपके स्टेडियम में बम विस्फोट करेंगे। अगर आप बचा सकते हैं तो सभी को बचा लें।

### खाली कराया गया स्टेडियम

सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्टेडियम को तुरंत खाली करा लिया गया और पुलिस ने तुरंत प्रतिक्रिया दल और बम निरोधक दस्ते की टीमें मैदान को सुरक्षित करने के लिए आयोजन स्थल पर पहुंच गईं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया कि



स्टेडियम के आसपास के क्षेत्र और इमारतों की तलाशी ली गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### साइबर पुलिस हुई एक्टिव

उन्होंने बताया कि पुलिस की साइबर शाखा ई-मेल भेजने वाले का पता लगाने की कोशिश कर रही है। इसी तरह का बम विस्फोट की धमकी भरा ई-मेल क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के आधिकारिक अकाउंट पर भेजा गया, जिससे बुधवार को ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच आईपीएल मैच के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा संकट पैदा हो गया।

## आरसीबी का लक्ष्य प्लेऑफ में जगह पक्की करना, ऋषभ पर रहेगा दबाव

**लखनऊ, जेएनएन।** शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लक्ष्य के साथ जबकि लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम अपनी उम्मीद जीवंत रखने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगी। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत पर भी दबाव बढ़ रहा है। वह टूर्नामेंट में शुरू से ही रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं जिसका असर परिणाम पर साफ नजर आ रहा है।

**लखनऊ ने पिछले 5 में से 4 मैच हारे :** लखनऊ ने अपने पिछले पांच मैचों में से चार हारे हैं और यदि वे अपने शेष तीन मैच जीतते हैं तो केवल 16 अंक तक पहुंच सकते हैं। प्ले-ऑफ की दौड़ में 18 अंक की संख्या अधिक सुरक्षित मानी जाती है आरसीबी ने अपने पिछले छह मैचों में से पांच जीतकर खुद को प्लेऑफ में जगह बनाने का मजबूत दावेदार बना दिया है।

**ऋषभ कर रहे संघर्ष :** आईपीएल नीलामी में सबसे ज्यादा कीमत पाने वाले खिलाड़ी बने पंत के लिए यह सत्र अब तक भूलने लायक रहा है। उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में विभिन्न स्थानों पर बल्लेबाजी करने की कोशिश की है लेकिन निरंतरता उनसे दूर रही है। उनका स्ट्राइक रेट 99.92 है जो इस सत्र में उनके संघर्षों की कहानी बयां करता है। लखनऊ ने शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों मिशेल मार्श, एडेन मार्क्रम और निकोलस पूरन पर बहुत अधिक भरोसा किया है।



### आरसीबी चैंपियशिप का दावेदार

जहां तक आरसीबी का सवाल है तो वह पहली बार चैंपियन बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। स्टार बल्लेबाज विराट लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने अब तक 11 पारियों में सात अर्द्धशतक लगाए हैं। कोहली टीम के लिए मंच प्रदान करते हैं जबकि पाटीदार और शेफर्ड जैसे खिलाड़ी डेथ ओवरों में अपनी क्षमता का अच्छा प्रदर्शन करते हैं। आरसीबी ने मयंक अग्रवाल को चोटिल देवदत्त पडिक्कल के स्थान पर टीम में शामिल किया है जो मौका मिलने पर खुद को साबित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कुणाल पंड्या और सुयश शर्मा की स्पिन जोड़ी काफी प्रभावी रही है जबकि तेज गेंदबाजी विभाग में हेजलवुड और यश दयाल ने मुश्किल परिस्थितियों में अच्छी गेंदबाजी की है।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** पूरन, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, आयुष बडोनी, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मार्क्रम, मिशेल मार्श, अवेश खान, अब्दुल समद, आर्यन जुयाल, आकाश दीप, हिम्मत सिंह, मणिमारन सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, शाहबाज अहमद, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, युवराज चौधरी, आरएस हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, मोहसिन खान।

**आरसीबी :** विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), स्वास्तिक चिकारा, मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा, फिलिप सॉल्ट, मनोज भंडागे, टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, लियाम लिविंगस्टोन, रोमारियो शेफर्ड, जैकब बेटेल, स्वप्निल सिंह, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, यश दयाल, रसिख दार सलाम, सुयश शर्मा, मोहित राठी, अभिनंदन सिंह।

## चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंची पीएसजी, मुकाबला इंटर मिलान से

**पेरिस, जेएनएन।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने एक के बाद एक हमलों का डटकर सामना करते हुए आक्रामक अंदाज में खेल रहे आर्सेनल को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना इंटर मिलान से होगा। सेमीफाइनल के पहले चरण में 1-0 से जीत हासिल करने वाली पीएसजी की टीम को शुरू में गेंद पर कब्जा करने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन जवाबी हमलों और गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा के शानदार प्रदर्शन से उसने 3-1 के कुल स्कोर के साथ जीत हासिल करके शान से फाइनल में जगह बनाई। पीएसजी दूसरी बार यूरोप के इस शीर्ष क्लब टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। वह पांच साल पहले उपविजेता रहा था। उसने सुपरस्टार किलियन एमबाप्पे के रियाल मैड्रिड से जुड़ने के बाद पहले सत्र में ही यह कारनामा किया। पीएसजी के कोच लुई एनरिक ने कहा, मैंने पहले दिन से कहा था कि हमारा लक्ष्य इतिहास बनाने की स्थिति में आने के लिए पर्याप्त मेहनत करना है। यही हमारा लक्ष्य है। फ्रांस का यह क्लब 31 मई को म्यूनिख में



होने वाले फाइनल में इंटर मिलान से भिड़कर अपने पहले चैंपियंस लीग खिताब के लिए फिर से प्रयास करेगा। तीन बार के यूरोपीय चैंपियन इंटर मिलान ने प्रतियोगिता के इतिहास के सबसे रोमांचक सेमीफाइनल में से एक में बार्सिलोना को 7-6 के कुल स्कोर से हराया। आर्सेनल के खिलाफ पीएसजी की तरफ से फैबियन रुइज़ ने 27वें मिनट में पहला गोल किया। अचरफ हकीमी ने 72वें मिनट मे स्कोर 2-0 कर दिया।

### ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन

## आयुष और उन्नति क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**ताइपे, जेएनएन।** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ने ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरूष और महिला वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व जूनियर चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता 20 वर्ष के आयुष ने दूसरे दौर में अनुभवी किदाम्बी श्रीकांत को 21-16 15-21, 21-17 से मात दी। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और विश्व चैम्पियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत फिलहाल विश्व रैंकिंग में 82वें स्थान पर हैं। पिछले दौर में आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप उपविजेता ली चिया हाओ को हराने वाले आयुष का सामना अब कनाडा के सातवीं वरीयता प्राप्त ब्रायन यांग से होगा।

### ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में राष्ट्रगान बजा

## सही समय आने पर संन्यास का फैसला करूंगा : धोनी

**कोलकाता, जेएनएन।** चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ दो विकेट की जीत के बाद स्वीकार किया कि वह अपने करियर के अंतिम चरण में है लेकिन साथ ही कहा कि उनका तुरंत संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है और वह समय के साथ इस बारे में फैसला करेंगे। कप्तान अजिंक्य रहाणे (48), आंद्रे रसेल (38) और मनीष पांडे (नाबाद 36) की पारियों से नाइट राइट राइडर्स ने छह विकेट पर 179 रन बनाए जिसके जवाब में सुपरकिंग्स ने 60 रन पर पांच विकेट गंवाने के बावजूद डेवाल्ड ब्रेविस (52 रन, 25 गेंद, चार छक्के, चार चौके) के अर्धशतक और शिवम दुबे (45 रन, 40 गेंद, तीन छक्के, दो चौके) के साथ उनकी छठे विकेट की 67 रन की साझेदारी से 19.4 ओवर में आठ विकेट पर 183 रन बनाकर जीत दर्ज की। सुपरकिंग्स की टीम ने इस जीत के साथ लगातार चार हार के क्रम को तोड़ा जिसके बाद धोनी ने समर्थन के लिए दर्शकों की सराहना की और संकेत दिया कि उनका मौजूदा सत्र खत्म होने के साथ संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है। धोनी ने मैच के बाद कहा, यही वह प्यार और स्नेह है जो मुझे हमेशा मिलता रहा है। यह मत भूलिए कि मैं 42 साल का हूं। मैं लंबे समय तक खेला हूं।



## वरुण चक्रवर्ती पर लगा मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना



**कोलकाता, जेएनएन।** कोलकाता नाइट राइडर्स के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है। प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी चेन्नई की टीम ने बुधवार को ईडन गार्डन्स में दो विकेट से जीत हासिल की। इससे कोलकाता की टीम के बीच प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना लगभग खत्म हो गई है। आईपीएल के बयान में घटना का ब्योरा दिए बिना कहा गया है, वरुण चक्रवर्ती ने अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 का अपराध और मैच रेफरी का फैसला स्वीकार कर लिया है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम होता है। अनुच्छेद 2.5 किसी भी किसी खिलाड़ी द्वारा उपयोग की जाने वाली भाषा या इशारे से संबंधित है जो आउट होने पर बल्लेबाज की ओर निर्देशित होता है। मैच में दो विकेट हासिल करने वाले चक्रवर्ती ने डेवाल्ड ब्रूइस को 52 रन पर आउट करने के बाद उन्हें मैदान छोड़ने का इशारा किया था। दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज ने चेन्नई की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

## धर्मशाला की बजाय अब 11 मई को अहमदाबाद में होगा आईपीएल मैच

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच 11 मई को धर्मशाला में होने वाला आईपीएल मैच अब लॉजिस्टिक कारणों से अहमदाबाद में कराया जायेगा। गुजरात क्रिकेट संघ के सचिव अनिल पटेल ने इसकी पुष्टि की। पटेल ने कहा बीसीसीआई ने हमने अनुरोध किया था जो हमने स्वीकार कर लिया। मुंबई की टीम आज शाम यहां पहुंच रही है और पंजाब की यात्रा के कार्यक्रम के बारे में बाद में पता चलेगा। पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स का मैच धर्मशाला में बृहस्पतिवार को होना है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर भारत के मिसाइल हमलों के बाद धर्मशाला हवाई अड्डे को अस्थायी तौर पर बंद कर दिया गया है।

## उजबेकिस्तान से दो अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच खेलेगी भारतीय महिला फुटबॉल टीम



**नयी दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम मई जून के विंडो में उजबेकिस्तान के खिलाफ दो फीफा अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उजबेकिस्तान के खिलाफ दो मैच 30 मई और तीन जून को बेंगलुरू के पादुकोण द्रविड़ खेल उत्कृष्टता केंद्र पर खेल जायेंगे। क्रिस्पिन छेत्री की कोचिंग वाली भारतीय टीम एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर्स की तैयारी कर रही है जिसके लिये शिविर बेंगलुरू में एक मई से शुरू हुआ। भारत को ग्रुप बी में रखा गया है जिसमें उसे मंगोलिनया (23 जून), तिमोर लेस्ते (29 जून), इराक ( दो जुलाई) और थाईलैंड ( पांच जुलाई) के साथ रखा गया है। भारत फीफा महिला रैंकिंग में 69वें स्थान पर है जबकि उजबेकिस्तान की रैंकिंग 50 है।

## चोटिल राणा की जगह लुआन राजस्थान टीम में

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** राजस्थान रॉयल्स ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाकी मैचों के लिए चोटिल नीतीश राणा के स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज लुआन ड्रे प्रीटोरियस को टीम में शामिल किया। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने अभी तक 33 टी20 मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने 911 रन बनाए हैं। उनका उच्चतम स्कोर 97 रन है जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में एसए20 फ्रेंचाइजी पार्ल रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए बनाया था। एसए20 में पार्ल फ्रेंचाइजी का स्वामित्व भी राजस्थान रॉयल्स के मालिकों के पास है। आईपीएल ने बयान में कहा, वह 30 लाख रुपये के आधार मूल्य पर राजस्थान रॉयल्स में शामिल होंगे। राणा ने इस सत्र में 161.94 की स्ट्राइक से 217 रन बनाए और उनका उच्चतम स्कोर 81 रहा। राजस्थान पहले ही प्ले-ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुका है।

### इटमा में नर्सरी का निर्माण

**सतना।** रामनगर विकासखंड में नवांकुर समिति बिहारी गौशाला समिति, इटमा द्वारा जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन एवं सहयोग से नर्सरी का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में नवांकुर संस्था के अध्यक्ष सुभाष पाण्डेय द्वारा बताया गया कि कार्यपालक निदेशक और जिला समन्वयक के मार्गदर्शन में समिति द्वारा दो हजार पौधों की नर्सरी लगाने का लक्ष्य लिया गया है।

### कर्मचारी चयन मंडल की परीक्षा दो परीक्षा केन्द्रों में 9 मई तक

**सतना।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा समूह 4 के अंतर्गत सहायक वर्ग-3, स्टेनो टायपिस्ट, शीघ्रलेखक व अन्य समकक्ष पदों की सीधी भर्ती वैकलांग हेतु संयुक्त परीक्षा 2024 सतना जिले के दो परीक्षा केन्द्रों मां मीरा कान्वेन्ट हायर सेकेन्डरी स्कूल एवं आदित्य कालेज आफटेक्नोलाजी आफ सतना में 7 मई से 9 मई तक दो पालियों में प्रातः 10,30 बजे से 12,30 बजे तक तथा द्वितीय पाली 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जा रही है।

# यातायात व्यवस्था सुधारने कलेक्टर ने किया शहर भ्रमण

## बैठक लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

जागरण, सतना

शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने और सुचारू सुगम्य यातायात के लिये कलेक्टर डॉ0 सतीश कुमार एस0 ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर पिछले हफ्ते भ्रमण के दौरान दिये गये निर्देशों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक के बाद सभी संबंधित अधिकारियों के साथ शहर भ्रमण के दौरान यातायात सुधार स्थल पर जाकर मौके का जायजा लिया। इस दौरान अपर कलेक्टर स्वनिल वानखे? नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना एएसपी शिवेश सिंह बघेल कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह एसडीएम राहुल सिलाडिया तहसीलदार सौरभ मिश्रा आरटीओ संजय श्रीवास्तव एसडीओ ब्रिज कॉरपोरेशन दिव्यानी सिंह नगर निगम के अतिक्रमण प्रभारी थाना प्रभारी यातायात भी उपस्थित रहे।



## कोठी तिराहा से सिविल लाइन चौक तक पैदल चलकर किया निरीक्षण

कलेक्टर शहर की यातायात व्यवस्था के मौके पर आंकलन के लिये अधिकारियों के साथ शहर भ्रमण पर निकले। उन्होंने सबसे पहले कोठी तिराहे, चित्रकूट रोड, बस स्थानक पर लगने वाले यातायात अवरोध के संबंध में मौका निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोठी तिराहे पर चित्रकूट की ओर जाने वाली बसों के कारण लगने वाले जाम से निजात के लिए बसो के रूकने के स्थानक को स?क किनारे रिक्त स्थान पर अन्दर की ओर करने के निर्देश दिये ताकि बसों के स्थानक पर ठहरने के दौरान कोठी तिराहे से चित्रकूट की ओर जाने वाले वाहनों का मार्ग सुचारू रूप से चलता रहे। उन्होंने इसके बाद सिविल लाइन में कोठी तिराहे से सिविल लाइन चौक तक पैदल भ्रमण कर सड़क पर सुचारू यातायात में आ रही बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिये। सिविल लाइन की इस सड़क पर सीवर रेस्टोरेशन कार्य के समतलीकरण और नाली की खुली जगह को ककर मोटेरेवल कराने के निर्देश नगर निगम कमिश्नर को दिये।

**बस स्टैंड का भी निरीक्षण :** कलेक्टर एवं अधिकारियों ने सेमरिया चौक के बस स्टैण्ड पहुंच कर वहां पूर्वी छोर से बसों की निकासी की संभावनाये भी तलाशी। बसों की निकासी के मुख्य सड़क पर सेमरिया की तरफ जाने वाले फ्लाई ओवर के नीचे डिवाइडर हटाकर बसों की आसान निकासी मुख्य सडक पर कराने के निर्देश दिये। इसके बाद कलेक्टर ने सतना शहर के मुख्य बाजार की पालिका बाजार इंदिरा मार्केट का निरीक्षण किया और अपने सामने सड़क की चौडाई की नाप कराकर नक्शे में मिलान कराया। यहां सड़क की चौड़ाई 50 फिट पाई गई। कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम को दुकानों के बाहर समान रखकर किये गये अतिक्रमण को हटाने और बाजार में बनाई जा रही नई सड़क को पूरी चौड़ाई में बनाने के निर्देश दिये। अस्पताल चौक से जिला अस्पताल के मुख्य गेट तक कलेक्टर और अधिकारियों ने पैदल भ्रमण कर आधी सड़क में निर्मित हो चुकी आरसीसी सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल की बाउण्ड्री और नवनिर्मित सीसी रोड़ के बीच में नालियों को ककर फुटपाथ अथवा वाइक पार्किंग के लिए स्थान निकाला जा सकता है। कलेक्टर ने इसके लिये कमिश्नर नगर निगम को विद्युत पोल शिफ्टिंग के साथ सुनियोजित प्लान भी बनाने के निर्देश दिये। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के बाद कलेक्टर डॉ0 सतीश कुमार एस0 द्वारा सतना शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने और सुचारू रूप से बनाये रखने नियमित मॉनीटरिंग हेतु संबंधित अधिकारियों की सप्ताहिक बैठक प्रति गुरूवार 10.30 बजे से ली जा रही है।

### साप्ताहिक बैठक में ये होंगे शामिल

बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों से पिछले सप्ताह की बैठक के निर्णय-निर्देशों के पालन की समीक्षा की जाती है। बैठक के बाद कलेक्टर सभी संबंधित अधिकारियों के साथ शहर का भ्रमण कर यातायात की व्यवस्था का मौके पर जायजा लेकर सुचारू यातायात के लिये आ रही कठिनाईयों एवं बाधाओं का निरीक्षण करते हैं। साप्ताहिक बैठक के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति में अपर कलेक्टर आयुक्त नगर निगम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसडीएम सिटी, डीएसपी ट्रेफिक आरटीओ तहसीलदार थाना प्रभारी यातायात और नगर निगम के अतिक्रमण अधिकारी को शामिल किया गया है। समिति के अधिकारियों के साथ कलेक्टर ने गुरूवार को कोठी तिराहे सिविल लाइन चौक बस स्टैण्ड सेमरिया चौक स्टेशन रोड़ और अस्पताल चौक के यातायात व्यवस्था का मौका निरीक्षण किया।

# विट्स के एलुमनाई आशीष पाल ने साझा किये अनुभव



**जागरण, सतना।** प्रदेश के अग्रणी शिक्षण संस्थान विट्स महाविद्यालय मे एमसीए संकाय के विद्यार्थी रहे एवं वर्तमान में इंजीनियरिंग इनोवेशन (रोबोटिक्स) में कार्यरत आशीष पाल ने अपने कार्पोरेट अनुभवों को बीसीए स्टूडेंट्स के साथ साझा किया। आशीष पाल ने बताया कि कि उन्होंने 2022 में विट्स कालेज सतना से एमसीए की पढाई पूरी की और अपने प्रोफेशनल कॅरियर की शुरुआत एंड्राइड डेवलपर के रुप में करते हुए आयो केयर (मेंटल हेल्थ केयर), नोवस सॉल्यूशन (कर्नाटक गोल्फ एसोसिएशन) जैसी कंपनियों में कार्य किया। विट्स कालेज में अपने अध्ययन के दौरान अनुभवों को साझा करते हुये उन्होंने कहा कि विद्यार्थियो को सैद्वांतिक ज्ञान के साथ-साथ प्रायोगिक ज्ञान पर फोकस करना चाहिये साथ ही एकेडमिक एक्टीवीज के साथ-साथ अन्य पाठ्य सहगामी क्रियाओं में भी सक्रिय होना चाहिये जिससे कि आपके पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट, एवं पब्लिक स्पीकिंग में भी सुधार होता है। चर्चा के दौरान उन्होने एंड्राइड डेवलपमेंट, आईओटी बेस्ड प्रोजेक्ट्स इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी साथ ही विभिन्न कम्पनियों में चयन प्रक्रिया के दौरान होने वाले टेक्निकल राउंड, इंटरव्यू के बारे में विस्तृत चर्चा की और छात्रों द्वारा पूंछे गये विभिन्न सवालों के जवाब दिये। इस अवसर पर कम्प्यूटर साईंस इंजीनियरिंग संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ के पी त्रिपाठी ने आशीष पाल का आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. पुष्पराज सिंह, प्रो. धीरज शुक्ला, प्रो. हर्ष सोनी समेत सभी प्राध्यापकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### नक्शा विहीन 16 गावों के नक्शे पोर्टल पर ऑनलाइन

**सतना।** कलेक्टर डॉ0 सतीश कुमार एस0 द्वारा प्रत्येक टी0एल0 और राजस्व अधिकारियों की बैठक में जिले के नक्शा विहीन गाँवों के नक्शा तैयार किये जाने की प्राथमिकता पूर्ण मॉनीटरिंग के फलस्वरूप जिले के 16 नक्शा विहीन गाँवों के नक्शे तैयार कर पोर्टल पर ऑनलाईन कर दिये गये। अब इन गाँवों के राजस्व संबंधी सभी कार्य आसानी से किये जा सकेंगे ।अधीक्षक भू-अभिलेख सतना द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सतना जिले में लम्बे अरसे से कुल 214 ग्रामों नक्शा विहीन अधिसूचित थे। जिसके अर्न्तगत भू-अभिलेख और राजस्व शाखा द्वारा एमपीएसईडीसी भोपाल से जिले को नक्शा विहीन ग्रामों के नक्शे स्कैन कर प्रेषित नक्शों का पटवारियों द्वारा भौतिक सत्यापन त्रुटियों में सुधार की कार्यवाही के साथ आयुक्त भू-अभिलेख ग्वालियर को एसएचपी फाइल भेजी गई थी। इसके उपरांत जिले के 16 नक्शा विहीन ग्रामों के नक्शे अब पोर्टल पर ऑनलाइन अपलो? कर दिये गये हैं। सतना जिले के इन 16 ग्रामों में तहसील कोटर के ग्राम फरहद 251 टिकुरी कोठी तहसील के ग्राम जमुनिहाई बैरगला खड़ौरी गुलुई नचनौरा मझगवां तहसील के महुरनिया नागौद तहसील के ग्राम अमसिल उजनेही बहेरवा रघुराजनगर तहसील के ग्राम भटपुरवा रामपुर बाघेलान तहसील के ग्राम पिथैपुर बरहा कोनिया धर्मपुरहान और उचेहरा तहसील के ग्राम जमुनिया खुर्द के नक्शे शामिल हैं।

# मैहर में धूमधाम से मनाया गया भगवान परसुराम प्रकटोत्सव



**अमदरा।** स्वामी सीता बल्लभशरण महराज बड़ा अखाड़ा के सानिध्य संरक्षण तथा मार्ग दर्शन में भगवान परशुराम का प्राकट्य उत्सव मैहर में धूमधाम से मनाया गया। उत्सव भारतीय ब्राह्मण कल्याण महासंघ मैहर के संयोजन मे सम्पन्न हुआ।इस उत्सव में जिले के वरेण्य सन्तों ब्राह्मण समाज के सभी वरिष्ठ और जनों का सहयोग प्राप्त हुआ इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों सनातन प्रेमियों व्यापारी भाइयों मीडिया के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने उत्सव की क्रिया विधि को अपनी लेखनी से सजाकर जन जन तक पहुंचाया उत्सव में शामिल झांकियां सन्त तथा प्रतिभा सम्मान आकर्षक और याद गार रहे। कार्यक्रम संयोजक राजललन मिश्रा का एवं देवेंद्र पाण्डेय अध्यक्ष के साथ मनोज तिवारी ने इस कार्यक्रम सजाने संवारने में सहयोगी रहे मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी विनय त्रिपाठी उपाध्यक्ष विष्णुधर उर्मालिया प्रभाकर मिश्रा मनीष तिवारी दिलीप त्रिपाठी रज्जन शुक्ला पारस तिवारी,जितेंद्र शुक्ला पी के मिश्रा शशि मिश्रा संदीप पाण्डेय जितेंद्र पाण्डेय दिनेश मिश्रा बबला मिश्रा राजू उर्मालिया हरीश चतुर्वेदी बालेंद्र त्रिपाठी,रविशंकर द्विवेदी रविकांत पांडे रवि पाण्डेय सोनावरी,शिशर शुक्ला दिगम्बर द्विवेदी राकेश शर्मा ओंकार तिवारी रमाकांत दुबे अमदरा सुरेश तिवारी एवं समस्त सर्व ब्राह्मण समाज सहित शोभा यात्रा में शामिल शासन प्रशासन सहित मैहर थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी संजय तिवारी एवं मैहर नगरपालिका सीएमओ सुषमा मिश्रा को भगवान परशुराम शोभा यात्रा सफल बनाने सभी सहयोगी जनों के प्रति ऋतज्ञता एवं आभार व्यक्त किया है। ब्राह्मण समाज के कुलभूषण सम्मान द्वारा सम्मानित जन जिनकी उपस्थित किसी कारण वश मंच पर नहीं हुई उनके घर घर जा कर भारतीय ब्राह्मण कल्याण महासंघ की टीम भगवान परशुराम के चित्र सहित सम्मान प्रदान करेगी समीपी ग्राम खेरवा कला निवासी मनोज तिवारी जी ने सभी का आभार जताया है।

# हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

## कोलगवां पुलिस ने कार्यवाही कर दबोचा
## न्यायालय ने भेजा जेल



**जागरण, सतना।** हवाई फायर कर आम जन के बीच दहशत फैलाने वाले आरोपी को कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया । यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी शिवेश सिंह सीएसपी महेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन पर कोलगंवा पुलिस द्वारा की गई है।

### ये है विवरण

विगत दिनो शोसल मीडिया में जन्मदिन की पार्टी में कट्टे से फायर करने का वीडियो वायरल हो रहा था जिसमें थाना कोलगंवा क्षेत्र का आदतन अपराधी बाबू परिहार एवं उसका एक साथी कट्टे से फायर करता दिख रहा था । वीडियो को संज्ञान में लेते हेतु टीम रवाना की गई।

### बाबू सिंह परिहार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई

जिस पर आरोपी ने बताया कि 3 मई को उसका जन्म दिन था जिसमें वह अपने मोहल्ले में अपने साथी करन चौधरी के साथ अपने जन्मदिन के अवसर पर रोड मे केक काटकर पार्टी मना रहा था। उसी दौरान मोहल्ले में वर्चस्व बनाने के लिये अपने बांए तरफ कमर में खोंसे 315 बोर का कट्टा जिसमे कारतूस लोड कर फायर किया था। इसके पूर्व 20 अप्रैल को जियो पेट्रोल पंप के पीछे अरविंद नगर मे भी इसी कट्टे से राज पटेल निवासी उतैली के साथ फायर किया था।

### आरोपी से 315 बोर का कट्टा व खाली कारतूस जब्त

आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद 315 बोर का देशी कट्टा व खाली कारतूस जप्त कर धारा 25-27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध किया गया हैं । आरोपी बाबू सिंह परिहार उर्फ शाहिल सिहं पिता सुनील सिंह परिहार उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बमुरइया थाना जसो जिला सतना हाल मथुरा सिंह बस्ती सिंधी कैंप थाना कोलगंवा व करन चौधरी उर्फ अन्नू पिता नरेश चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी मथुरा सिंह बस्ती थाना कोलगंवा को गिरफ्तार किया गया हैं।

**ये आरोपी गिरफ्तार :** बाबू सिंह परिहार उर्फ शाहिल सिहं पिता सुनील सिंह परिहार उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बमुरइया थाना जसो जिला सतना हाल मथुरा सिंह बस्ती सिंधी कैंप थाना कोलगंवा करन चौधरी उर्फ अन्नू पिता नरेश चौधरी उम्र 20 वर्ष निवासी मथुरा सिंह बस्ती थाना कोलगंवा को गिरफ्तार किया गया है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मैहर के बाबा तालाब घाट की सफाई



**जागरण, सतना।** कलेक्टर मैहर रानी वाटेड की उपस्थिति में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गुरूवार को बाबा तालाब मैहर में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, नवांकुर स्वैच्छिक संगठन मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम परामर्शदाता, बीएसडब्ल्यूएम एसडब्ल्यू की छात्राओं, नवांकुर संस्था प्रतिनिधियों, नगर पालिका परिषद के सफाई मित्रों तथा अधिकारी-कर्मचारियो के संयुक्त तत्वाधान में श्रमदान कर बाबा तालाब परिसर के घाट की सफाई की गई। साथ ही स्वच्छता का संदेश देते हुए समुदाय को आगे आकर जल स्रोतों की सफाई करने का संकल्प दिलाया गया। कलेक्टर रानी वाटड ने मैहर नगर के समस्त नागरिकों, व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल स्रोतों को स्वच्छ बनाने तथा हवन, पूजा-सामग्री एवं प्रतिमांए जल स्त्रोतों में ना फेंकने का संकल्प ले। 9 मई को प्रातः 8 बजे मैहर के बाबा तालाब से गरवधा तालाब तक रैली एवं श्रमदान का आयोजन किया जायेगा।

इस मौके पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुषमा मिश्रा नगर पालिका प्रतिनिधि संतोष सोनी जगन सिंह आकाश अग्रवाल अशरफ अली मनोज प्रजापति अतिक्रमण प्रभारी बालेंद्र पाण्डेय मदन चौरसिया सुदीप सिंह पार्षद पवन दुबे, नरेश चौधरी अजीत प्रजापति उपस्थित रहे।

# जिला कोषालय अधिकारी की रीवा स्थानांतरण पर दी गई विदाई

**सतना।** जिला कोषालय अधिकारी तोकानंद तेकाम का संभागीय पेंशन अधिकारी रीवा स्थानांतरण होने पर बुधवार को जिला कोषालय कार्यालय सतना में अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा विदाई दी गई। श्री तेकाम द्वारा 11 अक्टूबर 2023 को जिला कोषालय अधिकारी का कार्यभार ग्रहण किया गया था। श्री तेकाम के स्थान पर संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा रीवा से स्थानांतरण पर आये सुशील कुमार मिश्रा उपसंचालक द्वारा 7 मई 2025 को वरिष्ठ कोषालय अधिकारी एवं जिला पेंशन अधिकारी सतना का अतिरिक्त प्रभार का कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। श्री तोकानंद की विदाई अवसर सहायक कोषालय अधिकारी सतीष त्रिपाठी अरूण राकेश सुशील कुमार मिश्रा शशि शुक्ला मनीष तिवारी संगीता नामदेव लाल बिहारी सिंह सत्यप्रकाश मिश्रा विष्णु त्रिपाठी मनीष नामदेव धमेन्द्र श्रीवास्तव प्रियव्रत प्रभात राहुल विजय बंसल दिनेश फूलचंद सहित कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आदर्श उमावि का परीक्षा परिणाम अव्वल



**सतना।** रामपुर बघेलान में संचालित आदर्श उच्च मा वि रामपुर बघेलान में अध्ययनरत कक्षा 12 वी के छात्र प्रियांशु त्रिपाठी ने जेईई मेंस में 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की वही कक्षा 12 वी में गणित और विज्ञान विषय का परिक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा और कला समूह में 80 प्रतिशत रहा। कक्षा 10 वी का परीक्षा परिणाम 77 प्रतिशत रहा जिसमे सुधांशु पांडे 95 आकांक्षा सिंह 93 शनि प्रजापति 90 शिवम सिंह 90 वीना सिंह 87 शिवा विश्वकर्मा 85 प्रिंसी सिंह 84 प्रिया सिंह 83 निहारिका तिवारी 80 विशाल कोल 80 गीता प्रजापति 79 सौरभ सिंह 78 विकल्प सिंह 75 आदित्य सिंह 72 प्रतिशत के साथ सफलता अर्जित की। इस अवसर पर प्राचार्य रामचरित सिंह ने बच्चो को विद्यालय मे आमंत्रित कर मुंह मीठा कर माल्यार्पण करते हुए स्वगत वंदन अभिनंदन किया तथा बच्चो को मन लगाकर लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करते हुए अपने माता पिता और परिवार का नाम रोशन करे। इस उपलब्धि पर शिक्षक रामबली सिंह, प्रिंसी शुक्ला सुग्रीव प्रजापति पंकज सिंह माया वर्मा, प्रियंका कंचन मिश्रा अंकिता सिंह नीरज सिंह आदि ने बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।



















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com